# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, सोमवार 1 दिसंबर 2025





# अब लगेगी चौके-छक्कों की झड़ी, रोहित, विराट के साथ भारतीय-अफ्रीकी टीम आज पहुंचेगी रायपुर

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहीद वीर नारायण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम रायपुर में बुधवार को होने वाले दूसरे वनडे मैच के लिए टीम इंडिया और साउथ अफ्रीका की टीमें आज शाम करीब 4:30 बजे रांची से रायपुर पहुंचेंगी। एयरपोर्ट से दोनों टीमों को कड़ी सुरक्षा के बीच सीधा नया रायपुर स्थित मेफेयर होटल ले जाया जाएगा, जहां वे 3 दिसंबर तक ठहरेंगी। टीमें 2 दिसंबर को दोपहर में साउथ अफ्रीका और शाम को टीम इंडिया स्टेडियम में अभ्यास करेंगी। खिलाड़ियों की सुविधा के लिए मुंबई से विशेष लग्जरी बसें पहले ही रायपुर पहुंच चुकी हैं। दूसरी ओर स्टेडियम में वनडे मैच को लेकर तैयारियां अब अंतिम चरण में हैं। पिच का 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है, और बाकी का कार्य तेजी से किया जा रहा है। दर्शकों के बैठने की व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए टूटी कुर्सियों को बदला गया है। स्टेडियम में रंग-रोगन कर पूरे परिसर को नया लुक दिया गया है। ▶▶| शेष पेज 7 पर

## कल स्टेडियम में खिलाड़ी करेंगे अभ्यास, 3 को मैच, तीन रात रायपुर में रहेंगे दोनों टीमों के खिलाड़ी

### विदेशी खिलाड़ियों के लिए स्पेशल विदेशी डिश

*रायपुर में वनडे मैच को लेकर खिलाड़ियों की भोजन व्यवस्था भी खास की गई है। टीम इंडिया के लिए सभी राज्यों की डिशेज उपलब्ध रहेंगी, जिसमें छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजन भी शामिल होंगे। वहीं साउथ अफ्रीका के खिलाड़ियों के लिए* ▶▶| शेष पेज 7 पर



### कड़ी सुरक्षा, दर्शक खिलाड़ी तक नहीं पहुंच पाएंगे

पिछली बार हुए वनडे मैच के दौरान एक बच्चा सुरक्षा घेरा तोड़ते हुए रोहित शर्मा तक पहुंच गया था, जिसे बड़ी सुरक्षा चूक मानी गई। इस बार ऐसे हालात दोहराए न जाएं, इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त कर दिया गया है। स्टेडियम की जालियों की ऊंचाई बढ़ा दी गई है ताकि कोई भी दर्शक कूदकर मैदान में प्रवेश न कर सके। इसके अलावा पूरे मैदान के चारों ओर अतिरिक्त सुरक्षा गार्ड तैनात किए जाएंगे। स्टेडियम में पेन, पानी की बोतल, खाने-पीने की कोई भी वस्तु ले जाना मना होगा। मैच दोपहर 1 बजे से शुरू होगा, दर्शकों को सलाह दी गई है कि वे समय पर पहुंचे।

### विराट ने रचा इतिहास

*भारत ने साउथ अफ्रीका को 17 रनों से हराया*

*रांची। विराट कोहली के शानदार शतक के बाद कुलदीप यादव और हर्षित राणा की घातक गेंदबाजी के दम पर भारत ने रांची में खेले गए पहले वनडे मैच में साउथ अफ्रीका को 17 रन से हरा दिया। विराट कोहली ने कमाल कर दिया। रांची में विराट ने 120 गेंद में 135 रनों की रिकॉर्ड पारी खेली। इस दौरान किंग कोहली के बल्ले से 11 चौके और 7 छक्के निकले। विराट ने पुरुष वनडे क्रिकेट के इतिहास का 7000वां शतक लगाया, साथ ही किंग कोहली ने सचिन तेंदुलकर का एक बड़ा रिकॉर्ड भी तोड़ दिया।*


आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) | ₹95715/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) | ₹116900/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) | ₹127607/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

anand® Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply





## तीन दिवसीय डीजीपी-आईजी कांफ्रेंस का समापन, मोदी-शाह की मौजूदगी में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा

# सुरक्षित भारत के लिए रोडमैप पर मंथन, नक्सलमुक्त हो रहे बस्तर के विकास के लिए नए मॉडल पर जोर

*ऑल इंडिया डीजीपी-आईजी कांफ्रेंस के तीसरे और अंतिम दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में राष्ट्रीय सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श हुआ। इसी के साथ कांफ्रेंस का समापन हुआ। इस तीन दिनी कांफ्रेंस में विजन 2047 की दिशा में आगे बढ़ते हुए पुलिस व्यवस्था का दीर्घकालीक रोडमैप, आतंकवाद और कट्टरपंथ-निरोध सहित भारतीय भगोड़ों को वापस लाने की रणनीति संबंधी पहलुओं पर मंथन हुआ। साथ ही श्री मोदी ने पुलिस नेतृत्व से आह्वान किया कि वे विकासशील राष्ट्र की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए पुलिस व्यवस्था को फिर से व्यवस्थित करें, ताकि विकसित भारत बनने की राह पर साफ हो सके। कांफ्रेंस में नक्सलमुक्त हो रहे बस्तर के विकास के लिए नए मॉडल पर जोर दिया गया।*

### प्रधानमंत्री ने पुलिस के प्रति जनता की धारणा बदलने की जरूरत पर बल दिया

### पुलिस व्यवस्था को आधुनिक बनाने और इसमें सुधार का किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय प्रबंधन संस्थान, रायपुर में पुलिस महानिदेशकों/महानिरीक्षकों के 60वें अखिल भारतीय सम्मेलन में भाग लिया। तीन दिवसीय इस सम्मेलन का विषय 'विकसित भारतः सुरक्षा आयाम' था। प्रधानमंत्री ने खासकर युवाओं के बीच पुलिस के प्रति जनता की धारणा बदलने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा, इसके लिए दक्षता, संवेदनशीलता और जवाबदेही को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उन्होंने शहरी पुलिस व्यवस्था को मज़बूत करने, पर्यटक ▶▶| शेष पेज 7 पर

### खुफिया जानकारी प्राप्त करने एआई से जोड़े

*प्रधानमंत्री ने राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की पुलिस और व्यापक प्रशासन को निर्जन द्वीपों को एकीकृत करने के लिए नवीन रणनीति अपनाने पर जोर दिया। राष्ट्रीय खुफिया ग्रिड (नेटग्रिड) के अंतर्गत एकीकृत डेटाबेस का प्रभावी उपयोग करने और कार्रवाई योग्य खुफिया जानकारी प्राप्त करने के लिए इन प्रणालियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से जोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों को पुलिस जांच में फोरेंसिक के उपयोग पर केस स्टडी करने के लिए प्रोत्साहित करने का* ▶▶| शेष पेज 7 पर





### मोदी-शाह दिल्ली रवाना

डीजीपी-आईजी कांफ्रेंस के तीन दिन के समापन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री दिल्ली रवाना हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार शाम 5.30 बजे रायपुर से दिल्ली रवाना हुए। पीएम की रवानगी के दौरान एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, मंत्रिमंडल के सदस्य और निगम-मंडलों के अध्यक्ष मौजूद रहे। इसके पूर्व केंद्रीय मंत्री अमित शाह शाम ▶▶| शेष पेज 7 पर

### बस्तर का विकास रोडमैप तैयार

प्रधानमंत्री ने प्रतिबंधित संगठनों की नियमित निगरानी के लिए तंत्र स्थापित करने, वामपंथी उग्रवाद से मुक्त क्षेत्रों का समग्र विकास सुनिश्चित करने और तटीय सुरक्षा को मजबूत करने के लिए नवोन्मेषी मॉडल अपनाने के महत्व पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि नशीली दवाओं के दुरुपयोग से निपटने के लिए एक समग्र सरकारी दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जिसमें ▶▶| शेष पेज 7 पर

### खुफिया ब्यूरो के अफसर सम्मानित

प्रधानमंत्री ने खुफिया ब्यूरो के अधिकारियों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया। उन्होंने शहरी पुलिस व्यवस्था में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले तीन शहरों को भी पुरस्कार प्रदान किए। ▶▶| शेष पेज 7 पर

### 22 छात्रों से मोदी ने की पढ़ाई के साथ कॅरियर पर चर्चा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छात्रों से संवाद किया। नवा रायपुर स्थित एम-1 आवास में प्रदेश से आए केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय और अन्य स्कूलों के 22 चुनिंदा छात्रों को आमंत्रित किया गया था। शाम 5 बजे करीब 20 मिनट छात्रों से मुलाकात की। उन्होंने इन विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ-साथ कॅरियर को लेकर चर्चा की। पीएम श्री मोदी ने इन बच्चों को परीक्षा, पढ़ाई के संदर्भ में टिप्स दिए। 22 छात्रों में से 10 छात्र-छात्राएं छत्तीसगढ़ बोर्ड के तहत सरकारी स्कूलों के थे। चार बच्चे सीबीएसई बोर्ड के निजी स्कूलों से थे। 6 छात्र-छात्राएं नवोदय विद्यालय और केंद्रीय विद्यालयों से थे।

### डीजीपी कॉन्फ्रेंस में हुए निर्णय देश की आंतरिक सुरक्षा को देंगे नई मजबूती



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने डीजीपी कॉन्फ्रेंस के सफल आयोजन पर कहा कि छत्तीसगढ़ में आयोजित तीन दिवसीय डीजीपी कॉन्फ्रेंस का सफलतापूर्वक संपन्न होना राज्य के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है। इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय गृह राज्यमंत्री तथा देशभर के डीजीपी और सुरक्षा बलों के शीर्ष अधिकारियों की ▶▶| शेष पेज 7 पर

## खबर संक्षेप

### असम से 11 घुसपैठियों को वापस भेजा



**गुवाहाटी।** 11 घुसपैठियों को राज्य से वापस भेज दिया गया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि घुसपैठियों को श्रीभूमि जिले से वापस भेजा गया, जिसकी सीमा बांग्लादेश से लगती है। शर्मा ने बॉलीवुड की 'एक्शन थ्रिलर' फिल्म 'सिंघम' का संदर्भ दिया।

### दो एसयूवी की टक्कर में चार की मौत

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के भोपाल जिले में दो स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहनों (एसयूवी) की आमने-सामने की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। यह दुर्घटना यहां से 60 किलोमीटर दूर बैरसिया पुलिस थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात हुई। बैरसिया पुलिस थाने के प्रभारी वीरेंद्र कुमार सेन ने बताया कि सभी पीड़ित एक ही एसयूवी में सवार थे और वे श्योपुर जिले के रहने वाले थे।

### मशहूर कन्नड़ अभिनेता उमेश का निधन



**बेंगलुरु।** वरिष्ठ कन्नड़ अभिनेता 'मैसूर' श्रीकांतैया उमेश का 80 वर्ष की उम्र में लंबी बीमारी के बाद रविवार को निधन हो गया। अभिनेता काफी समय से कैंसर से पीड़ित थे और हाल ही में उन्हें एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उन्होंने अंतिम सांस ली।

### पारादीप बंदरगाह पर मालवाहक जहाज में आग

**पारादीप।** ओडिशा के पारादीप बंदरगाह पर खड़े एक मालवाहक जहाज में कोयला का लदान करते समय आग लग गई। यह आग देर रात 12.55 बजे लगी जब चेन्नई राधा बर्थ पर एक कन्वेयर बेल्ट के माध्यम से कोयले को इको कर्नल मोनोविया पर लादा जा रहा था। अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद जहाज को सीक्यू-2 बर्थ पर लाया गया और जहाज से कोयला निकाला गया तथा अग्निशमन कर्मियों ने गर्म कोयले पर पानी डाला।

### छत्तीसगढ़ में 65 लाख के 27 ईनामी सहित 37 माओवादियों ने छोड़े हथियार

# 'लाल आतंक' को फिर बड़ी चोट, 37 नक्सलियों ने किया सरेंडर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

65 लाख के 27 ईनामी सहित 37 माओवादियों ने रविवार को उप महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप, पुलिस उप महानिरीक्षक (परि) सीआरपीएफ राकेश चौधरी, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, कमाण्डेंट 111वीं वाहिनी गोपाल यादव, कमाण्डेंट 230वीं वाहिनी अनिल कुमार प्रसाद, कमांडेंट 80वीं वाहिनी जितेन्द्र कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन एवं उप कमांडेंट विमल के समक्ष डीआरजी कार्यालय में आत्मसमर्पण किया।

- शासन की नीति के तहत मिलेगी राशि और प्रशिक्षण

आत्मसमर्पित माओवादियों को पुनर्वास नीति के तहत 50 हजार की सहायता के साथ छत्तीसगढ़ ▶▶| शेष पेज 7 पर

### शांति और प्रगति का मार्ग अपना रहे

पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पट्टिलिंगम ने कहा कि पूना मारगेम पुनर्वास से पुनर्जीवन बस्तर में स्थायी शांति, गरिमा और समग्र प्रगति की दिशा में एक परिवर्तनकारी पहल के रूप में उभर रहा है। छग शासन की पूना मारगेम पर भरोसा जताते हुए माओवादी हिंसा का मार्ग छोड़कर शांति और प्रगति के मार्ग को अपना रहे हैं और समाज के मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं।

### माओवादियों से मुख्यधारा में लौटने की अपील

माओवादियों से यह अपील की गई है कि वे हिंसा का मार्ग त्यागें और समाज की मुख्यधारा से जुड़ें। अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को समझें और शांति, सद्भाव एवं पुनर्वास का मार्ग अपनाएं। हिंसा का मार्ग छोड़िए, शांति, पुनर्वास और सम्मान की राह अपनाकर अपने परिवार और बस्तर के हित में सहभागी बने।

### सूचना पर पहुंचे बीएमओ, प्रभारी को थमाया नोटिस

# स्वास्थ्य केंद्र में ताला, खुले में कराया महिला का प्रसव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिहारपुर

दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य अमले की लापरवाही से लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में ताला बंद होने के कारण प्रसव के लिए पहुंची एक महिला को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान गर्भवती को अत्याधिक पीड़ा होने पर परिजन ने स्वास्थ्य ▶▶| शेष पेज 7 पर

### बीएमओ को दी सूचना

इधर ग्रामीणों ने घटना की सूचना बीएमओ डॉ. बटी बैरागी को दी। वे तत्काल स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे एवं परिजन से मिलकर वस्तुस्थिति की जानकारी ली। उन्होंने लापरवाही पर स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी को फटकार लगाई तथा नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। बीएमओ डॉ. बैरागी ने बताया कि मामले में स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी की बड़ी लापरवाही सामने आई है। इस संबंध में जांच रिपोर्ट जिला स्वास्थ्य अधिकारी को भेजी गई है।

### सोनिया और राहुल की बढ़ी मुश्किलें

# नेशनल हेराल्ड केस में ईडी ने दर्ज करवाई नई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी की शिकायत पर कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। यह कार्रवाई एजेंसी की धन शोधन जांच का हिस्सा है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि पार्टी के शीर्ष नेताओं ने 'निजी लाभ' के लिए अपने पद का दुरुपयोग किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने तीन अक्टूबर को सोनिया गांधी, राहुल गांधी और सात अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज की थी। पुलिस ने प्राथमिकी में ▶▶| शेष पेज 7 पर



### कांग्रेस बोली - मामला पूरी तरफ फर्जी

इस बीच, कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि 'नेशनल हेराल्ड' का मामला पूरी तरह फर्जी है। आखिरकार न्याय की जीत होगी। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मोदी-शाह की जोड़ी कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ उत्पीड़न, धमकी और प्रतिशोध की अपनी राजनीति जारी रखे हुए है। जो लोग धमकी देते हैं वे स्वयं असुरक्षित और भयभीत होते हैं।

### क्या है आरोप

ईडी ने अपने आरोपपत्र में आरोप लगाया था कि कई प्रमुख राजनीतिक हस्तियों द्वारा एक 'आपराधिक साजिश' रची गई थी, जिसमें सोनिया गांधी, उनके सांसद पुत्र राहुल गांधी के अलावा दिवंगत कांग्रेस नेता मोतीलाल वोरा और ऑस्कर फर्नांडीस तथा दुबे, पित्रोदा और एक निजी कंपनी 'यंग इंडियन' शामिल हैं। इन पर एजेएल की 2,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की संपत्तियों के अधिग्रहण से संबंधित धन शोधन में संलिप्त होने का आरोप है।

## संसद का शीतकालीन सत्र आज से, सर्वदलीय बैठक में विपक्ष के तीखे तेवर

# सरकार लाएगी 14 बिल, एसआईआर पर लामबंद विपक्ष!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

संसद के शीतकालीन सत्र में सरकार असैन्य परमाणु क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने के प्रावधान वाले विधेयक के साथ सुधारों से जुड़े अपने एजेंडे को आगे बढ़ाएगी, जबकि विपक्ष 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का मुद्दा प्रमुखता से उठाने की तैयारी में है। संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत हंगामेदार रहने और इसमें गतिरोध पैदा होने के आसार रविवार को उस वक्त दिखाई दिए जब सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों ने एक सुर में यह मांग उठाई कि विशेष गहन पुनरीक्षण पर चर्चा कराई जानी ▶▶| शेष पेज 7 पर



### सबसे छोटा सत्र

शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू होकर 19 दिसंबर तक चलेगा। इस बार सत्र केवल 15 बैठकों का होगा, जो सामान्य तौर पर होने वाले 20 बैठकों के मुकाबले काफी कम है। विपक्ष ने सत्र को अपेक्षाकृत छोटा बताते हुए कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत और गहन चर्चा की मांग की है।

### सरकार संसदीय परंपराओं को दफना रही: गोगोई

सर्वदलीय बैठक के बाद कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जानबूझकर सत्र को छोटा कर रही है। उन्होंने कहा, कुल 19 दिन के सत्र में केवल 15 दिन चर्चा संभव है। शायद यह अब तक का सबसे छोटा शीतकालीन सत्र होगा।

### विपक्ष इन मुद्दों पर चर्चा चाहता है?

1. दिल्ली धमाके पर बहस- उन्होंने कहा कि यह सुरक्षा एजेंसियों की विफलता का संकेत है
2. लोकतांत्रिक सुरक्षा- मतदाता सूची, चुनाव सुरक्षा और एसआईआर प्रक्रिया की समीक्षा
3. स्वास्थ्य सुरक्षा- देशभर में बढ़ते प्रदूषण पर आपात चर्चा
4. आर्थिक सुरक्षा- महंगाई और रोजगार पर विस्तृत बहस
5. प्राकृतिक सुरक्षा- जलवायु संकट को लेकर चर्चा की मांग
6. विदेश नीति- विपक्ष का आरोप है कि भारत अपनी विदेश नीति दूसरे देशों की शर्तों पर चला रहा है

### लोकसभा और राज्यसभा के लिए 14 विधेयकों की लिस्ट तैयार

- जन विश्वास (संशोधन) विधेयक, 2025
- इनसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड (संशोधन) विधेयक, 2025 (आईबीसी)
- मणिपुर गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2025- अध्यादेश बदलने के लिए
- रीपीलिंग एंड अमेंडिंग बिल, 2025
- नेशनल हाइवेज (संशोधन) विधेयक, 2025
- एटॉमिक एनर्जी बिल, 2025
- कॉरपोरेट लॉज (संशोधन) बिल, 2025
- सिक्योरिटीज मार्केट्स कोड बिल (SMC), 2025
- इंश्योरेंस लॉज ▶▶| शेष पेज 7 पर



# अब भी 3 जिले के 214 गांव के ग्रामीण अंधेरे में जीने को मजबूर

आज कोई भी व्यक्ति बिजली के बगैर जिंदगी की कल्पना भी नहीं कर सकता है, लेकिन बस्तर संभाग के 3 जिले के लगभग 214 गांव ऐसे हैं, जहां लोग आज भी अंधेरे में जीने को मजबूर हैं। बिजली नहीं होने की वजह से बच्चों को पढ़ाई की समस्या होती है। ग्रामीणों के अनुसार बिजली ना होने की वजह से रात के समय कई बार लोग सर्पदंश का शिकार हो जाते हैं।

## पहुंचविहीन, दुर्गम, सर्वाधिक नक्सल प्रभावित होने से गांवों में नहीं पहुंची बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

विद्युत कंपनी के अनुसार ऐसे गांव हैं जो पहुंचविहीन दुर्गम सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने से वहां अब तक सड़क नहीं बन सकी। यही कारण है कि बिजली नहीं पहुंच सकी। इसमें से बस्तर जिले में सहित दंतेवाड़ा जिले में 11 एवं बीजापुर जिले में 203 गांव हैं, जहां बिजली नहीं है। इसमें से बीजापुर जिले के फरसनार, करपे, गर्तुल, अर्रेपल्ली, गुंडापुरी, गुंडनगुर, करकवाड़ा, चिपनपल्ली, जारागुड़ा, छोटेकाकलेर, चेरपल्ली, पिलूर, अन्नापुर, साफीमरका, भंडारपाल, नारायणपुर जिले के हिक्कोनार, टिरकानार, तुरुसमेटा, होड़नार, सुरेर्वाही, अंजरेल, टेमरूगांव, बोरानिरपी, कोडोनार आदि शामिल हैं। ऐसे गांव है जहां सड़क बनने से अविद्युतिकृत गांवों में बिजली पहुंचाई जा सकेगी, वहां इसका प्रयास किया जा रहा है। सड़क नहीं होने से ट्रकों से पोल, ट्रांसफार्मर गांव तक नहीं पहुंच पा रहा है।



### ज्यादातर सौर उर्जा प्लांट खराब और बिगड़े

ग्रामीणों ने बताया कि इसमें से कुछ गांव में सौर उर्जा प्लांट से रोशनी देने का प्रयास किया पर ज्यादातर खराब होने से ग्रामीण अंधेरे में रहते हैं। इसके चलते ग्रामीणों के पास मोबाइल नहीं है। मोबाइल को चार्ज करने के लिए बिजली की जरुरत होती है।

### गांवों का हो रहा विद्युतीकरण

विद्युत कंपनी जगदलपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता केवी मैथ्यू ने इस संबंध में बताया कि विभिन्न योजनाओं से ऐसे गांव में विद्युतीकरण कार्य किया जा रहा है। ज्यादा से ज्यादा गांव तक पहुंचने का प्रयास कर करेंगे।



## खबर संक्षेप

### ट्यूशन में बच्ची के साथ बेड टच, शिक्षक हुआ गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** शहर के एक ट्यूशन इंस्टीट्यूट शिक्षक द्वारा छात्रा को बुरी नीयत से छूने का मामला सामने आया है। छात्रा की शिकायत के बाद आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया है। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत संचालित एक ट्यूशन इंस्टीट्यूट में 16 वर्षीया छात्रा के साथ शिक्षक ने अश्लील हरकत की । यहां कॉमर्स के शिक्षक द्वारा उसे बुरी नीयत से छूआ गया । शिक्षक की हरकत को समझते हुए पीड़ित छात्रा ने तत्काल इसका विरोध किया और इसके खिलाफ जागरूकता दिखाते हुए मामले की कोतवाली थाने में शिकायत कर दी। मामला थाना तक पहुंचते ही कोतवाली पुलिस ने इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है।

### बालिका संप्रेक्षण गृह की दीवार फांदकर दो नाबालिग फरार

**राजनांदगांव।** शहर के बल्देवबाग स्थित बाल कल्याण समिति द्वारा संचालति बालिका गृह से दो नाबालिग फरार हो गई है। दोनों को 25 नवंबर को दुर्ग से लाया गया था, जिन्हें बालिका गृह में रखा गया था। मामले की शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस जांच में जुट गई है। बल्देवबाग में बाल कल्याण समिति द्वारा बालिका गृह का संचालन किया जाता है। जिसमें विभिन्न मामलों की पीड़ित बालिकाओं को आश्रय स्थल की तरह रखा जाता है। यहां उनकी काउंसलिंग भी होती है। जानकारी के मुताबिक 25 नवंबर को दुर्ग से एक 13 साल और दूसरी 15 साल की बालिका को यहां लाया गया। दोनों करीब चार दिन गृह में रही। इसी बीच शनिवार शाम 5.30 बजे दोनों मौका देखकर गृह की दीवार फांदकर भाग निकली। आसपास तलाश करने में भी उनका कुछ पता नहीं चला। इसके बाद बालिका गृह की काउंसलर ने कोतवाली थाना में शिकायत दर्ज कराई है। कोतवाली पुलिस की टीम बालिकाओं की पतासाजी में जुटी हुई है। पुलिस का कहना है कि नाबालिग बच्चियों की खोजने टीमें रवाना की गई है।

### सूने मकान से जेवरात नकद सहित लाखों पार

**महासमुंद।** शादी कार्यक्रम में गई महिला के घर पर ताला देख चोरों ने धावा बोल दिया। सूने मकान को निशान बनाकर समीपस्थ ग्राम बेमचा में अज्ञात चोरों ने तकरीबन 5 लाख रुपए की चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। इसमें सोने चांदी के जेवर और नगदी रकम शामिल है। कोतवाली पुलिस ने प्रार्थिया ममता चंद्राकर की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ 305 (ए), 331(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है। वार्ड 18 वर्धमान नगर इंदिरा कालोनी बेमचा निवासी ममता चंद्राकर ने पुलिस को बताया कि 26 नवंबर को वह अपनी बेटी सुभिक्षा के साथ शादी कार्यक्रम में बिरकोनी गई। घर में उसका बेटा प्रियांशु चंद्राकर था। 28 नवंबर की शाम करीब 06 बजे प्रियांशु भी बिरकोनी चला गया। जब 29 नवंबर को सुबह 07:20 बजे उसका बेटा ग्राम वापस घर आया तो घर का ताला टूटा व घर का सब सामान बिखरा मिला, जिसकी सूचना उसने फोन पर दी। सूचना पर प्रार्थिया अपनी बेटी के साथ बमेचा आई। उन्होंने देखा कि घर के बाहर का दरवाजा में लगा ताला खुला हुआ था।

### धर्म विशेष के लोगों ने प्रार्थना सभा के नाम पर जुटाई थी भीड़

# कवर्धा में धर्मांतरण के नाम पर फिर मचा बवाल, संगठन के लोग पहुंचे तो भागे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

लगातार की शिकवा शिकायतों और उस पर पुलिस प्रशासन की कार्रवाई के बाद भी जिले सहित जिला मुख्यालय कवर्धा में धर्मांतरण संबंधी संदिग्ध गतिविधियां थमने का नाम नहीं ले रही है। इसी कड़ी में रविवार को जिला मुख्यालय कवर्धा के रामनगर स्थित एक मकान में एक बार फिर ऐसी ही संदिग्ध गतिविधि सामने आई है। कवर्धा के रामनगर स्थित एक मकान में रविवार को संदिग्ध धार्मिक प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया था।

जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरूष तथा युवतियां शामिल थी। आरोप है कि इस संदिग्ध धार्मिक प्रार्थना सभा में लोगों को एक धर्म विशेष का प्रभाव व तथा कथित चमत्कार बताकर उन्हे प्रभावित किया जा रहा था। जिसकी जानकारी मिलने के बाद हिन्दू संगठनो से जुड़े लोगों ने मौके पर पहुंचकर इसकी जानकारी संदिग्ध धार्मिक प्रार्थना सभा के आयोजकों से लेनी चाही लेकिन बताया जाता है कि उन्होने किसी भी प्रकार की जानकारी देने से साफ इंकार कर दिया। बाद में इसकी जानकारी कवर्धा पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने ने आयोजन की गतिविधियों पर निगरानी शुरू कर दी है। पुलिस ने आयोजकों और उपस्थित लोगों से पूछताछ करते हुए बताया कि पूरी घटना की गंभीरता से जांच की जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हिन्दू संगठनो के मौके पर पहुंचते ही कार्यक्रम स्थल पर भारी अफरा-तफरी मच गई।

कई लोग अचानक पीछे के रास्तों से भागते देखे गए, जिससे आयोजन की प्रकृति और उद्देश्य को लेकर और भी सवाल उठ रहे हैं। बहरहाल पुलिस ने कार्यक्रम स्थल से कुछ सामग्री जब्त की है और मामले की जांच की जा रही है।

अलग खबर



### पहले भी सामने आ चुके ऐसे कई मामले

यहां बताना लाजिमी होगा कि गत 18 मई की दोपहर को भी कवर्धा शहर के आदर्श नगर के एक मकान में प्रार्थना सभा व झाड़ फूंक करने के नाम पर लोगों को एकत्र कर धर्मातरण के प्रयास किए जा रहे थे। जिसकी शिकायत पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्यवाही करते हुए आरोपी को भी गिरफ्तार किया था। लेकिन बावजूद इसके शहर में इस तरह की गतिविधियां थमने का नाम नहीं ले रही है जो निश्चित रूप से चिंता का विषय है।

### अनियमितता पर कड़ी कार्रवाई

# पीएम आवास में गड़बड़ी, मैनपुर ब्लॉक में 5 आवास मित्र, 1 रोजगार सहायक बर्खास्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

पीएम आवास के कार्य का प्रोग्रेस दिखाने मई महीने में की गई गड़बड़ी के खुलासे के बाद अब जिला प्रशासन हरकत में आ गया है। जिला पंचायत गरियाबंद सीईओ प्रखर चंद्राकर ने इस मामले को गंभीरता से लिया और 4 सदस्यीय जांच टीम ने देर रात तक पंचायतों में जाकर रिपोर्ट तैयार किया। अफसरों की टीम में पद्मिनी हरदेल, बुद्धेश्वर साहू, जितेंद्र पाठक और अजित शर्मा शामिल रहे। जांच रिपोर्ट के आधार पर जिला सीईओ के निर्देश के बाद मैनपुर जनपद सीईओ श्वेता वर्मा ने ग्राम पंचायत खजूर पदर के आवास मित्र नरोत्तम यादव, सरईपानी के धनेश्वर यादव, नवापारा के प्रमोद कुमार नागेश, बजाड़ी के दयानंद यादव, मूचबहाल के सत्यवान साहू और धोबनमाल पंचायत के रोजगार सहायक खीरसिंह बघेल को रविवार से सेवा से बर्खास्त कर दिया है। जियो टैगिंग तकनीकी सहायक के निरीक्षण में होता है, ऐसे में इन क्षेत्र में कार्यरत तकनीकी सहायक दीपक ध्रुव, अजित ध्रुव और प्रणय कुमार पर भी जवाबदेही तय कर नोटिस जारी किया गया है। चूंकि आवास के प्रगति को बढ़ा-चढ़ा कर बताया गया, कुछ में आवास भी दूसरे के पाए गए। क्रियान्वयन की जवाबदारी सरपंच सचिव की भी थी।

### संलिप्त सभी पर होगी कार्रवाई

गरियाबंद के जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर ने मामले को लेकर कहा कि गड़बड़ी पाई जाने पर 5 पंचायतों के आवास मित्र, 1 रोजगार सहायक को सेवा से बर्खास्त किया गया है। गड़बड़ी के लिए अन्य जवाबदार तकनीकी सहायक, सरपंच, सचिव की जवाबदारी तय की गई है, उनसे जवाब तलब किया गया है। जवाब संतोष प्रद नहीं मिलने पर संलिप्त सभी पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### अफसर बदलते ही बदला काम का तरीका

साल 2025 की शुरुआत से ही पीएम आवास सरकार की प्राथमिकता में आ गया। जिले में कुल 42 हजार आवास मिले साल खत्म होने से पहले इसे पूरा करने का लक्ष्य था मार्च महीने में बजट आबंटित होते ही शासन ने प्रगति रिपोर्ट मांगना शुरू किया। गरियाबंद रैंकिंग के 17 वे पायदान में था अप्रैल से लेकर जून महीने तक जियो टैगिंग कर प्रोग्रेस ऐसा दिखाया की जिला का रैंक दो पायदान ऊपर आ गया है। इस समय तक आवासों को कागजों में प्रगति दिखाया जाता था। जिला सीईओ बदलने के बाद कमान आईएसएस प्रखर चंद्राकर के हाथों आई। इस बदलाव के साथ काम का तरीका बदल गया। लेकिन हजारों की संख्या में बन रहे आवास के बीच आवास मित्र कुछ घरों के प्रगति को बोगस तरीके से दिखाते रहे।

# कर्मचारी के नामांकन से उत्तराधिकार का अधिकार नहीं मिलताः हाईकोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा है कि कर्मचारी के नामांकन से उत्तराधिकार का अधिकार नहीं मिलता। नामिनी सिर्फ राशि का अभिरक्षक होता है, मालिक नहीं। दरअसल दिवंगत महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता रंजनादेवी प्रधान के बैंक ऑफ इंडिया, मुंगेली शाखा में 15 लाख रुपए जमा था। उनकी मौत के बाद रकम पर दामाद राहुल ध्रुव और ससुर लल्लाराम दोनों ने दावा किया। ट्रायल कोर्ट ने नामांकन देखकर राशि दामाद को देने का आदेश दिया था, लेकिन अपील में जिला न्यायालय ने फैसला पलटते हुए कहा कि हिन्दू सक्सेशन एक्ट के तहत पति पक्ष के वारिसों को पहला अधिकार होता है, और लल्लाराम ससुर होने के नाते निकट संबंधी हैं। हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि, नामांकन से व्यक्ति का सिर्फ 'कस्टोडियन' का दर्जा बनता है, उत्तराधिकार का अधिकार नहीं मिलता। यही कानून बार-बार स्पष्ट किया जा चुका है। जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद ने अपीलीय अदालत का आदेश सही मानते हुए पुनरीक्षण याचिका को खारिज कर दिया। इसके साथ ही 15 लाख की राशि पर लल्लाराम का अधिकार सही माना गया है।

# महिला बीएलओ का बीपी बढ़ा, बेहोशी की हालत में कराया अस्पताल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तारबाहर स्थित आत्मानंद स्कूल में एसआईआर ड्यूटी कर रही महिला बीएलओ का अचानक बीपी बढ़ने एवं तबियत बिगड़ने से हड़कंप मच गया। महिला बीएलओ को तत्काल जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां आईसीयू में उनका इलाज किया जा रहा है।

तारबाहर क्षेत्र के आत्मानंद स्कूल में बीएलओ की ड्यूटी कर रहीं महिला कर्मचारी पी. गीता कृष्णन का रविवार को काम करते-करते अचानक बीपी हाई हो गया। तबियत बिगड़ता देख उन्हें आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि जब उन्हें अस्पताल लाया गया तब उनका बीपी 170 के करीब था। यहां अस्पताल स्टाफ के द्वारा इलाज करने के बाद उनका बीपी 125-85 के करीब आया। महिला कर्मचारी का इलाज जिला अस्पताल के आईसीयू में किया जा रहा है। बीएलओ के ड्यूटी के दौरान चक्कर खाकर गिरने पर आसपास के लोगों ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। इस दौरान लोगों ने प्रशासनिक अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। रविवार को छुट्टी का दिन होने के कारण जिला अस्पताल में भी डाक्टर और स्टाफ की मौजूदगी नहीं के बराबर थी। सुपरवाइजर को आपातकालीन कक्ष में ले जाया गया। बीपी हाई लेवल पर पहुंच गया था, डाक्टरों ने उनकी हालत देखते हुए तत्काल आईसीयू में शिफ्ट कराया। उनका बीपी सामान्य होने की जानकारी दी गई है।

### अस्पताल में इलाज जारी है

आंगनबाड़ी सुपरवाइजर महिला कर्मचारी बतौर बीएलओ कार्य कर रहीं थीं। बीपी बढ़ने के कारण तबियत बिगड़ने पर उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जब मैं मिलने पहुंचा तब उनका बीपी सामान्य अवस्था में आ चुका था। अस्पताल में उनका इलाज जारी है।

**मनीष साहू**, एसडीएम बिलासपुर

### विभाग से मिले हैं दो-दो नोटिस

महिला बीएलओ मूलतः आंगनबाड़ी सुपरवाईजर हैं, जिन्हें उनके परियोजना अधिकारी द्वारा 26 नवंबर एवं 27 नवंबर को नोटिस जारी किया गया है। पहले नोटिस में उन्हें मानदेय बनाने में विलंब को लेकर एवं दूसरे नोटिस में आंगनबाड़ी केंद्रों में एचटूआर वितरण में न्यून प्रगति को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इतना ही नहीं बल्कि परियोजना अधिकारी द्वारा शत प्रतिशत एचटूआर वितरण नहीं करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई थी। एसआईआर कार्यों में पहले से ही दबाव झेल रही महिला कर्मचारी को विभाग की ओर से दो-दो नोटिस एवं कार्रवाई की बात पर संभवतः तबियत खराब होना बताया जा रहा है।

### 1601 मंडलों और 666 बस्तियों में होंगे कार्यक्रम

# दिसंबर से जनवरी तक दो हजार स्थानों में होगा हिंदू सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



खास खबर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का यह शताब्दी वर्ष है। इसके लिए कई कार्यक्रम तय किए गए हैं। सबसे अहम हिंदू सम्मेलनों का आयोजन है। सबसे पहले प्रदेश में आरएसएस ने विजयादशमी से लेकर 15 अक्टूबर तक विजयादशमी पर्व मनाया। इसमें दो हजार स्थानों में पंथ संचलन का कार्यक्रम किया गया। नवंबर में घर-घर संपर्क अभियान चलाया गया। अब दिसंबर से लेकर जनवरी तक हिंदू सम्मेलन होंगे। इसमें आरएसएस के 1601 मंडल और शहरी क्षेत्रों की 666 बस्तियां शामिल हैं। इन सम्मेलनों में साधु, संतों के साथ समाज के प्रमुखों का मार्गदर्शन मिलेगा। इसी के साथ सालभर लगातार कार्यक्रम होंगे। आरएसएस ने अपने शताब्दी वर्ष में सालभर के लिए कार्यक्रम तय किए हैं। इसका आगाज विजयादशमी से किया गया। विजयादशमी पर आरएसएस हमेशा से पथ संचलन का आयोजन करता है। इस बार 2 अक्टूबर को विजयादशमी से लेकर 15 अक्टूबर तक प्रदेश में दो हजार स्थानों पर पथ संचलन का कार्यक्रम किया गया। इसके बाद नवंबर में घर-घर संपर्क अभियान चलाया गया। प्रदेश के हर गांव के हिंदू परिवारों के घरों तक स्वयंसेवक गए और उनको आरएसएस के सौ सालों में किए गए कार्यों के बारे में जानकारी दी गई। लोगों को संघ का साहित्य भी वितरित किया गया। सबसे अहम सभी घरों में भारत माता की तस्वीर दी गई। कार्यक्रमों की कड़ी में जनवरी में युवाओं के लिए युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन 221 स्थानों पर होगा। इसमें 152 खंड और 69 नगर शामिल हैं। इसमें युवाओं की समस्याओं को भी जानने के साथ उनका निदान कैसे हो, इस पर भी चर्चा होगी। इसके अलावा मार्च में एक अलग तरह का आयोजन प्रमुख जन गोष्ठी होगी। इसमें अलग-अलग वर्गों के प्रमुख शामिल होंगे।

### समाज को संगठित करने हिंदू सम्मेलन

आरएसएस ने हिंदू समाज को संगठित करने के लिए ही देशभर में हिंदू सम्मेलन आयोजित करने का फैसला किया है। छत्तीसगढ़ में आरएसएस के 1601 मंडल हैं। ये मंडल प्रदेश के 19 हजार से ज्यादा गांवों को मिलाकर बनाए गए हैं। अब हर मंडल में हिंदू सम्मेलन होंगे। शहरी क्षेत्रों में 666 बस्तियों में भी हिंदू सम्मेलन होंगे। प्रांत संघचालक टोपलाल वर्मा ने बताया, हिंदू सम्मेलन करने का मकसद समाज को संगठित करना है। सम्मेलन में साधु, संतों के साथ विभिन्न समाज से जुड़े लोग भी शामिल होंगे। इसमें इनका मार्गदर्शन मिलेगा। 10 दिसंबर से लेकर जनवरी में मकर संक्रांति तक यह कार्यक्रम चलेगा। दिसंबर से लेकर जनवरी तक हिंदू सम्मेलन का आयोजन होगा। जनवरी में युवा महोत्सव भी होगा। इनमें हमारे प्रदेश स्तर के स्वयंसेवक और पदाधिकारी तो शामिल होंगे ही, साथ ही राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी भी आएंगे।




रायपुर

रायपुर, सोमवार 1 दिसंबर 2025

अगहन शुक्ल पक्ष एकादशी

वर्ष : 24, अंक : 133

पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम

अधि. 27.2

न्यून. 14.0

haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

# चूहों के हमले से पक्षियों की मौत, घबराए सफारी प्रबंधन ने आनन-फानन में 38 पक्षियों को शिफ्ट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि लगातार

नंदनवन पक्षी विहार में चूहों के हमले से पक्षियों की लगातार हो रही मौत की खबर हरिभूमि में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद वन महकमे में हड़कंप मच गया। ऐसे में सफारी प्रबंधन आनन-फानन में रविवार को बगैर किसी शासकीय आदेश के पक्षियों को नंदनवन से जंगल सफारी शिफ्ट करने लगा। पक्षियों की गलत तरीके से चोरी-छिपे शिफ्टिंग से नाराज ग्रामीणों ने पक्षी चोरी की आमानाका थाने में शिकायत दर्ज कराई है। आमानाका पुलिस ने शिकायत मिलने की पुष्टि की है। नंदवन पक्षी विहार में पक्षियों का दाना चट कर रहे चूहे ▶▶|शेष पेज 7 पर


### सरपंच बोले- हड़बड़ी में ले गए 38 पक्षी

हथबंद के सरपंच ताजूराम निषाद के अनुसार, जंगल सफारी के डॉक्टर समेत कुछ अन्य कर्मचारी रविवार को दोपहर 12 बजे के करीब नंदनवन पहुंचे और वहां बाड़े में विचरण कर रहे 38 पक्षियों को छोटे पिंजरे में बंद कर बोलेरो कार से ले गए। सरपंच के अनुसार, जब ग्रामीण जंगल सफारी के डायरेक्टर से बात कर रहे थे। इस दौरान डॉक्टर तथा सफारी प्रबंधन से जुड़े अन्य कर्मचारी आनन-फानन में पक्षियों को पिंजरे में कैद कर जंगल सफारी ले गए।

### ग्रामीणों ने डॉक्टर के खिलाफ आमानाका थाने में पक्षी चोरी की लिखित शिकायत दर्ज कराई




हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद हरकत में आया सफारी प्रबंधन





### अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी को

# छत्तीसगढ़ समेत 12 राज्यों में अब 11 तक एसआईआर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग ने नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के पूरे कार्यक्रम को रविवार को एक सप्ताह के लिए बढ़ा दिया। आयोग ने यह कदम विपक्षी दलों के इन आरोपों के बीच उठाया कि 'कम समय-सीमा' लोगों और जमीनी स्तर के चुनाव अधिकारियों के लिए समस्याएं पैदा कर रही है। निर्वाचन आयोग ने एक बयान में कहा कि गणना प्रपत्र वितरण अब चार दिसंबर के बजाय 11 दिसंबर तक जारी रहेगा।

### करीब 51 करोड़ मतदाता

निर्वाचन आयोग ने 27 अक्टूबर को इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर की घोषणा की थी। लगभग 51 करोड़ मतदाता इस कवायद के दायरे में आएंगे। ये राज्य और केंद्र शासित प्रदेश हैं - अंडमान निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्यप्रदेश, पुडुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल।

# सरकार के दो साल पूरे होने पर 22 दिसंबर को भव्य आयोजन रायपुर से बाहर जांजगीर में संभव

## सत्ता और संगठन ने तैयारियां शुरू कीं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा करेंगे शिरकत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के दो साल पूरे होने वाले हैं। इस अवसर पर 22 दिसंबर को प्रदेश सरकार के साथ ही प्रदेश का भाजपा संगठन सरकार के दो साल पूरे होने पर भव्य आयोजन करने की तैयारी में जुटा है। यह बड़ा आयोजन राजधानी रायपुर से बाहर करने की योजना बनी है। इसके लिए पहला संभावित स्थान जांजगीर-चांपा है। इस आयोजन में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा आएंगे।

सूत्रों के अनुसार इस आयोजन को इस बार रायपुर में न करके रायपुर से बाहर करने की तैयारी है। सत्ता और संगठन का मानना है कि रायपुर में नियमित रूप से आयोजन हो रहे हैं। ऐसे में प्रदेश के किसी दूसरे जिले में सरकार के दूसरे साल का जश्न मनाया जाना चाहिए। इससे पहले मैनपाट में भाजपा सरकार के मंत्रियों के साथ विधायक और सांसदों का बड़ा प्रशिक्षण वर्ग आयोजत किया गया था। कई बड़े आयोजन प्रदेश सरकार दूसरे जिलों में कर रही है।

### नड्डा का भी प्रदेश से विशेष लगाव

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का छत्तीसगढ़ से विशेष लगाव है, वे छत्तीसगढ़ के भाजपा के प्रदेश प्रभारी भी रह चुके हैं। उनका भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद छत्तीसगढ़ लगातार आना हो रहा है। भाजपा के सदस्यता अभियान के समय श्री नड्डा ने छत्तीसगढ़ में सदस्यता अभियान की रफ्तार को देखते हुए 50 लाख के लक्ष्य को 60 लाख कर दिया था। अब वे एक बार फिर से छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के दो साल पूरे होने पर आ रहे हैं। इस आयोजन में प्रदेश मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ ही पूरे मंत्रिमंडल के भी शामिल होने की संभावना है।

### केंद्र सरकार का विशेष ध्यान, छत्तीसगढ़ को मिल रही है तवज्जो

*छत्तीसगढ़ में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के साथ ही केंद्र सरकार का विशेष ध्यान है। इसका बड़ा सबूत है कि राज्य स्थापना दिवस पर यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आए थे। इसी के साथ श्री मोदी एक माह में ही यहां पर दो बार आए। वे 28 से 30 नवंबर तीन दिनों तक यहां पर डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस में रहे। इस कांफ्रेंस में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी शामिल हुए। इसी के साथ नवंबर में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू भी अंबिकापुर आईं। केंद्रीय मंत्री अमित शाह लगातार छत्तीसगढ़ आते रहे हैं। उनकी रणनीति के तहत ही अब छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद भी समाप्त होने वाला है। इसी के साथ लगातार कई केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं का भी छत्तीसगढ़ आना हो रहा है।*

### चक्रवात का कहर, तीन राज्यों में अलर्ट, छत्तीसगढ़ में छाए रहे बादल

# दितवाह की एंट्री, तमिलनाडु-पुडुचेरी में भारी बारिश, ढह गए कई आशियाने, तीन की मौत

*साइक्लोन दितवाह की पुडुचेरी में एंट्री हो गई है। जैसे ही चक्रवात ने दस्तक दी, वैसे ही पुडुचेरी पोर्ट पर तूफान की चेतावनी का झंडा नंबर पांच फहरा दिया गया। तमिलनाडु में भारी बारिश की वजह से भारी क्षति हुई है। कच्चे मकान ढह गए। तूतीकोरिन और तंजावुर में रविवार को दीवार गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। मयिलादुथुराई में करंट लगने से 20 साल के युवक की जान चली गई, वहीं 150 से अधिक जानवरों की मौत की खबर है। आंध्रप्रदेश के तटीय इलाकों में भी भारी बारिश से जनजीवन बेहाल है। इधर, श्रीलंका में चक्रवात ने भारी तबाही मचाई, यहां अब तक 212 लोगों की मौत हो चुकी है और 218 लोग लापता हैं।*

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

चक्रवात 'दितवाह' के प्रभाव से तमिलनाडु के कई हिस्सों में भारी बारिश जारी है जबकि वर्षा से जुड़ी घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। मौसम कार्यालय ने कहा कि अगले 24 घंटों में चक्रवात के राज्य के उत्तरी हिस्सों के तटों और पड़ोसी पुडुचेरी के समानांतर बढ़ने की संभावना है। तमिलनाडु के कावेरी डेल्टा जिलों में भारी बारिश के कारण रामनाथपुरम और नागपट्टिनम जिलों में भारी बारिश हुई है। तटीय शहरों रामेश्वरम और नागपट्टिनम में जनजीवन प्रभावित रहा क्योंकि भारी बारिश के कारण कई निचले इलाके जलमग्न हो गए। क्षेत्रीय मौसम विभाग के नवीनतम बुलेटिन के अनुसार, चक्रवात 7 किमी प्रति घंटे की गति से लगभग उत्तर की ओर बढ़ गया है और यह कुड्डालोर से लगभग 100 किलोमीटर ▶▶|शेष पेज 7 पर

- आंध्रप्रदेश के तटीय इलाकों में भी जनजीवन बेहाल

### श्रीलंका में भारी तबाही, अब तक 212 से अधिक की गई जान

### अगले 24 घंटे अहम

*निजी मौसम ब्लॉगरों ने कहा कि चक्रवात कमजोर होकर गहरे अवदाब वाले क्षेत्र में बदल जाएगा। मयिलादुथुराई में पिछले 24 घंटों में 140-220 मिमी भारी बारिश दर्ज की गई। एक अन्य निजी ब्लॉगर ने कहा, चक्रवात और कमजोर होकर गहरे अवदाब वाले क्षेत्र में बदल जाएगा और फिर उत्तर की ओर बढ़ जाएगा। उम्मीद है कि यह चक्रवात एक और दिन समुद्र के ऊपर बना रहेगा और चेन्नई तट से टकराये बिना ही प्रभावहीन हो जाएगा।*

**150** से अधिक जानवरों की मौत

**38** आपदा प्रतिक्रिया टीम की मुस्तैद

**54** उड़ानें तमिलनाडु से हुईं रद्द

**234** से अधिक झोपड़ियों को नुकसान



### ट्रेनों का रूट बदला कुछ उड़ानें रद्द

तमिलनाडु में भारी बारिश से जनजीवन पर गहरा असर पड़ा है। यहां 14 एनडीआरएफ की टीमें तैनात हैं। पुणे और वडोदरा से 10 और टीमें चेन्नई भेजी गईं। रामेश्वरम-चेन्नई सेक्टर में 11 ट्रेनों का रूट बदला गया है।

### टीमें तैनात स्कूलों में छुट्टी

3 दिसंबर तक आंध प्रदेश के कुछ हिस्सों में तेज बारिश होने का अनुमान है। पुडुचेरी में साइक्लोन से निपटने के लिए 2 एनडीआरएफ टीम तैनात की गईं।

### श्रीलंका में तबाही भारत की मदद से बचाव अभियान जारी

इधर, श्रीलंका ने चक्रवात 'दित्वा' के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन से हुई तबाही और 200 से अधिक लोगों की मौत के बाद रविवार को भारत की सहायता से राहत और बचाव कार्य जारी रखा। श्रीलंका के आपदा प्रबंधन केंद्र की ओर से रविवार शाम चार बजे जारी किए गए ताजा आंकड़ों के अनुसार, गुरुवार से अब तक 212 लोगों की मौत हो चुकी है और 218 लोग लापता हैं। डीएमसी ने बताया कि 9,98,918 लोग प्रभावित हुए हैं। इस बीच, भारत के राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और भारतीय वायुसेना के कर्मी लोगों की जान बचाने में श्रीलंकाई अधिकारियों की सहायता के लिए युद्धस्तर पर काम कर रहे हैं।



## खबर संक्षेप

### आसानी से अपडेट होगा आधार ऑनलाइन बैंकिंग के नए नियम

**नई दिल्ली।** हर महीने आपके पैसों से जुड़े कुछ जरूरी बदलाव होते हैं। इन बदलावों का सीधा असर लोगों की जेब पर पड़ता है। नए बदलाव 1 दिसंबर से ही लागू हो जाएंगे। यूआईडीएआई ने घोषणा की है कि नागरिक घर बैठे ही अपना मोबाइल नंबर अपडेट कर सकेंगे। उन्हें इसके लिए आधार केंद्र जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### कंटेनर से टकराई कार भाई-बहन की मौत

**भदोही।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले के औराई क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर एक तेज रफ्तार कार के कंटेनर से टकरा जाने के कारण कार में सवार भाई-बहन की मौके पर ही मौत हो गई। तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। वाराणसी जिले के गिलट बाजार निवासी विनय श्रीवास्तव (35) अपनी पत्नी श्रेया (28), बहन श्वेता (44), सीमा देवी (45) और उसके 10 वर्षीय बेटे जयेश को लेकर प्रयागराज जा रहा था।

### नेपाल में 4.4 तीव्रता का भूकंप

**काठमांडू।** नेपाल के सुदूर पश्चिम प्रांत के बझांग जिले में रविवार को 4.4 तीव्रता का भूकंप आया। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप से किसी भी तरह के नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है। स्थानीय समयानुसार अपराह्न 12:09 बजे आए भूकंप का केंद्र बझांग जिले में साइपाल पर्वत था।

## पीएम मोदी से सपरिवार मिले सीएम साय



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में आयोजित 60वें डीजीपी–आईजी कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने परिवार सहित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट की। इस मुलाकात को लेकर सीएम साय सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि 'सत्पुरुषसंसर्गो हि कृतार्थयति जीवनम्'। सीएम विष्णुदेव साय आगे लिखा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की हमारे परिवारजनों से हुई मुलाकात जीवन भर याद रहने वाला प्रेरक अनुभव है। अपने व्यस्त कार्यक्रम के बीच जिस आत्मीयता से मोदीजी ने सबका हालचाल पूछा, बच्चों से सहज होकर बात की और आशीर्वाद दिया, वह अविस्मरणीय है। माननीय प्रधानमंत्री के छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान परिवार की तीन पीढ़ियों को एक साथ उनके सान्निध्य में बैठने का अवसर मिला, यह हमारे लिए भावुक कर देने वाला क्षण था। इस गरिमामय और आत्मीय भेंट के लिए प्रधानमंत्री जी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं।

## डॉ. रमन ने परिवार के साथ पीएम से की मुलाकात



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने भी अपने पूरे परिवार के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। डॉ. रमन ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, धन्यवाद माननीय प्रधानमंत्री जी। आज स्पीकर हाउस, नया रायपुर में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के साथ सपरिवार आत्मीय मुलाकात की। इस भेंट के दौरान पूरे परिवार और विशेषकर परिवार के बच्चों के साथ आदरणीय मोदी जी की तन्मयता और स्नेह से सभी अनुग्रहित हैं। अपने व्यस्ततम कार्यक्रम से समय निकालकर परिवार से मिलने के लिए मैं हृदय से श्री मोदी जी का आभार प्रकट करता हूं।

### भीषण हादसे में 40 घायल

# दो बसों की आमने-सामने की टक्कर, 11 यात्रियों की मौत



एजेंसी ▶▶| शिवगंगा

तमिलनाडु के शिवगंगा जिले में रविवार को दो बसों के आमने-सामने जोरदार टक्कर में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और करीब 40 लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, यह दर्दनाक हादसा तिरुप्पत्तूर के पास कुम्मानगुडी रोड पर हुआ। मृतकों में एक बच्चा भी शामिल है। एक बस तिरुप्पुर से कराईकुड़ी जा रही थी, जबकि दूसरी बस कराईकुड़ी से दिन्दिगुल की ओर जा रही थी।

शिवगंगा जिले के पुलिस अधीक्षक शिव प्रसाद ने दुर्घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि टक्कर की सूचना मिलते ही मौके पर राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई और पुलिसकर्मी तथा स्थानीय लोग घायलों को बचाने के लिए दौड़ पड़े।

### बस ने ऑटो को रौंदा, एक ही परिवार के छह की मौत

**मुरादाबाद।** दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर एक भीषण सड़क दुर्घटना में शादी समारोह में जा रहे एक ही परिवार के छह लोग काल के गाल में समा गए। मेरठ डिपो की एक अनियंत्रित रोडवेज बस ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। इस हादसे में छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह दर्दनाक घटना तब हुई जब कुंदरकी क्षेत्र के अब्दुल्लापुर गांव निवासी संजू, सीमा पत्नी करन सिंह, आरती पुत्री मुरारी, अभय पुत्र ओमवीर, सुमन पत्नी हरदीप और करन सिंह की एक अन्य पुत्री, संजू के ऑटो में सवार होकर कटघर क्षेत्र के रफतापुर गांव में भात (शादी की रस्म) लेकर जा रहे थे।

### बसों के आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि टक्कर के कारण दोनों वाहनों का आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में कई यात्रियों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। पुलिस के अनुसार, हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत शिवगंगा जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने बताया कि कई घायलों की स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है।

### एक प्यार ऐसा भी...प्रेमिका बोली- मेरा आशिक मरकर भी जीत गया

# पिता ने प्रेमी को मार डाला, तो बेटी ने 'शव' से की शादी!

एजेंसी ▶▶| नांदेड़

महाराष्ट्र के नांदेड में एक ऐसी घटना सामने आई है जिसने पूरे शहर को भीतर तक झकझोर दिया। यहां 21 वर्षीय युवती ने अपने पिता और दो भाइयों द्वारा उसके प्रेमी की कथित रूप से हत्या किए जाने के बाद अपने प्रेमी के शव से ही 'विवाह' कर लिया। आंचल मामिडवार के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं, जिसमें वह अपने प्रेमी के घर में उसके शव से 'विवाह' करती नजर आ रही है और हत्या के लिए अपने परिजन को फांसी दिए जाने की मांग कर रही है। पुलिस के अनुसार, आंचल का प्रेमी सक्षम ताटे (20) गुरुवार शाम पुराने गंज क्षेत्र में अपने मित्रों के साथ खड़ा था।

### पहले मारी गोलियां, फिर सिर पर भारी पत्थर

पुलिस के अनुसार, 20 वर्षीय सक्षम ताटे की हत्या उसकी प्रेमिका आंचल मामिडवार के पिता और भाइयों ने मिलकर की। गुरुवार शाम सक्षम को पहले तीन गोलियां मारी गईं, फिर उसके सिर पर भारी पत्थर मारकर उसे मौत के घाट उतार दिया गया। पुलिस के अनुसार, सक्षम और मुख्य आरोपी हिमेश दोनों की आपराधिक पृष्ठभूमि है और कभी वे घनिष्ठ मित्र थे। उसने बताया कि मामिडवार परिवार आंचल और सक्षम के रिश्ते का विरोध कर रहा था लेकिन दोनों ने संबंध समाप्त करने से इनकार कर दिया जिसके बाद सक्षम की हत्या की गई तथा यह नाटकीय 'विवाह' हुआ।





### छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज

इटवारा थाने के अधिकारी के मुताबिक, मामले में छह लोगों के खिलाफ हत्या, अवैध रूप से एकत्र होने, दंगा करने और अन्य अपराधों के आरोप में भारतीय न्याय संहिता, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अधिनियम और शस्त्र कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### जाति अलग होने से रिश्ते के खिलाफ था परिवार

आंचल ने कहा, मैं पिछले तीन साल से सक्षम से प्रेम करती थी लेकिन जाति अलग होने के कारण मेरे पिता हमारे रिश्ते के खिलाफ थे। मेरा परिवार अक्सर सक्षम को जान से मारने की धमकी देता था और अब मेरे पिता एवं भाइयों हिमेश और साहिल ने उसे मार डाला। मैं न्याय चाहती हूं। मैं चाहती हूं कि आरोपियों को फांसी दी जाए। उसने कहा कि अब उसका सक्षम के घर में ही रहने का इरादा है।

# मोदी ने खोला राज- मंगल ग्रह पर बिना जीपीएस कैसे उड़ा ड्रोन...?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 128वें एपिसोड में संबोधित किया। पीएम ने इसरो की एक अनोखी ड्रोन प्रतियोगिता का जिक्र किया। उन्होंने मंगल ग्रह जैसी कठिन परिस्थितियों में ड्रोन उड़ाने वाले युवाओं की तारीफ की। पीएम ने पुणे के युवाओं की खास तारीफ की। उन्होंने कहा कि जेन-जेड मंगल ग्रह जैसी चुनौतियों का डटकर सामना कर रही है।इसके अलावा उन्होंने कृषि और खेल जगत की उपलब्धियों को भी साझा किया। इसके साथ ही उन्होंने अपनी कुरुक्षेत्र यात्रा और सऊदी अरब में गीता पाठ का जिक्र किया।

### मंगल ग्रह जैसी चुनौती और युवा

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो की बात की। इसमें देश के जेन-जी युवा मंगल ग्रह जैसी स्थितियों में ड्रोन उड़ा रहे थे। वहां जीपीएस की कोई सुविधा नहीं होती है। ड्रोन को अपने कैमरे और सॉफ्टवेयर के दम पर ही उड़ना था। पुणे की एक टीम ने इस मुश्किल काम को कर दिखाया। उनका ड्रोन बिना बाहरी मदद के उड़ने में कामयाब रहा।



### ब्लाइंड एवं महिला क्रिकेट टीम ने रचा इतिहास

पीएम ने भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम और महिला क्रिकेट टीम की जीत पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि दोनों ही टीमों ने वर्ल्ड कप जीतकर देश का सिर ऊंचा किया है। खास बात यह है कि ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने एक भी मैच नहीं हारा। उन्होंनें कहा कि क्रिकेटरों के जुनून ने वर्ल्ड कप के खिताब पर भारत का कब्जा करवाया। ज्ञात हो कि पीएम ने खिलाड़ियों से अपने आवास पर मुलाकात भी की। उन्होंने कहा कि यह जीत हर भारतीय को प्रेरित करती रहेगी।

**खेती में तोड़े पुराने रिकॉर्ड :** प्रधानमंत्री मोदी ने देश के किसानों की जमकर तारीफ की। भारत ने खाद्यान्न उत्पादन में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। देश में कुल 357 मिलियन टन अनाज का उत्पादन हुआ है। यह आंकड़ा दस साल पहले के मुकाबले 100 मिलियन टन ज्यादा है। कृषि क्षेत्र में यह एक बड़ी क्रांति है।

### रक्षा और स्पेस सेक्टर में नई उड़ान

पीएम ने हैदराबाद में दुनिया की सबसे बड़ी लीप इंजन फैसिलिटी के उद्घाटन की जानकारी दी। मुंबई में आईएनएस 'माहे' को नौसेना में शामिल किया गया है। वहीं, स्काईरूट के नए कैंपस से स्पेस सेक्टर को नई ताकत मिली है। जी-20 शिखर सम्मेलन में भी 'वोकल फॉर लोकल' की गूंज रही। पीएम ने विदेशी मेहमानों को भारत में बने खास उपहार भेंट किए।

### सऊदी अरब और यूरोप में गीता

पीएम ने बताया कि सऊदी अरब में पहली बार सार्वजनिक मंच पर गीता प्रस्तुत की गई। यह भारतीय संस्कृति के लिए गर्व की बात है। यूरोप के लातविया में भी गीता महोत्सव मनाया गया। इसमें एस्टोनिया और लिथुआनिया के कलाकारों ने भी हिस्सा लिया। दुनिया भर के लोग इस पवित्र ग्रंथ से लगातार प्रेरित हो रहे हैं।

### कुरुक्षेत्र में डिजिटल महाभारत

पीएम मोदी हाल ही में कुरुक्षेत्र गए थे। उन्होंने वहां के अनुभव केंद्र की जमकर तारीफ की। वहां डिजिटल तकनीक से महाभारत युद्ध को दिखाया जाता है। थ्रीडी और लाइट-साउंड शो से इतिहास जीवंत हो उठता है। 25 नवंबर की यात्रा ने उन्हें काफी आनंदित कर दिया।

**महाराजा दिग्विजय सिंह को किया याद**

पीएम ने द्वितीय विश्व युद्ध के समय को भी याद किया। उन्होंने जामनगर के महाराजा दिग्विजय सिंह के कार्यों को सराहा। महाराजा ने उस समय पोलिश बच्चों की जान बचाई थी। उन्होंने युद्ध के बीच मानवता की बड़ी मिसाल पेश की थी। उनका यह कार्य आज भी प्रेरणा देता है।

## खबर संक्षेप

### ऑपरेशन सिंदूर ने युद्ध तैयारी को दर्शाया

**पुणे।** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने कहा कि ऑपरेशन



सिंदूर ने भारतीय नौसेना की निरंतर युद्ध की तैयारी को प्रदर्शित किया जिसमें पहलगाम हमले के बाद त्वरित तैनाती, हथियारों की फायरिंग और आक्रामक युद्धाभ्यास के साथ पाकिस्तानी बेड़े को उसके बंदरगाहों के भीतर ही सीमित कर दिया गया। वह नौसेना फाउंडेशन पुणे चैप्टर द्वारा आयोजित 'भू-राजनीति, प्रौद्योगिकी और रणनीति के निरंतर प्रवाह के बीच भारतीय नौसेना की गति' विषय पर एडमिरल जेजी नाडकर्णी स्मारक व्याख्यान दे रहे थे।

### युवक और नाबालिग लड़की ने की आत्महत्या

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के धामपुर थाना इलाके में 20 वर्षीय युवक और उसकी कथित नाबालिग प्रेमिका ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि गांव पीपला में शनिवार को विपुल ने और स्योहारा इलाके में 16 वर्षीय एक लड़की ने विपुल से फोन पर बात करने के तुरंत बाद जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि दोनों के बीच प्रेम संबंध थे। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# भोपाल में जलाया मदनी का पुतला, देवबंद में जिहाद का सही अर्थ नहीं पढ़ाया जाता : आरिफ़

### मदनी के बयान पर बवाल, बजरंग दल-वीएचपी ने की कार्रवाई की मांग

एजेंसी ▶▶| भोपाल

जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना महमूद मदनी के 'जब-जब जुल्म होगा, तब-तब जिहाद होगा' वाले बयान को लेकर विरोध तेज हो गया है। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने रविवार को भोपाल के रोशनपुरा चौराहे पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मदनी के पुतले पर जूते-चप्पलों की माला पहनाई और उस पर जूते भी फेंके। इसके बाद पुतला फूंका। संगठनों ने इसे देश और हिंदू समाज के खिलाफ दिया गया बयान बताते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं बिहार के राज्यपाल आरिफ़ मोहम्मद ख़ान ने मौलाना महमूद मदनी के हालिया जिहाद संबंधी बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया जताई है। उन्होंने कहा कि देवबंद में पढ़ाई जाने वाली एक किताब में जिहाद की गलत परिभाषा दी जाती है। किताब में लिखा है कि किसी को 'दीने हक' की ओर बुलाया जाए और वह स्वीकार न करे तो उससे लड़ना जिहाद है। उन्होंने कहा, यह उनकी (देवबंद की) व्याख्या है, कुरान का असली संदेश नहीं।

### मदनी जिहाद के बारे में नहीं जानते : आरिफ मोहम्मद



बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद ने कहा कि अगर मदनी वास्तव में उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने को जिहाद मानते, तो वे कश्मीर में लोगों के विस्थापन के समय सबसे पहले वहां जाते। उन्होंने आरोप लगाया कि बच्चों को जिहाद का सही अर्थ नहीं पढ़ाया जाता, जबकि कुरान स्पष्ट रूप से अत्याचार के खिलाफ खड़े होने को जिहाद बताता है। मदनी को जिहाद के बारे में नहीं पता है।

### देवबंद की किताबें कुरान से मेल नहीं खातीं

महमूद मदनी के बयान पर बोलते हुए आरिफ़ ख़ान ने कहा कि मदनी एक शैक्षणिक संस्थान से जुड़े हैं और यह समझना जरूरी है कि वहां बच्चों को क्या पढ़ाया जा रहा है। राज्यपाल ने यह भी कहा कि देवबंद की जिस किताब का वह ज़िक्र कर रहे हैं, उसका नाम भी 'शरीयत में जिहाद' है, जिसमें दी गई कई बातें कुरान के वास्तविक संदेश से मेल नहीं खातीं।

### मदनी इस्लाम का गलत उपदेश देना बंद करें : कांग्रेस प्रवक्ता शमा मोहम्मद

कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. शमा मोहम्मद ने जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी के बयान पर कड़ी आपत्ति जताते हुए यहां तक कह दिया कि वह लोगों को इस्लाम का गलत उपदेश देना बंद कर दें। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा, 'मैं मौलाना महमूद मदनी से पूछना चाहती हूं कि तीन तलाक पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले में क्या गलत है? यह तो कुरान शरीफ में भी नहीं है! तो कृपया अपने अनुयायियों को इस्लाम का गलत उपदेश देना बंद कर दें! यह हराम है।

### मदनी जैसे लोग युवाओं को बना रहे भारत विरोधी : बंसल

विनोद बंसल ने कहा कि मदनी जैसे लोग मुस्लिम यूथ को जुल्म, जन्नत व जिहाद जैसे जुमलों में फांस कर तथा भारत विरोधी बनाकर जैश जैसे जानवरों की जमात में जमा कर देंगे। जैसे देश की राजनीति से भाई-भतीजावाद भाग रहा है, वैसे ही मुस्लिम समाज को भी भारत विरोधी मानसिकता के भाई भतीजों से समय रहते किनारा करना होगा।

**'मुस्लिम यूथ को बरगला रहे हैं मदनी':** विहिप प्रवक्ता ने कहा कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो मदनी जैसे कौम के कथित रहनुमा अपनी तकरीरों से मुस्लिम यूथ को देश के संविधान, न्याय व्यवस्था और राष्ट्रीय स्वाभिमान के खिलाफ भड़का रहे। हलाल से हो रही हराम की कमाई से अपना घर भरकर आतंकी मदरसे चलाते हुए देशद्रोहियों को पालने वाले कुछ कट्टरपंथियों को लग रहा है कि वे ऐसा कर दुनिया में भारत की बदनामी से ही अपना नाम और पैसा कमा लेंगे, तो उनका यह दिवास्वप्न पूरा नहीं होगा।

*ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी में बोलीं जस्टिस नागरत्ना*

# फैसले रेत पर नहीं लिखे जाते, जज बदलने से नहीं बदलने चाहिए

एजेंसी ▶▶| सोनीपत



सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बी.वी. नागरत्ना ने न्यायपालिका की कार्यप्रणाली को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने फैसलों को बार-बार पलटने की कोशिशों पर चिंता जताई है। जस्टिस नागरत्ना ने साफ कहा कि जज बदलने से कोर्ट के फैसले नहीं बदलने चाहिए। यह सुप्रीम कोर्ट और पूरी न्याय व्यवस्था के सम्मान के लिए जरूरी है। यह बात उन्होंने सोनीपत की ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी में आयोजित एक सम्मेलन में कही।

**शासन का अहम हिस्सा है न्यायपालिका :** जस्टिस ने बताया कि न्यायपालिका देश के शासन का मुख्य अंग है। अदालतें भारतीयों के भविष्य से जुड़े अहम सवालों पर निर्णय लेती हैं। कानून का शासन बनाए रखना जजों की जिम्मेदारी है। जब भी नियमों का उल्लंघन होता है, कोर्ट को अपना फर्ज निभाना पड़ता है। लोगों का भरोसा बनाए रखना सबसे बड़ी चुनौती है।

**जजों के लिए राजनीति से दूरी है जरूरी :** जस्टिस नागरत्ना ने जजों के निजी आचरण पर भी जोर दिया। एक निष्पक्ष व्यवस्था के लिए राजनीति से दूरी बहुत जरूरी है। जजों का व्यवहार हमेशा संदेह से परे होना चाहिए।

### स्याही से लिखे जाते हैं फैसले

*जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि अदालती फैसले पक्के होने चाहिए। फैसले स्याही से लिखे जाते हैं, रेत पर नहीं। उन्होंने वकीलों और शासन व्यवस्था से जुड़े लोगों को नसीहत दी है। केवल जजों का चेहरा बदलने पर फैसले को पलटने की कोशिश नहीं होनी चाहिए। यह सुप्रीम कोर्ट और पूरी न्याय व्यवस्था के सम्मान के लिए जरूरी है। सभी का कर्तव्य है कि वे दिए गए निर्णयों का आदर करें।*

## शादी समारोह में हुए विवाद पर 'बॉडी बिल्डर' की हत्या

**चंडीगढ़।** हरियाणा के भिवानी जिले में शादी समारोह से लौट रहे 26 वर्षीय एक पेशेवर 'बॉडी बिल्डर' की कुछ लोगों ने कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि पीड़ित की पहचान रोहतक जिले के हुमायूंपुर गांव निवासी रोहित धनखड़ के रूप में हुई है। मृतक के परिवार का दावा है कि शादी समारोह में महिला के साथ छेड़छाड़ का विरोध करने पर धनखड़ को भिवानी में रेलवे क्रॉसिंग के पास बेरहमी से पीटा गया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और हमलावरों की तलाश कर रही है।

डॉ.वाशानी दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
94060-21769
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा® मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें।
रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।

*डॉलर की बादशाहत को बड़ी चुनौती!*

# अब 34 देशों में बजेगा भारतीय नोट का डंका



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की करेंसी अब वैश्विक स्तर पर अपनी ताकत दिखा रही है। भारतीय रुपया अब दुनिया के 34 देशों में स्वीकार किया जा रहा है। पहले यह आंकड़ा सिर्फ 18 देशों तक सीमित था। यह बदलाव भारत की मजबूत होती अर्थव्यवस्था का बड़ा सबूत है। आरबीआई के अधिकारियों ने निर्यातकों के साथ हुई बैठक में यह जानकारी साझा की है।

**अमेरिका और ब्रिटेन भी लिस्ट में शामिल**

भारत का व्यापारिक दायरा एशिया से लेकर यूरोप और अमेरिका तक फैल गया है। फॉरेक्स एक्सचेंज डीलर एसोसिएशन के आंकड़ों ने सबको चौंका दिया है। अब रूस, अमेरिका, ब्रिटेन और जर्मनी जैसे विकसित देश भी भारत के साथ रुपये में व्यापार कर रहे हैं।

### डॉलर पर निर्भरता होगी कम

रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद वैश्विक बाजार बदल रहा है। कई देश डॉलर पर अपनी निर्भरता कम करना चाहते हैं। भारतीय रुपया में व्यापार बढ़ने से एक्सचेंज का खर्च काफी कम हो जाएगा। लेनदेन सीधे अपनी मुद्रा में होने से डॉलर की कीमतों में उतार-चढ़ाव का असर नहीं पड़ेगा। इससे भारतीय कंपनियों को ग्लोबल मार्केट में पैर जमाने में आसानी होगी।

*सैकड़ों लोग हुए लापता*

# इंडोनेशिया में बाढ़ से भीषण तबाही, 300 से ज्यादा की मौत



**सुमात्रा।** साउथ ईस्ट एशिया में कुदरत का कहर बरपा है। इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप पर बाढ़ से 300 से ज्यादा लोगों की जान चली गई है। मूसलाधार बारिश ने यहां दशकों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। सैकड़ों लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है। सुमात्रा के तीन प्रांतों से करीब 80 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। भूस्खलन के कारण कई मुख्य सड़कें पूरी तरह टूट गई हैं। बिजली और इंटरनेट सेवा ठप होने से संपर्क टूट गया है। बचाव दल हेलीकॉप्टर का सहारा ले रहे हैं।

### थाईलैंड और मलेशिया में भी हाहाकार

*पड़ोसी देश थाईलैंड में भी हालात बेहद खराब हैं। वहां शनिवार तक 160 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। मलेशिया भी इस प्राकृतिक आपदा की चपेट में है। ट्रॉपिकल तूफानों ने पूरे क्षेत्र को जलमग्न कर दिया है। सुमात्रा में 279 लोग लापता हैं, जिससे मृतकों का आंकड़ा बढ़ने का डर है।*

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

अहलूवालिया हॉस्पिटल 8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
सभी प्रकार की एलर्जी • जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
डेंटल सुविधा भी उपलब्ध
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयॉथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888, 7697752001

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

सिंघानिया स्किन केयर
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेंडिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

पाइल्स क्षारसूत्र विशेषज्ञ
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
11000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### जया ने पपाराजी को कहा 'चूहा', कहां से आते हैं?

**लखनऊ।** जया बच्चन और पपाराजी का एकदम 'छतीस का आंकड़ा' है। वे पपाराजी पर



भड़कती और चिल्लाते हुए देखी गई हैं। उन्होंने फिर इस बारे में बात की है। उन्होंने पपाराजी की हरकतों पर उन सेलिब्रिटीज पर भी गुस्सा निकाला, जो पैसे देकर पपाराजी को एयरपोर्ट पर बुलाते हैं। जया ने तो पपाराजी को 'चूहे' और 'गंदे पैंट पहने' वाला भी कह दिया।

### शादी में फायरिंग, दूल्हे की मौसी, दोस्त की मौत

**लुधियाना।** यहां शादी समारोह के दौरान गोलियां चलने के दौरान 2 लोगों की मौत हो गई। पक्खोवाल



रोड स्थित बाथ कैस्टल पैलेस में शनिवार रात को शादी में उस समय भगदड़ मच गई। वहां 2 गैंगस्टर गुटों में रंजिशन ताबड़तोड़ गोलियां चलनी शुरू हो गई। दोनों तरफ से 50 के करीब राउंड फायर किए गए। दूल्हे की मौसी और दोस्त की मौत हो गई। एक घायल हो गया।

### चमोली में भूकंप के झटकों से दहशत

**चमोली।** उत्तराखंड में रविवार को एक बार फिर धरती डोली। चमोली के नारायणबगड़ में भूकंप के झटके



महसूस किए गए। इससे लोगों में दहशत फैल गई और लोग घरों भूकंप के झटके 10 बजकर 27मिनट पर, कर्णप्रयाग, नारायणबगड़, थराली और देवाल में महसूस हुए। भूकंप की तीव्रता 3.7 मापी गई है। इस भूकंप में किसी तरह की नुकसान की सूचना नहीं है।

### चाइनीज मांझे से गला कटने पर 16 वर्षीय लड़के की मौत

**इंदौर।** इंदौर में रविवार को पतंग के मांझे से गला कटने के कारण 16 वर्षीय लड़के की मौत हो गई। तेजाजी नगर थाने के प्रभारी देवेंद्र मरकाम ने बताया कि बाईपास रोड पर मोटरसाइकिल चला रहे गुलशन (16) का गला अचानक सामने आए पतंग के मांझे से कट गया। उन्होंने बताया कि यह हादसा तब हुआ, जब गुलशन रालामंडल वन्यजीव अभयारण्य की सैर के बाद अपने तीन दोस्तों के साथ घर लौट रहा था। मरकाम ने बताया कि हादसे में बुरी तरह घायल नाबालिग लड़के को भर्ती कराया गया।

### 5 चोर पकड़े, 5 बाइक और स्कूटी बरामद

**पंचकूला।** अपराध पर शिकंजा कसने के लिए पंचकूला पुलिस ने रविवार सुबह 6 बजे से 9 बजे के बीच शहर में



सर्च अभियान चलाया। बिना किसी पूर्व सूचना के पुलिस की सभी 5 क्राइम यूनिट्स ने एक साथ अचानक दबिश देकर अपराधियों पर शिकंजा कसने का काम किया। चोरी की पांच बाइक और एक स्कूटी बरामद की। पांच चोरों को भी काबू किया है।

---

### पंजाब, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश से किया गिरफ्तार

# इंटरनेशनल टेरर मॉड्यूल का पर्दाफाश, तीन लोग गिरफ्तार, आईएसआई से जुड़े हैं तार!

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस ने आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश करते हुए तीन को दबोचा

पंजाब, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में युवाओं को भर्ती का शक

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तान के कुख्यात गैंगस्टर शहजाद भट्टी गिरोह के तीन सदस्य को गिरफ्तार किया है। इन्हें पंजाब, मध्य प्रदेश और यूपी से गिरफ्तार किया गया है। शहजाद पहले पाकिस्तान का बड़ा गैंगस्टर था लेकिन कई साल से पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआईएस से जुड़कर उसने भारत में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने लगा।

भारत विरोधी गतिविधि में लिप्त होने के कारण शहजाद भट्टी को भारतीय सुरक्षा एजेंसियां गैंगस्टर आतंकी गठजोड़ मानती है। गिरफ्तार किए गए इन तीनों गैंगस्टर विकास प्रजापति उर्फ बेटू (19 वर्ष) पुत्र मूल चंद निवासी मध्य प्रदेश के दतिया, हरगुनप्रीत सिंह उर्फ गुरकरनप्रीत (19 वर्ष) पुत्र सरदार गुरपेज सिंह निवासी पंजाब के फिरोजपुर और आसिफ उर्फ आरिश (22 वर्ष) पुत्र अलताफ शाह निवासी यूपी के बिजनौर जिले के रेहड़ थानाक्षेत्र के रूप में इनकी पहचान की गई है।



गिरफ्तार आरोपी

#### नेटवर्क के लिए भर्ती का शक

*पुलिस को जांच में पता चला है कि ये मॉड्यूल पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में था। आरोपी सोशल मीडिया अकाउंट्स के जरिए आईएसआई से निर्देश लेते थे और दिल्ली-एनसीआर में विस्फोटक हमलों की प्लान कर रहे थे। पुलिस को शक है कि ये नेटवर्क पंजाब, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में युवाओं को भर्ती कर रहा था। बता दें कि शहजाद भट्टी ने हाल ही में पंजाब में एक भाजपा नेता के घर के बाहर ग्रेनेड हमले की जिम्मेदारी ली थी। ये मॉड्यूल बिश्नोई गैंग और बब्बर खालसा इंटरनेशनल जैसे संगठनों के साथ मिलकर काम कर रहा था।*

#### पाक ने सीमा से हटाए 72 आतंकी लांचपैड, 118 चौकियां भी हुईं ध्वस्त

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जम्मू फ्रंटियर के महानिरीक्षक (आइजी) शशांक आनंद ने कहा कि आपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना ने सीमा पार पाकिस्तान में भारी तबाही की। जम्मू संभाग में अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटी पाकिस्तान की 118 अग्रिम चौकियों को बर्बाद किया। आपरेशन सिंदूर के बाद पाक ने 72 से ज्यादा आतंकी लांचपैड दूरी वाले इलाकों में शिफ्ट कर दिए हैं। सियालकोट सेक्टर में तीन आतंकी लांचिंग पैड को नष्ट किया गया था, लेकिन अब भी करीब 12 लांचपैड सियालकोट और जफरवाल के डेप्थ एरिया से काम कर रहे हैं। सीमा से दूर दूसरे डेप्थ परिया में 60 लांचपैड काम कर रहे हैं। सेना आपरेशन सिंदूर 2.0 के लिए पूरी से तैयार है। आइजी आनंद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आपरेशन सिंदूर से हमने पड़ोसी मुल्क को सबक सिखाया है कि अगर वह भविष्य में कोई दुस्साहस करेगा या आतंकी हमला होगा तो उसे पूरी तरह नष्ट कर दिया जाएगा।

#### अनमोल को टारगेट का प्लान

पुलिस को जांच में ये भी पता चला है कि शहजाब भट्टी गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई की हत्या का प्लान था। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए इन तीन लोगों में से एक वह शख्स है जो अनमोल को टारगेट के प्लान में शामिल था। अब दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल इस इनपुट पर भी अपनी जांच कर रही है। वहीं, 27 अक्टूबर को अनमोल ने अपने वकील के जरिए कोर्ट में एप्लीकेशन लगाकर दावा किया था कि पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी से उसे जान का खतरा है।

---

*घरों की ओर बढ़ रहे थे, तभी सुरक्षा बलों ने उन्हें यैंगांगपोकपी में रोक दिया*

# मणिपुर में राजभवन के सामने घर लौटने की मांग लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों से सुरक्षा बलों की झड़प हो गई



तैनात सुरक्षा बल

**एजेंसी ▶▶ इंफाल**

मई 2023 में जातीय हिंसा शुरू होने के बाद से रिलीफ कैंप में रह रहे सैकड़ों बेघर लोगों की शनिवार को मणिपुर के इंफाल ईस्ट जिले में सिक्योरिटी फोर्स के साथ झड़प हुई। जिले के बाहरी इलाके ग्वालताबी इलाके में अपने घरों को लौटने की कोशिश कर रहे लोगों के ग्रुप को सिक्योरिटी वालों ने तब रोक दिया जब वे घर जाने की कोशिश कर रहे थे।

यह टकराव याइंगंगपोकपी में हुआ, जिससे तनाव बढ़ गया और हालात तेज़ी से बिगड़ गए। सिक्योरिटी फोर्स ने ग्रुप को तितर-बितर करने के लिए कई राउंड आंसू गैस के गोले दागे। बल का इस्तेमाल भीड़ को कंट्रोल करने और हालात को और बिगड़ने से रोकने के लिए किया गया था। यह घटना जिले में बेघर लोगों और अधिकारियों के बीच टकराव के पैटर्न को दिखाती है, खासकर 21 नवंबर को संगाई फेस्टिवल शुरू होने के बाद से।

#### पाबंदियों पर उठाए सवाल

*एक प्रोटेस्टर, एस. इबेम्चा देवी ने व्यवस्था बहाल करने के सरकारी भरोसे के बावजूद जारी पाबंदियों पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, सरकार के मुताबिक, राज्य में नॉर्मल हालात बहाल हो गए हैं। तो फिर, हमें अपने घरों में लौटने की इजाज़त क्यों नहीं है? उन्होंने बेघर हुए लोगों में से कई लोगों की निराशा जाहिर करते हुए कहा। अधिकारियों ने कहा कि हालात तनावपूर्ण होने के बावजूद, हटाने की कोशिशों के बाद कंट्रोल में हैं। एक अधिकारी ने कहा कि हालात तनावपूर्ण लेकिन कंट्रोल में हैं।" हाल की घटनाओं और चल रहे फेस्टिवल की एक्टिविटीज को देखते हुए सिक्योरिटी फोर्स इलाके पर करीब से नजर रख रही हैं। लोकल रिपोर्ट्स के मुताबिक, संगाई फेस्टिवल शुरू होने के बाद से कई बार ऐसी ही झड़पें हुई हैं।*

---

### बम विस्फोटों से फिर दहला पाकिस्तान

# बलूचिस्तान में 24 घंटे में हुए सात धमाकों से दहशत में मुनीर की सेना, मुख्य लाइन उड़ाई

**एजेंसी ▶▶ कराची**

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में पिछले 24 घंटे में कम से कम सात धमाके हुए, जिनमें एक निर्माण कंपनी के दो सुरक्षा गार्ड घायल हो गए।संदिग्ध उग्रवादियों ने बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा और डेरा मुराद जमाली में हमले किए।

उग्रवादियों ने शनिवार को क्वेटा में एक पुलिस चौकी पर हथगोले फेंके, जिसके बाद आईईडी से आतंकवाद विरोधी विभाग की एक गाड़ी के पास विस्फोट किया गया। इसके बाद शाम को तीन और



घटना स्थल का दृश्य

विस्फोट हुए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) आसिफ खान ने कहा कि विस्फोट लोहर करेज के पास हुआ, जो क्वेटा के बाहरी इलाके में स्थित है। उन्होंने कहा कि इस विस्फोट के जरिये क्वेटा को देश के अन्य हिस्सों से जोड़ने वाली मुख्य लाइन उड़ा दी गई।

#### धमाके के बाद मची अफरा तफरी, लोग भागते दिखे

इस घटना के बाद राजधानी में डर और अफरा-तफरी का माहौल हो गया, हालांकि किसी की मौत होने की खबर नहीं मिली है। एसएसपी खान ने बताया कि उग्रवादियों ने रेलवे ट्रैक पर आईईडी लगाए थे और जब ट्रेन क्वेटा स्टेशन पहुंचने वाली थी, तो विस्फोट हो गया। इस विस्फोट के कारण पटरी को नुकसान पहुंचा, जिसके कारण रेल सेवाएं निलंबित कर दी गईं।

---

### तेलंगाना हाईकोर्ट ने वैवाहिक विवाद पर यह फैसला दिया

# इस उम्र में तलाक लेकर कोई फायदा नहीं, 34 साल पुरानी शादी तोड़ने से किया साफ इनकार

**एजेंसी ▶▶ हैदराबाद**

तेलंगाना हाईकोर्ट ने एक अनोखे और लंबे समय से चले आ रहे वैवाहिक विवाद पर ऐसा फैसला दिया, जिसने सभी का ध्यान खींच लिया। अदालत ने साफ कहा कि इस उम्र में तलाक लेकर कोई फायदा नहीं। और यही बात अदालत के फैसले का आधार भी



बनी। 34 साल पुरानी शादी को टूटने से रोकते हुए कोर्ट ने माना कि अब रिश्ते को कानूनी रूप से खत्म करना व्यावहारिक समाधान नहीं है। 17 साल तक चली कानूनी लड़ाई

इस केस में खास बात यह थी कि पति और पत्नी दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ अपील दायर की थी।

17 साल तक चली कानूनी लड़ाई, कई सुनवाई, पति की गुमशुदा स्थिति और बच्चों के वयस्क हो जाने के बाद अदालत ने महसूस किया कि तलाक का कोई ठोस उद्देश्य अब बचा ही नहीं है। इसलिए कोर्ट ने तलाक ही नहीं बल्कि पहले दिए गए ज्यूडिशियल सेपरेशन के आदेश को भी रद्द कर दिया। यह मामला 2008 में शुरू हुआ था, जब पति ने 1991 में हुई अपनी शादी को खत्म करने के लिए याचिका दायर की। पति पेशे से सिविल इंजीनियर हैं। उनका आरोप था कि पत्नी लगातार उन पर बेवजह शक करती थी।

---

### 1 जनवरी, 2026 से स्लीपर क्लास में सुविधा

# नए साल से 20 रुपए में चादर बेडरोल की भी सुविधा देगा रेलवे

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

भारतीय रेल ने यात्रियों की सुविधा के लिए एक बड़ा फैसला किया है। रेल यात्रियों को अब स्लीपर क्लास में भी चादर और तकिये की सुविधा मिलेगी। दक्षिण रेलवे के चेन्नई डिवीजन ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि 1 जनवरी, 2026 से स्लीपर क्लास में सफर करने वाले यात्रियों को साफ-सुथरे सैनिटाइज्ड चादर और तकिये की सुविधा दी जाएगी। इस सुविधा के लिए यात्रियों



को अलग से पैसे चुकाने होंगे। यानी, जिन यात्रियों को चादर और तकिये की जरूरत है, वे पैसे देकर कोच अटेंडेंट से चादर और तकिये ले सकेंगे।

#### स्लीपर क्लास में पहली बार यह सुविधा

बताते चलें कि भारत में ऐसा पहली बार होगा, जब यात्रियों को स्लीपर क्लास में भी चादर और तकिये की सुविधा मिलेगी। अभी तक, सिर्फ एसी क्लास में ही यात्रियों को बेडरोल दिया जाता है- जिसमें चादर, तकिया, कंबल और हैंडटावल होता है। बता दें एसी क्लास में बेडरोल के लिए यात्रियों को अलग से पैसे नहीं देने होते हैं, क्योंकि आपकी टिकट में ही बेडरोल का पैसा पहले ही जोड़कर ले लिया जाता है। दक्षिण रेलवे के चेन्नई डिवीजन ने बताया कि एक चादर, एक तकिये और एक तकिये के कवर के लिए कुल 50 रुपए लगेंगे। अगर यात्रियों को सिर्फ चादर चाहिए तो उन्हें 20 रुपए और सिर्फ कवर के साथ तकिया चाहिए तो 30 रुपए देने होंगे। बताते चलें कि ये सुविधा सभी ट्रेनों में नहीं मिलेगी। इस सुविधा को शुरुआती चरण में केवल 10 ट्रेनों में शुरू करने की पहल की है बाद में सभी ट्रेनों में लागू होगी।

---

### चुनाव आयोग ने बंगाल सरकार को दिया भुगतान करने का आदेश

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने बीते दिनों बीएलओ के मानदेय को बढ़ाने का आदेश जारी किया था। ईसी के आदेश के बावजूद बंगाल की टीएमसी सरकार ने बीएलओ और निर्वाचन आयोग के अन्य अधिकारियों को बढ़े हुए मानदेय का भुगतान नहीं किया। इसे लेकर अब चुनाव आयोग ने आपत्ति जताई है। ईसी ने अब इस बारे में एक नोटिफिकेशन जारी किया, जिसमें लिखा 'शुद्ध मतदाता सूची लोकतंत्र के आधार हैं। मतदाता सूची तैयार करने वाली मशीनरी में इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर, असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर, बीएलओ सुपरवाइजर और बीएलओ शामिल होते हैं। ईसी ने बीएलओ और अन्य अधिकारियों का सालाना मानदेय बढ़ाने का फैसला किया है। ईसी ने टीएमसी से बढ़ाए गए मानदेय का बिना किसी देरी के भुगतान करने को कहा है।

---




---

*सीजेआई सूर्यकांत ने कहा*

# लोकतांत्रिक ढांचे को सरल और प्रभावी तरीके से समझाया, इसे 'चारपाई' के समान बताया

### इंटरनेशनल कन्वेंशन ऑन इंडिपेंडेंस ऑफ ज्यूडिशियरी के उद्घाटन पर कहा

**एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़**

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने हरियाणा में एपी जैन ग्लोबल यूनिवर्सिटी में आयोजित इंटरनेशनल कन्वेंशन ऑन इंडिपेंडेंस ऑफ ज्यूडिशियरी के उद्घाटन समारोह में हिस्सा लिया। उन्होंने भारतीय लोकतंत्र और न्यायपालिका की असली शक्ति पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में जस्टिस सूर्यकांत ने न्यायिक स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक ढांचे को बेहद सरल और प्रभावी तरीके से समझाया। उन्होंने भारतीय लोकतंत्र की तुलना एक चारपाई से करते हुए कहा कि हमारा लोकतांत्रिक ढांचा मजबूत लकड़ी के फ्रेम और टिकाऊ रस्सियों की तरह है जो एक तरफ स्थिर है, तो दूसरी तरफ परिस्थितियों के अनुसार लचीला भी।

हरियाणा में एपी जैन ग्लोबल यूनिवर्सिटी में आयोजन



संबोधन के दौरान सीजेआई सूर्यकांत

#### केशवानंद के फैसले पर भी की बात

केशवानंद के फैसले पर बात करते हुए सीजेआई ने कहा कि जब यह ऐतिहासिक सुनवाई चल रही थी, उस समय भारत संवैधानिक जीवन के 23वें वर्ष में था। देश आदर्शवाद तथा शक्तियों के बीच संतुलन स्थापित करने की प्रक्रिया सीख रहा था।

#### सुप्रीम कोर्ट के 13 जज भी रहे शामिल

इस सम्मेलन में एक विशेष सत्र भी रखा गया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के 13 जजों ने मंच पर मौजूद रहते हुए केशवानंद भारती केस की ऐतिहासिक बहस को दोबारा रीक्रिएट किया। इस रिक्रिएशन में कई वरिष्ठ वकीलों ने भी हिस्सा लिया। अटॉर्नी जनरल की भूमिका वेंकटेश मणि ने निभाई, जबकि वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा ने भारत सरकार और केरल सरकार का पक्ष प्रस्तुत किया।

## चिंतन

# नई एफआईआर से संदेश कानून से ऊपर कोई नहीं

नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता एवं राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी और लोकसभा सांसद राहुल गांधी के खिलाफ नई एफआईआर दर्ज हुई है। इस मामले ने एक बार फिर सियासी गलियारों में हलचल मचा दी। साथ ही संदेश भी दिया है कि कानून से ऊपर कोई नहीं है। गलत काम किया है तो जांच का सामना भी करना पड़ेगा। सजा भी भुगतनी होगी। इस मुद्दे को लेकर सत्तापक्ष हमेशा से ही कांग्रेस के खिलाफ मुखर रहा है। भाजपा शुरू से ही आरोप लगाती रही है कि कांग्रेस नेताओं ने बड़े-बड़े घोटाले किए हैं, देश को बर्बाद कर दिया और हजारों करोड़ का गोलमाल कर देश को पीछे धकेलने का काम किया है। अब ईडी की शिकायत पर दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा नई एफआईआर दर्ज करने से उनके आरोपों को और बल मिला है। इस मामले को लेकर सत्तापक्ष के नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी, सोनिया गांधी और गांधी-वाड्रा परिवार एक भ्रष्ट परिवार है। वे कानून से ऊपर नहीं हैं। अगर आरोप हैं, तो एजेंसियां उसी हिसाब से अपनी जांच करेंगी। उनका कहना है कि नई एफआईआर दस्तावेजों और सबूतों के गहन अध्ययन के बाद दर्ज की गई है। कार्रवाई किसी भी तरह बदले की भावना से नहीं हुई। अदालत स्वतंत्र और निष्पक्ष है। जब प्राप्त साक्ष्य मिलते हैं, तब एफआईआर के लिए कहा जाता है। एफआईआर में साक्ष्य लगने के बाद कोर्ट उसको स्वीकार करता है। इस एफआईआर में आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और विश्वासघात जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। आरोप है कि कांग्रेस के स्वामित्व वाली संस्था एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड का धोखाधड़ी से अधिग्रहण किया गया था। इसकी कुल संपत्ति 2000 करोड़ रुपये थी। कोलकाता की डोटेक्स मर्चेंडाइज ने यंग इंडियन को 1 करोड़ रुपये दिए, जिसके बाद यंग इंडियन ने कांग्रेस को 50 लाख रुपये चुकाकर एजेएल पर अपना नियंत्रण हासिल कर लिया। यंग इंडियन के माध्यम से यह अधिग्रहण संपन्न हुआ था और गांधी परिवार की इसमें 76 फीसदी हिस्सेदारी थी। ईडी ने 9 अप्रैल, 2025 को सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और डोटेक्स के प्रमोटर के खिलाफ नेशनल हेराल्ड/ एसोसिएटेड जर्नल्स प्राइवेट लिमिटेड (एजेएल) से जुड़े कथित मनी लान्ड्रिंग मामले में एक चार्जशीट दायर की थी। इसी सिलसिले में यह नई एफआईआर दर्ज हुई है। यह मामला सुब्रमण्यम स्वामी ने 2012 में उठाया था। उन्होंने दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में एक याचिका दाखिल करते हुए सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कांग्रेस के ही मोतीलाल वोरा, ऑस्कर फर्नांडीज, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे पर घाटे में चल रहे नेशनल हेराल्ड अखबार को धोखाधड़ी और पैसों की हेराफेरी के जरिए हड़पने का आरोप लगाया था। आरोप के मुताबिक, कांग्रेसी नेताओं ने नेशनल हेराल्ड की संपत्तियों पर कब्जे के लिए यंग इंडियन लिमिटेड ऑर्गेनाइजेशन बनाया और उसके जरिए नेशनल हेराल्ड का प्रकाशन करने वाली एसोसिएटेड जर्नल लिमिटेड (एजेएल) का अवैध अधिग्रहण कर लिया। अब दिल्ली पुलिस जल्द ही एजेएल के शेयरधारकों को तलब कर सकती है, ताकि यह पता चले कि क्या इस ट्रांसफर से पहले कांग्रेस ने उनसे अनुमति ली थी। अब इस मामले में आगे क्या होगा, यह तो भविष्य के गर्भ में है, लेकिन फिलहाल कांग्रेस के बड़े नेताओं की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं।



संसद का सत्र

डॉ. पवन कुमार शर्मा

# जनता की उम्मीदें जीतेंगी या राजनीति

संसद का शीतकालीन सत्र इस बार 1 से 19 दिसंबर तक चलेगा। यह 18वीं लोकसभा का छठा सत्र है। इस शीतकालीन सत्र के दौरान सदन की कुल 15 बैठकें होंगी। इस छोटे लेकिन अहम सत्र में सरकार 10 नए बिल पेश करेगी और 2 अहम बिलों को सेलेक्ट कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर दोबारा मंजूरी के लिए सदन में लाएगी। यह आर्थिक सुधारों, मतदाता सूची की पारदर्शिता, सांस्कृतिक मुद्दों और पर्यावरण नीति के संदर्भ में निर्णायक साबित हो सकता है। संसद का शीतकालीन सत्र अगर रचनात्मक ढंग से चलता है तो देश की नीति एवं दिशा को सकारात्मक गति मिल सकती है, अन्यथा यह अवसर एक बार फिर टैक्सपेयर की गाढ़ी कमाई की बर्बादी ही साबित होगा।

संसद का शीतकालीन सत्र इस बार 1 से 19 दिसंबर तक चलेगा। यह 18वीं लोकसभा का छठा सत्र है। शीतकालीन सत्र के दौरान सदन की कुल 15 बैठकें होंगी। इस छोटे लेकिन अहम सत्र में सरकार 10 नए बिल पेश करेगी और 2 अहम बिलों को सेलेक्ट कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर दोबारा मंजूरी के लिए सदन में लाएगी। शीतकालीन सत्र में इस बार केंद्र सरकार का फोकस आर्थिक सुधार, निवेश-प्रोत्साहन, बुनियादी ढांचा विकास, शिक्षा सुधार, सुशासन व कानून-व्यवस्था जैसे विषयों पर है।

मानसून सत्र में सेलेक्ट कमेटी के पास भेजे गए दो विधेयकों- जन विश्वास विधेयक 2025 एवं भारत में दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) संशोधन विधेयक पर इस सत्र में पुनर्विचार एवं पारित होने की संभावना है। जन विश्वास विधेयक दर्जनों छोटे कंप्लायंस संबंधी अपराधों को डिक्रिमिनलाइज करता है जबकि आईबीसी संशोधन विधेयक में बड़े बदलावों के जरिए कर्जदार-लेनदार के विवादों को तेजी से खत्म करने पर फोकस है। इस विधेयक का उद्देश्य प्रक्रियात्मक अनुशासन को कड़ा करना, जटिल कॉर्पोरेट संरचनाओं के लिए समूह दिवालियापन की रूपरेखा पेश करना और सीमा-पार दिवालियापन के मामलों को संभालना है। इसमें सरकार के बकाया को 'सेक्योर्ड क्रेडिटर' मानने जैसे सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों को बदलने का भी प्रस्ताव है। संसद के विंटर सेशन के दौरान जिन 10 नए विधेयकों के पेश होने की संभावना है उनमें एटॉमिक एनर्जी बिल, 2025 प्रमुख है जो नागरिक परमाणु ऊर्जा सेक्टर में निजी कंपनियों को भागीदारी की अनुमति देने और परमाणु ऊर्जा क्षेत्र का नया नियामक ढांचा स्थापित करने का प्रस्ताव करता है। दूसरा महत्वपूर्ण बिल हायर एजुकेशन कमिशन ऑफ इंडिया बिल 2025 है जो उच्च शिक्षा संस्थानों की स्वायत्तता, मान्यता, शासन-संरचना आदि सुधारने के लिए एक नया आयोग स्थापित करने का प्रयास करता है। इसी तरह नेशनल हाइवेज संशोधन विधेयक 2025, राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास, भूमि अधिग्रहण, पारदर्शिता और गति को बेहतर बनाने के लिए संशोधन का प्रस्ताव करता है। कॉर्पोरेट लॉज संशोधन विधेयक 2025, कंपनी कानूनों में सुधार व अद्यतन व्यापार-नियमों और कॉर्पोरेट संचालन में बदलाव का प्रस्ताव करता है। सिक्योरिटीज मार्केट्स कोड बिल 2025, प्रतिभूति बाजार संबंधित कई पुराने कानूनों को एक समेकित कोड में बदलने का प्रस्ताव करता है ताकि विनियमन और निवेश आसान हो सके। इंश्योरेंस लॉज संशोधन विधेयक 2025, बीमा क्षेत्र में सुधार, निवेश-पर्यावरण सुगम बनाने और मार्केट विस्तार के लिए कानूनों में संशोधन का प्रस्ताव करता है। आर्बिट्रेशन एवं कॉन्सिलिएशन संशोधन विधेयक 2025, मध्यस्थता व सुलह प्रक्रियाओं को द्रुत व सरल बनाने हेतु संशोधन का प्रस्ताव करता है। रिपीलिंग एवं संशोधन विधेयक 2025, पुराने, अप्रयुक्त या अव्यवहार्य कानूनों को निरस्त या संशोधित करने से संबंधित है। मणिपुर जीएसटी संशोधन विधेयक 2025, मणिपुर के लिए माल एवं सेवा कर अधिनियम में संशोधन से जुड़ा बिल है जिससे राजस्व व स्थानीय कानून–व्यवस्था से जुड़ी व्यवस्थाएं सुधारने का प्रस्ताव है। इसके अलावा संविधान विधेयक 2025, संवैधानिक स्तर पर कुछ



प्रावधानों में बदलाव के लिए एक महत्वपूर्ण विधेयक है जो संविधान के प्रावधानों को अद्यतन या संशोधित करने का प्रस्ताव करता है। 18वीं लोक सभा का छठा सत्र देश की राजनीति, कानून और नीति निर्माण के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण है। 2025 का यह शीत सत्र कई संवेदनशील मुद्दों और बड़े सुधारों के कारण विशेष रूप से चर्चा में है। दिल्ली एनसीआर में वायु-प्रदूषण एक गंभीर चुनौती बन चुका है। विंटर सेशन में विपक्ष इस मुद्दे को 'स्वास्थ्य आपातकाल' की तरह उठाने का मंसूबा जाहिर कर चुका है। हालांकि यह विषय सत्र के आधिकारिक एजेंडे में नहीं है, फिर भी यह जनता के जीवन-स्तर से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा है।

देश के 12 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण के मुद्दे पर इस सत्र के दौरान गहमागहमी होने के पूरे आसार हैं। तमाम विपक्षी दल इस प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी और मतदाता बहिष्करण के जोखिम की बातें कई महीनों से उठा रहे हैं, लिहाजा विरोधी दलों की तरफ से इस मुद्दे पर विस्तृत बहस की मांग की जा रही है। 'वन्दे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ पर चर्चा को एजेंडे में विशेष रूप से शामिल किया गया है। यह सांस्कृतिक और राष्ट्रीय पहचान से जुड़ा विषय है लिहाजा इसमें संवेदनशीलता तो है लेकिन इस मुद्दे पर सियासत और राजनीतिक बयानबाजी भी खूब हो रही है। सरकार के प्रस्तावित एजेंडा के साथ-साथ, विपक्ष की ओर से कुछ गंभीर चिंताएं व तैयारियां देखी जा रही हैं जो शीतकालीन सत्र को चुनौतीपूर्ण और प्रतिस्पर्धात्मक बना सकती हैं। मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर विपक्षी दल पहले ही तीखी नाराजगी जता चुके हैं। उनका आरोप है कि इसमें राजनीतिक दुरुपयोग हो सकता है। इस तरह की बहसों में राजनीतिक, क्षेत्रीय और धार्मिक मतभेद भी खुलकर सामने आ सकते हैं। आर्थिक सुधारों को लेकर खासकर दिवालियापन व निजी क्षेत्र में परमाणु ऊर्जा विषय पर विपक्ष यह सवाल उठाता रहा है कि इससे रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और छोटे उद्योगों की स्थिति पर क्या असर पड़ेगा। साथ ही, यदि सत्र में पर्याप्त समय नहीं दिया गया या सार्वजनिक बहस सीमित रही तो नीतिगत बदलावों और संवैधानिक संशोधनों पर व्यापक सामाजिक विमर्श नहीं हो सकने का जोखिम भी है। सत्र की छोटी अवधि यानी महज 15 बैठकों में इतने महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत बहस कठिन है। इसमें जल्दबाजी या आधी-अधूरी चर्चा का जोखिम है। यदि प्रक्रियाएं जल्दबाजी में होंगी तो जनता और विशेषज्ञ समूहों की भागीदारी कम हो सकती है, जिससे नीतियों पर भरोसा घटने का खतरा है।

सच्चाई यह भी है कि संसद के मानसून सत्र के दौरान मतदाता पुनरीक्षण का मामला हावी रहा था और उत्पादकता में भारी कमी आई थी। 21 जुलाई से 21 अगस्त तक चले मानसून सत्र के दौरान लगभग दो-तिहाई समय व्यवधान की भेंट चढ़ा था। 18वीं लोकसभा में अब तक के सत्रों की यह सबसे कम उत्पादकता है। प्रश्नकाल के दौरान, लोक सभा में निर्धारित समय का केवल 23% तथा राज्य सभा में केवल 6% ही काम हो सका। 18वीं लोक सभा का यह शीतकालीन सत्र अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह आर्थिक सुधारों, मतदाता सूची की पारदर्शिता, सांस्कृतिक मुद्दों और पर्यावरण नीति के संदर्भ में निर्णायक साबित हो सकता है। लेकिन इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि क्या सरकार और विपक्ष मिलकर लोकतांत्रिक परंपराओं का सम्मान करते हुए संवेदनशील और गंभीर बहस कर पाते हैं। संसद का शीतकालीन सत्र अगर रचनात्मक ढंग से चलता है तो देश की नीति एवं दिशा को सकारात्मक गति मिल सकती है, अन्यथा यह अवसर एक बार फिर टैक्सपेयर की गाढ़ी कमाई की बर्बादी ही साबित होगा

(लेखक संसद टीवी में कार्यरत हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

गीता जयंती विशेष

डॉ. सुशील टाया



# गीतामय पंच परिवर्तन

**कर्मणैव हि संसिद्धिमास्थिता जनकादयः।**
**लोकसंग्रहमेवापि सम्पश्यन् कर्तुमर्हसि॥**

महाभारत के युद्ध में अर्जुन का मन जब विषादों से भर जाता है तब भगवान श्री कृष्ण अर्जुन को कहते हैं कि हे अर्जुन, व्यक्ति की महानता पलायन और कर्म से विमुख होने में नहीं, बल्कि निःस्वार्थ भाव से कर्म करते हुए लोकहित में कार्य करने में है। प्रत्येक व्यक्ति कर्तव्य और आचरण से व्यापक सामाजिक परिवर्तन का कारण बन सकता है। व्यक्ति अपने कर्म, अनुशासन व चरित्र से उत्तमता प्राप्त कर सकता है। एक कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति अपने परिवार को संस्कारित और संगठित बनाता है। इससे समाज संगठित और कर्तव्यनिष्ठ होगा, तो निश्चित तौर पर राष्ट्र शक्तिशाली बनेगा। इससे विश्व कल्याण और विश्व बंधुत्व की भावना को भी बल मिलेगा, जिससे सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य, स्व-बोध व पर्यावरण संरक्षण को बल मिलता है। गीता के तीसरे अध्याय के बीसवें श्लोक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विश्व-कल्याण के पंच परिवर्तन का सार स्पष्ट रूप से निहित दिखाई देता है। गीतामय पंच परिवर्तन हमें मानवता के कल्याण की ओर ले जाते हैं।

***नासतो विद्यते भावो नाभावो विद्यते सतः।***
***उभयोरपि दृष्टोऽन्तस्त्वनयोस्तत्त्वदर्शिभिः॥***

गीता के दूसरे अध्याय का सोलहवां श्लोक हमें बताता है कि सत्य शाश्वत है और असत्य क्षणिक। यही संदेश राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्व-बोध परिवर्तन का आधार बनता है, जो प्रत्येक व्यक्ति में अपनी संस्कृति, इतिहास और पहचान के प्रति आत्मगौरव जगाता है। जब हम अपने सत्य को पहचानते हैं, तभी राष्ट्रनिर्माण की मजबूत नींव रखी जाती है।

***आत्मौपम्येन सर्वत्र समं पश्यति योऽर्जुन ।***
***सुखं वा यदि वा दुःखं सः योगी परमः मतः ॥***

गीता के छठे अध्याय का बत्तीसवां श्लोक हमें बताता है कि सच्चा योग वही है जो अपने अंदर और समाज में समानता का अनुभव करता है। जब व्यक्ति स्वयं को और दूसरे को एक ही दिव्य चेतना का अंश समझने लगता है, तभी भेदभाव मिटते हैं। समाज का प्रत्येक घटक सम्मान का पात्र है और किसी प्रकार का ऊंच-नीच, जात-पात, भेदभाव हमारे राष्ट्रीय चरित्र के विपरीत है। सभी को अपने समान देखना ही वास्तविक समरस समाज का आधार बनता है और यही संदेश गीता से संघ के समरसता-परिवर्तन को दिशा देता है।

***अधर्माभिभवात्कृष्ण प्रदुष्यन्ति कुलस्त्रियः।***
***स्त्रीषु दुष्टासु वार्ष्णेय जायते वर्णसंकरः॥***

गीता के पहले अध्याय के 41वें श्लोक में परिवार को समाज की मूल इकाई माना गया है। जब परिवार में धर्म, संस्कार और नैतिक मूल्य मजबूत रहते हैं, तो समाज की नींव भी मजबूत होती है। अधर्म के बढ़ने से परिवार और कुल का पतन होता है, जिससे समाज में अस्थिरता आती है। इसलिए कुटुम्ब प्रबोधन का उद्देश्य परिवार को जागरूक और संस्कारित करना है, ताकि प्रत्येक सदस्य अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को समझे और परिवार से ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन आए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दृष्टिकोण में भी परिवार जागरण इसी सिद्धांत पर आधारित है, जो व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक उत्थान का मार्ग प्रशस्त करता है।

***श्रेयान्स्वधर्मो विगुणः परधर्मात्स्वनुष्ठितात्।***
***स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः॥***

गीता के तीसरे अध्याय के पैंतीसवें श्लोक में हमें अपने स्वधर्म का पालन करने का महत्व बताया गया है। प्रत्येक नागरिक का अपने समाज और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य निभाना सर्वोच्च है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दृष्टिकोण से, यह नागरिक कर्तव्य-जैसे ईमानदारी, अनुशासन, समाज सेवा, राष्ट्रहित में कार्य करना-हमारे जीवन का मूल आधार है। गीता के अनुसार सभी जीव और प्राणी प्रकृति के साथ गहरे संबंध में हैं। तीसरे अध्याय के तेरहवें श्लोक में हमें यह समझने का संदेश देता है कि प्रकृति ही हमारे जीवन का आधार है और उसके संसाधनों का संतुलित उपयोग करना हमारा कर्तव्य है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को समाजिक कर्तव्य मानता है। यह श्लोक हमें यह प्रेरणा देता है कि हम प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाए रखें, अपव्यय से बचें और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ, स्वस्थ और संतुलित पर्यावरण सुनिश्चित करें। गीता में प्रत्येक समास्या का समाधान है। बस जरूरत है कि व्यक्ति निर्माण का कार्य किया जाए। संघ का मूल उद्देश्य भी व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण का है। गीता व्यक्ति को सही मार्ग दिखाती है। गीतामय पंच परिवर्तन व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त करते हैं। इसी में विश्व कल्याण और विश्व बंधुत्व की भावना निहित है।

( लेखक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में शिक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## शिवत्व की साधना



संकलित

दर्शन

हर कर्म का आरंभ संकल्प से होता है। बातों को बनाने, बिगाड़ने व संभालने का आधार भी हमारा सोच रूपी कर्म है। अच्छे या बुरे सोच के कारण हमारे कर्म और कर्मफल सुखदायी व दुखदायी होते हैं। इसलिए कहते हैं, परमात्मा शिव अपनी शुद्ध और श्रेष्ठ संकल्पों से सोच को परिष्कृत कर दुनिया को परिवर्तित कर देते हैं। उनका प्रत्येक संकल्प मानवता का कल्याण व सद्ज्ञान है, जिसकी वर्षा से प्रकृति में शांति, संतुलन, सद्भावना व प्रसन्नता का वातावरण निर्मित होता है। मानव जीवन व संसार से विकार, व्यभिचार, भ्रष्टाचार, पापाचार, दुख, कष्ट व हिंसा के ताप समाप्त होते हैं। परमात्मा के इस सृष्टि परिवर्तन या उद्धार कार्य से कृतज्ञ होकर हम श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा-अर्चना और व्रत-उपवास करते हैं। शिव की महिमा स्मरण, गायन, पूजन व श्रवण से श्रावण मास शिवमय हो जाता है। कहते हैं, चातुर्मास के आरंभ में भगवान विष्णु जब शयन में चले जाते हैं, तब परमात्मा शिव संसार की बागडोर संभालते हैं। शिव निराकार ज्योति स्वरूप हैं। वे शिव ज्ञान व योग सिखाकर मनुष्यों में सतयुगी दिव्य गुण व दैवी संस्कारों को पुनः विकसित करते हैं। जब भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं, तब सृष्टि को बचाने एवं भक्तों की शुद्ध भावनाओं और कामनाओं का फल देने हेतु शिव अदृश्य रूप में संसार का कार्यभार संभालते हैं। ज्ञान सूर्य ज्योति स्वरूप शिव अपने ईश्वरीय ज्ञान व शिक्षा के प्रकाश द्वारा मनुष्यों के आसुरी अवगुणों को सद्गुण, दैवी चरित्र व दैवी संस्कारों में बदलते हैं।

## दो पैसे के काम के लिए तीस साल की बलि



संकलित

प्रेरणा

स्वामी विवेकानंद एक बार कहीं जा रहे थे। रास्ते में नदी पड़ी तो वे वहीं रुक गए क्योंकि नदी पार कराने वाली नाव कहीं गई हुई थी। स्वामीजी बैठकर राह देखने लगे कि उधर से नाव लौटे तो नदी पार की जाए। एका-एक वहां एक महात्मा भी आ पहुंचे। स्वामीजी ने अपना परिचय देते हुए उनका परिचय लिया। बातों ही बातों में महात्माजी को पता चला की स्वामीजी नदी किनारे नाव की प्रतीक्षा कर रहे हैं। महात्मा जी बोले, अगर ऐसी छोटी-मोटी बाधाओं को देखकर रुक जाओगे तो दुनिया में कैसे चलोगे? तुम तो स्वामी हो, बड़े आधात्यात्मिक गुरु और दार्शनिक माने जाते हो। जरा सी नदी नहीं पार कर सकते? देखो, नदी ऐसे पार की जाती है। महात्मा जी खड़े हुए और पानी की सतह पर तैरते हुए लंबा चक्कर लगाकर वापस स्वामी जी के पास आ खड़े हुए। स्वामीजी ने आश्चर्य चकित होते हुए पूछा, महात्माजी, यह सिद्धि आपने कहां और कैसे पाई? महात्मा जी मुस्कुराए और बड़े गर्व से बोले, यह सिद्धि ऐसे ही नहीं मिल गई। इसके लिए मुझे हिमालय की गुफाओं में तीस साल तपस्या करनी पड़ी। महात्मा की इन बातों को सुनकर स्वामी जी मुस्करा कर बोले, आपके इस चमत्कार से मैं आश्चर्यचकित तो हूं लेकिन नदी पार करने जैसे काम जो दो पैसे में हो सकता है, उसके लिए आपने अपनी जिंदगी के तीस साल बर्बाद कर दिए। यानी दो पैसे के काम के लिए तीस साल की बलि! ये तीस साल अगर आप मानव कल्याण के किसी कार्य में लगाते या कोई दवा खोजने में लगाते, जिससे लोगों को रोग से मुक्ति मिलती तो आपका जीवन सचमुच सार्थक हो जाता।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अपशिष्ट प्रबंधन के ठोस उपाय करना जरूरी

कम करें, पुनः उपयोग करना, रीसायकल करना एक ऐसा टिकाऊ अपशिष्ट प्रबंधन है, जो सामाजिक रूप से स्वीकार्य और पर्यावरण के अनुकूल है। अपशिष्ट उत्पाद आज दुनिया की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है। यह दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करने वाले प्रदूषण का कारण बनता है। कम करना, पुनः उपयोग करना और रीसायकल करना भूमि, वायु और जल प्रदूषण के सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में से एक को खत्म करने के तीन बेहतरीन तरीके हैं। कम करने का मतलब है कि अपशिष्ट की मात्रा कम हो जाती है। अपशिष्ट में कमी का सीधा मतलब है उन चीज़ों को कम करना जिन्हें हम उपयोग करते हैं और केवल वही उपयोग करते हैं जो आवश्यक है। चीज़ों को कम करके हम बहुत सारा पैसा भी बचा सकते हैं। बहरहाल अपशिष्ट प्रबंधन के ठोस उपाय करना जरूरी है। *– मोहन देवांगन, भिलाई*

## करंट अफेयर

# आयु सीमा बढ़ने से 37 लाख चीनी ने दी सिविल सेवा परीक्षा



पात्रता आयु सीमा 35 वर्ष से अधिक किए जाने के बाद पहली राष्ट्रीय सिविल सेवा परीक्षा में रविवार को 37 लाख से अधिक चीनी नागरिक उपस्थित हुए, जिससे देश में बढ़ती बेरोजगारी के दबाव के बीच सरकारी नौकरियों की मांग में वृद्धि का संकेत मिलता है। यह परीक्षा देश की केंद्र सरकार और उसके विभागों में पदों के लिए उम्मीदवारों का चयन करती है। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' की खबर के अनुसार, 37 लाख से ज़्यादा चीनी नागरिक इस परीक्षा में शामिल हुए, जिसका मतलब है कि औसतन लगभग 98 आवेदक एक उपलब्ध पद के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार, इनमें से लगभग 70 प्रतिशत रिक्तियां नए कॉलेज स्नातकों के लिए आरक्षित हैं। चीन ने इस परीक्षा के लिए पात्रता आयु सीमा को सामान्यतः 38 वर्ष कर दिया है। पात्रता की उम्र सीमा को 35 वर्ष से बढ़ाए जाने को स्वागत योग्य कदम माना जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि नये स्नातक से लेकर मास्टर और डॉक्टरेट कार्यक्रमों के लिए आयु सीमा को और कम करके 43 वर्ष कर दिया गया है। यह चीन द्वारा हाल में विदेशी विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित पेशेवरों के लिए के–वीजा की घोषणा के बाद पहली परीक्षा है।

## ऑफ बीट


# ठंडे में फंसने पर शरीर के साथ क्या होता है



तापमान में गिरावट के प्रति शरीर की प्रतिक्रिया को वाहिका संकीर्णन कहा जाता है जो रक्त वाहिकाओं की दीवारों में छोटी मांसपेशियों द्वारा संकुचन है। अगर तापमान शून्य से कम चार डिग्री सेल्सियस से भी नीचे चला जाता है तो वैसोकंस्ट्रिक्शन रक्त में बर्फ के क्रिस्टल बनने से भी रोकता है। जब शरीर के अंदरुनी अंगों का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला जाता है तो हाइपोथर्मिया होता है। इसका मतलब है कि शरीर पर्याप्त गर्मी पैदा करने में असमर्थ है। हल्के चरण में शरीर का तापमान 32 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच गिर जाता है। दिल की धड़कन तेज हो जाती है, सांस लेने की दर और रक्तचाप बढ़ जाता है तथा कंपकंपी से मांसपेशियां तनावग्रस्त हो जाती हैं। मध्य चरण में शरीर का तापमान 28 से 32 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाता है। इस चरण में शरीर के सभी अंगों के काम करने की गति धीमी हो जाती है और कंपकंपी बंद हो जाती है। गंभीर चरण में शरीर का तापमान 28 डिग्री सेल्सियस के नीचे चला जाता है और शरीर के ज्यादातर अंग काम करना बंद कर देते हैं। इस चरण तक ज्यादातर लोग अचेत हो जाते हैं। दिल और फेफड़ों की स्थिति बिगड़ जाती है।

## ट्रेंड

### गीता महोत्सव



सऊदी अरब और लातविया में गीता महोत्सव उल्लेखनीय प्रयास हैं, जो प्रवासी भारतीयों तथा भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता के प्रति उत्साही लोगों के साथ सांस्कृतिक जुड़ाव को गहरा करते हैं।
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### ज़हरीली हवा



मैं जिस भी माँ से मिलता हूँ, वह मुझे एक ही बात कहती है कि उसका बच्चा ज़हरीली हवा में सांस लेते हुए बड़ा हो रहा है। मोदी जी, भारत के बच्चे हमारे सामने घुट रहे हैं। आपकी सरकार कोई तत्परता, कोई योजना, कोई जवाबदेही क्यों नहीं दिखाती?
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### स्वच्छ हवा और हरियाली



भाजपा सरकार पैसे के लालच में लखनऊ के 'हरित-हृदय' जनेश्वर मिश्र पार्क को अपनी इवेंटबाजी से दूर रखे। लखनऊ के नागरिकों का स्वच्छ हवा और हरियाली पर पूरा अधिकार है। हम सबको मिलकर एक नागरिक आंदोलन की तरह इसका पुरज़ोर विरोध करना चाहिए।
- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

### उज्ज्वला योजना



उज्ज्वला योजना के अंतर्गत नए गैस कनेक्शन और सिलेंडर दिल्ली की गृहणियों को रसोई के धुएं से राहत देंगे और प्रदूषण को कम करके घरों और वातावरण दोनों को अधिक सुरक्षित बनाएंगे। हमारी सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि यह योजना हर ज़रूरतमंद परिवार तक पहुंचे।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771–4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।



# विजय-फातिमा की गुस्ताख इश्क का नहीं चला जादू...

**मुंबई।** विजय वर्मा और फातिमा सना शेख की मोहब्बत पर पानी फिरता दिख रहा है। ये बात हम इसलिए कह रहे हैं, क्योंकि फिल्म 'गुस्ताख इश्क' शनिवार को भी बॉक्स ऑफिस पर बेदम साबित हुई। फिल्म जब रिलीज हुई, तो क्रिटिक्स ने इसकी कहानी और एक्टिंग की तारीफ की। हालांकि, इसका कमाई पर कोई असर नहीं दिख रहा है। फिल्म 'गुस्ताख इश्क' ने रिलीज के पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 50 लाख रुपए कमाए थे। 'गुस्ताख इश्क' के कुल कलेक्शन की बात करें, तो इसने दो दिनों में अभी तक बॉक्स ऑफिस पर कुल 74 लाख रुपए कमाए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म का बजट 50 करोड़ रुपए बताया जा रहा है।



लाइफ Style

# कीर्ति

## एक एक्टर को महज 6 घंटे की ही मिलती है नींद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

साउथ सिनेमा की सुपरस्टार एक्ट्रेस और नेशनल अवॉर्ड जीत चुकीं कीर्ति सुरेश ने अब एक्टर्स के काम के घंटों पर नई बहस छेड़ दी है। 'दसारा' और 'बेबी जॉन' की एक्ट्रेस ने दीपिका पादुकोण के 8 घंटे काम की मांग के महीनों बाद कहा है कि 8 घंटे काम करने के दौरान भी, एक एक्टर को सोने के लिए जरूरी समय नहीं मिल पाता है।

हैदराबाद में अपनी अगली फिल्म 'रिवॉल्वर रीटा' के प्रमोशन के दौरान उन्होंने कहा कि कम घंटे काम करने के आइडियल सिनेरियो में भी एक एक्टर को महज 6 घंटे की ही नींद मिलती है। दिग्गज फिल्ममेकर-एक्टर जी. सुरेश कुमार की बेटी कीर्ति ने कहा, 'सुबह 9 बजे की शिफ्ट के लिए, अगर मुझे सुबह 7:30 बजे तक वहां पहुंचना है, तो मुझे सुबह 6:30 बजे घर से निकलना होगा और सुबह 5:30 बजे तक उठना होगा। शाम को लगभग 6 या 6:30 बजे पैक-अप के बाद, घर वापस जाना पड़ता है, कपड़े बदलने पड़ते हैं, एक्सरसाइज करनी पड़ती है, डिनर करना पड़ता है, और सोने के लिए जरूरी घंटे निकालने के लिए स्ट्रगल करना पड़ता है। केरल में पैदा हुईं 33 साल की कीर्ति सुरेश ने आगे कहा, 'अब, मुझे रात 11:30 बजे सोने के बाद सुबह 5:30 बजे फिर उठना पड़ता है।' कीर्ति ने बताया कि कैसे आठ घंटे की वर्क शिफ्ट, जिसे एक आइडियल सिनेरियो माना जाता है, उसमें भी सोने का समय मुश्किल से ही शामिल होता है, जबकि एक एडल्ट बॉडी के लिए आइडियल जरूरत आठ घंटे की नींद है। उन्होंने कहा, 'हम कहते हैं कि आठ घंटे की नींद अच्छी है, लेकिन हम मुश्किल से छह घंटे सो पाते हैं।

हॉलीवुड मसाला



# नाटकों ने दिलाई टॉम को पहचान

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटेन के सबसे प्रसिद्ध स्क्रीन राइटर में से एक टॉम स्टॉपर्ड का 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके जाने से हॉलीवुड इंडस्ट्री में शोक की लहर छा गई है। साल 1937 में चेकोस्लोवाकिया में जन्में टॉम स्टॉपर्ड का बचपन मुश्किलों में गुजरा। नाजी हमले के बाद उनका परिवार सिंगापुर चला गया। उन्होंने कई नाटक ऐसे, लिखे जिसने उन्हें काफी पहचान दिलाई। टॉम स्टॉपर्ड ने अपने कॅरियर में कई शानदार नाटक लिखे थे।



# सधी हुई कहानी और परफेक्ट कॉमेडी से फिल्म बनी रोमांचक

**मुंबई।** हॉलीवुड की फिल्म हो और वो भी एनिमेटेड.. फिर तो ऐसा हो ही नहीं सकता कि आप इसे देखकर निराश हों। 'जूटोपिया 2' भी कुछ ऐसी ही फिल्म है। पहले सीन से लेकर आखिरी सीन तक कहानी आपको बांधे रखती है और इसके वन लाइनर्स हंसा-हंसाकर आपका पेट दर्द कर देते हैं। वहीं मेकर्स ने लीड किरदार में श्रद्धा कपूर की आवाज जोड़कर इसमें चार चांद लगा दिए। फिल्म की कहानी पहले पार्ट से आगे बढ़ती है। जूडी हॉप्स और निक वाइल्ड जूटोपिया पुलिस डिपार्टमेंट में पार्टनर हैं पर दोनों के बीच बॉन्डिंग अच्छी नहीं है। एक केस में दोनों से गलती होने के बाद चीफ बोगो उन्हें अलग हो जाने या फिर थैरेपी सेशन अटैंड करने की सलाह देते हैं। जूडी को लगता है कि जूटोपिया में कोई सांप घुस आया है पर उसकी बात पर कोई यकीन नहीं करता। वो निक को मनाकर तहकीकात में लग जाती है।



# पैपराजी से कोई नाता नहीं: जया बच्चन

**मुंबई।** वेटरेन एक्ट्रेस जया बच्चन अक्सर पैपराजी पर भड़कती रहती हैं। अब एक बार फिर अभिनेत्री ने पैपराजी की भूमिका और पेशेवर रवैये पर शंकाएं जताई हैं। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने प्रशिक्षित पत्रकारों के प्रति अपने सम्मान और मशहूर हस्तियों के समारोहों में पैपराजी को लेकर खुद के असहज होने के बारे में भी बात की। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल है। वायरल वीडियो में एक इवेंट के दौरान जया बच्चन ने पैपराजी को लेकर बात की। इवेंट के दौरान जया बच्चन ने कहा कि मैं मीडिया की उपज हूं, लेकिन पैपराजी से मेरा कोई नाता नहीं है। ये लोग कौन हैं? क्या इन्हें इस देश के लोगों का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है? आप इन्हें मीडिया कहते हैं? मैं मीडिया से आती हूं। मेरे पिता एक पत्रकार थे।



# 'कांतारा' में दिखाई गई देवी को कहा भूत

**मुंबई।** 'धुरंधर' एक्टर रणवीर सिंह बड़ी मुश्किल में फंस गए हैं। उन पर धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगा है और यूजर्स भी भड़के हुए हैं। दरअसल, रणवीर ने ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा: चैप्टर वन' का मजाक उड़ाया। साथ ही फिल्म में दिखाई गई देवी को भूत कह दिया। इससे लोग बुरी तरह भड़क गए हैं और उनका कहना है कि अब तो 'धुरंधर' बिल्कुल फ्लॉप समझो। मामला हाल ही गोवा में हुए इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया का है, जिसमें रणवीर सिंह शामिल हुए थे। ऋषभ शेट्टी भी इस फेस्टिवल का हिस्सा थे। इसका एक वीडियो भी आया है, जिसमें रणवीर सिंह स्टेज पर हैं, और सामने बैठे ऋषभ शेट्टी से कह रहे हैं, 'मैंने थिएटर में 'कांतारा: चैप्टर वन' देखी, और ऋषभ यह एक बेहतरीन परफॉर्मेंस थी।

टीवी मसाला



# वीकएंड का वार में धर्मेंद्र को याद कर भावुक हुए सलमान

**नई दिल्ली।** दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का बीते दिनों निधन हो गया था। इस खबर ने सभी को झकझोर कर रख दिया था। बिग बॉस 19 के हालिया वीकएंड का वार एपिसोड में सलमान खान ने दिवंगत अभिनेता को याद किया और वो भावुक हो गए। इसके साथ ही उन्होंने इस घटना को देश के लिए सबसे बड़ा नुकसान बताया। बिग बॉस 19 शो के होस्ट सलमान खान ने धर्मेंद्र को याद किया। उन्होंने कहा- 'देश और उनके सभी प्रशंसकों को बहुत ही बड़ा झटका लगा है। इस घटना से इंडस्ट्री को बड़ा सदमा पहुंचा है। मुझे लगता है कि आप लोग समझ रहे हैं कि मैं किनकी बात कर रहा हूं। अभिनेता ने आगे कहा, ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। काश इस हफ्ते वीकएंड का वार मैं नहीं कर रहा होता, लेकिन जिंदगी हमेशा चलती रहती है।' शनिवार को प्रसारित हुए बिग बॉस 19 के वीकएंड का वार में कंटेस्टेंट अशनूर कौर को शो से बाहर का रास्ता दिखाया गया। उन्हें सलमान खान ने तान्या मित्तल पर वार करने के लिए खूब डांट लगाई। अशनूर के एविक्शन पर कुछ नेटिजंस इसे गलत फैसला बता रहे हैं, तो कुछ इसे सही कह रहे हैं। बिग बॉस 19 से अशनूर कौर बेघर हो चुकी हैं। इसके अलावा रिपोर्ट्स के अनुसार शहबाज बदेशा का भी एविक्शन हो चुका है। इस हिसाब से शो में अब छह प्रतियोगी बचे हैं, जिसमें गौरव खन्ना फाइनल में पहुंच चुके हैं, क्योंकि उन्होंने टिकट टू फिनाले टास्क जीतकर खिताब के लिए अपनी दावेदारी पेश कर दी है। अब फरहाना भट्ट, अमाल मलिक, तान्या मित्तल, प्रणीत मोरे और मालती चाहर के बीच फिनाले में पहुंचने की टक्कर है।

## जन्नत के पीछे पड़े अभिषेक और समर्थ

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट सीजन 3' में इस हफ्ते अराजकता चरम पर पहुंच गई जब किचन में अभिषेक कुमार, समर्थ जुरेल और जन्नत जुबैर के साथ एक बिल्कुल नया ट्राइएंगल बनने लगा।



अपनी चंचल नोक-झोंक और लगातार एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में लगे अभिषेक और समर्थ नए मिशन पर पहुंच गए- जन्नत का ध्यान अट्रैक्ट करना। मजेदार चुटकुले सुनाने से लेकर उन्हें इम्प्रेस करने के लिए छोटे-छोटे प्यारे स्टंट करने तक, दोनों लड़के एक-दूसरे से आगे निकलने के लिए बेताब दिख रहे थे। आग में घी डालने का काम अली गोनी ने किया, जिन्होंने इस जोड़ी को खूब छेड़ा। उन्होंने उन्हें छोटू कहकर मशहूर कर दिया और उन्हें किचन में अपने साइडकिक्स भी कहा। उनके इस कमेंट ने न सिर्फ स्टूडियो को हंसा-हंसा कर लोटपोट कर दिया।

# प्रियंका ने निक-मालती और परिवार संग मनाया थैंक्सगिविंग डे

**मुंबई।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा अक्सर सोशल मीडिया हैंडल पर अपने पति, बेटी और परिवार के साथ तस्वीरें साझा करती हैं। एक्ट्रेस ने वीकएंड पर परिवार संग बिताए कुछ खुशनुमा पलों को शेयर किया है। इन तस्वीरों को अभिनेत्री ने कैलिफोर्निया से साझा करते हुए नोट भी लिखा है। प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की, जिनमें वो कैलिफोर्निया के किसी पार्क में गुनगुनी धूप में पति निक जोनस और बेटी मालती संग एंजाय कर रही हैं। एक तस्वीर में तीनों पार्क में लेटे हुए प्यारा पोज दे रहे हैं। वहीं, कुछ तस्वीरों में निक और प्रियंका बेटी संग खेलते नजर आ रहे हैं। इसके अलावा अन्य तस्वीरों में अभिनेत्री अपनी मां मधु चोपड़ा और परिवार के अन्य सदस्यों और दोस्तों संग भी नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने परिवार के साथ डिनकर करते हुए भी एक तस्वीर साझा की है। अभिनेत्री ने परिवार के साथ थैंक्सगिविंग डे मनाया।



इस पोस्ट को साझा करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, 'थोड़े समय के लिए घर वापस आ गई हूं। कभी-कभी मैं खुद को अपने तरफ से प्रेम पाकर धन्यवाद महसूस करती हूं। इस थैंक्स गिविंग डे पर मैं स्वास्थ्य, आनंद, एकजुटता और जीवन के उन साधारण सुखों के लिए बहुत आभारी हूं, जिन्हें हम कभी-कभी हल्के में ले लेते हैं। मैं अपने परिवार, दोस्तों, टीम और उन सभी लोगों की बहुत आभारी हूं, जिन्होंने इस रोमांचक सफर को आसान बना दिया है।' आगे उन्होंने कहा, 'इतना लंबा समय घर से दूर बिताने के बाद, मैं बस खुद को याद दिला रही हूं कि जिंदगी की सबसे अच्छी चीजों में से एक है अपने प्रियजनों के बीच रहना। थैंक्सगिविंग मनाने वाले सभी लोगों को शुभकामनाएं।'

# रेड लाइट एरिया में जन्मी इस एक्ट्रेस पर बनी भारत की सबसे महंगी सीरीज...

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में पाकिस्तान की कई अदाकाराओं ने काम किया है और यह सिलसिला आज भी जारी है। पाक सिनेमा की कई कहानियां भी हिंदी सिनेमा में देखने को मिली हैं। बात करेंगे उस पाक अभिनेत्री की, जिस पर बॉलीवुड के दिग्गज डायरेक्टर संजय लीला भंसाली की पहले सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार बेस्ड बताई जाती है। इस पाक हसीना ने तकरीबन 100 फिल्मों में काम किया। यह एक्ट्रेस असल में एक तवायफ थी और लाहौर के रेड लाइट एरिया पर काम करती थी। इसी की कहानी को देश की सबसे महंगी सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार में दिखाया गया था।

***कौन थी ये पाक हसीना?*** : बात हो रही है नरगिस बेगम उर्फ निग्गो की, जो अपनी मां के नक्शेकदम पर चल एक तवायफ बनी थीं। वह हीरामंडी में सजने वाली महफिल में मुजरा किया करती थीं। उन्हें देखने के लिए पैसों वालों की भीड़ लगती थी। वहीं, 40 के दशक में राजशाही खत्म होने के दौर पर थी और इस वक्त सिनेमा की अच्छी शुरुआत हो रही थी। यह वो दौर था जब महिलाएं सिनेमा में काम करने से कतराती थीं। जब फिल्ममेकर को फिल्म के लिए हीरोइन की जरूरत होती थी, तो वह कोठे का रुख किया करते थे। वहीं, हीरामंडी में महफिल सजाए बैठीं निग्गों पर एक प्रोड्यूसर की नजर पड़ी। निग्गो एक क्लासिकल डांसर भी थी।



***प्रोड्यूसर से रचाई शादी*** : निग्गो भी इस हीरामंडी के जंजाल से निकलना चाहती थीं और उन्होंने इस ऑफर को स्वीकार कर लिया। फिर साल 1964 में नरगिस ने पाकिस्तानी फिल्म इशरत से एक्टिंग डेब्यू किया। इसके बाद उन्होंने शहंशाह-ए-जहांगीर (1968), नई लैला नया मजनू (1969), अंदालिब (1969), लव इन जंगल (1970), अफसाना (1970), मोहब्बत (1972) समेत 100 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। इस दौरान उन्हें प्रोड्यूसर ख्वाजा महजर की फिल्म कासू में देखा गया, जहां दोनों में प्यार हो गया। ख्वाजा और नरगिस ने निकाह कर लिया।

***पति ने ही कर दिया मर्डर*** : बात काफी आगे बढ़ गई और तवायफों से शादी के नए नियम बन गए। वहीं, कोठे बंद होने की कगार पर थे निग्गों अपनी मां का ख्याल रखने उनके पास चली गईं। जब वह बार-बार पति के बुलाने पर भी नहीं लौटी तो 5 जनवरी 1972 को हीरामंडी जाकर ख्वाजा ने एक बार फिर निग्गो से घर चलने की विनती की, लेकिन वह नहीं मानी। इसके बाद ख्वाजा ने जेब से बंदूक निकाली और निग्गों को छलनी कर दिया।

## पुरुषवादी सिनेमा के दौर में महिलाओं के नजरिए से बनी थी फिल्म

# अर्थ ने दिखाया था समाज को आईना, 43 साल बाद भी बनी हुई है मस्ट वॉच

***मुंबई।** शबाना आजमी, स्मिता पाटिल, और कुलभूषण खरबंदा अभिनीत 'अर्थ' फिल्ममेकर महेश भट्ट की सेमी-आटोबायोग्राफिकल फिल्म थी। यह अभिनेत्री परवीन बाबी के साथ उनके विवाहेतर संबंधों पर आधारित थी। पुरुषवादी सिनेमा के दौर में महिलाओं के नजरिए से बनी थी 'अर्थ'। 43 साल पहले तीन दिसंबर, 1982 को प्रदर्शित हुई फिल्म 'अर्थ' में एक दृश्य है जब फिल्म स्टार कविता (स्मिता पाटिल), पूजा (शबाना आजमी) से कहती है कि मैं इंदर (कुलभूषण खरबंदा) को चाहती थी तुम्हारे पति को नहीं। मैं अपना घर बसाना चाहती थी, तुम्हारा घर उजाड़ना नहीं चाहती थी। जिस पर पूजा जवाब देती है कि मेरा घर था ही नहीं इसलिए तुमने कुछ नहीं उजाड़ा।*

### महेश भट्ट की क्रांतिकारी फिल्म

हिंदी फिल्मों में महिलाओं के चित्रण के संदर्भ में इसे क्रांतिकारी फिल्म माना जाता है। अर्थ को बनाने के पीछे की कहानी दिलचस्प है। अर्थ से पहले महेश भट्ट ने चार फिल्में मंजिलें और भी हैं(1974), विश्वासघात (1977), नया दौर (1978) और लहू के दो रंग (1979) बनाईं, लेकिन वह बाक्स आफिस पर अपना प्रभाव छोड़ पाने में नाकाम रहीं। तब उन्हें अपनी उथल-पुथल भरी निजी जिंदगी को परदे पर उतारने का विचार आया। यहीं से अर्थ को बनाने की शुरुआत हुई। फिल्म में कई दृश्य महेश की जिंदगी से जुड़े भी रहे। उदाहरण के तौर पर जब पूजा को पता चलता है कि इंदर उसे कविता के लिए छोड़ना चाहता है, तो वह उससे आग्रह करती है कि वह उसे न छोड़े। साथ ही, वह सीन जब सोए हुए इंदर को कविता जगाने की कोशिश करती है तो वह पूजा का नाम लेता है। किस्सा यह भी है कि जब यह फिल्म बन रही थी तब स्मिता पाटिल और राज बब्बर असल जिंदगी में रिश्ते में थे। राज बब्बर शादीशुदा थे।

### अर्थ की कहानी

फिल्म ने उस कड़वी सच्चाई को दिखाया था कि विवाहेतर संबंध शुरुआत में लुभावने लग सकते हैं, लेकिन जैसे-जैसे यह रिश्ता आगे बढ़ता है, असुरक्षा की भावना, सामाजिक मान्यता पाने की चाहत, बिगड़ती मानसिक हालत कहीं न कहीं तनाव बढ़ाते हैं। फिर यह रिश्ता सिर्फ दर्द ही देता है। वास्तव में यह फिल्म पूजा की अपनी पहचान तलाशने की यात्रा पर है, जब उसका पति उसे दूसरी महिला के लिए छोड़ देता है। यह फिल्म उस वक्त आई थी, जब डिस्को डांसर और मर्द जैसी फिल्मों की कहानी पुरुषों के नजरिए से दिखाई जा रही थी, लेकिन अर्थ की कहानी महिलाओं के नजरिए से कही गई थी। यह भले ही मार्केट के ढांचे में फिट न बैठती हो, लेकिन दर्शकों को पसंद आई थी। यह कोई राज नहीं है कि लेखक-निर्देशक महेश भट्ट ने अपनी जिंदगी की कुछ वास्तविकताओं को काल्पनिकता के साथ जोड़कर अर्थ बनाई थी। इसमें त्यागी गई पत्नी पूजा, मनचाही औरत कविता और टूटे हुए आदमी इंदर जैसे पात्रों के जरिए इंसानों की कमियों, पुरुषों के दोहरे मापदंड और रिश्तों की अस्थिरता की पड़ताल बारीकी से की गई थी। यह फिल्म महेश और उस समय शीर्ष पर रहीं अभिनेत्री परवीन बाबी के साथ उनके विवाहेतर संबंधों पर आधारित आत्मकथात्मक फिल्म थी। इन संबंधों के चलते महेश द्वारा पहली पत्नी किरण भट्ट उर्फ लोरेन ब्राइट को छोड़ने की आत्मग्लानि इस कहानी का आधार थी।



### मैसेज देती है अर्थ

फिल्म के अंत में कविता की असुरक्षा और मानसिक रूप से अस्थिर प्रकृति अंततः इंदर को उससे दूर कर देती है। इंदर पश्चाताप के साथ पूजा के पास वापस आता है, लेकिन पूजा उसे अस्वीकार कर देती है, क्योंकि तब तक वह मजबूत और आत्मनिर्भर बन चुकी होती है और उसे एहसास होता है कि अपनी खुशी के लिए उसे किसी पुरुष की जरूरत नहीं है। रिश्तों के जटिल पहलुओं को गहराई से छूने वाली इस फिल्म में परत दर परत महिलाओं के जज्बातों को बहुत बारीकी से दर्शाया गया। रिश्तों के भंवर में जिंदगी का अर्थ खोजती यह फिल्म आज भी उतनी ही प्रासंगिक है, जितनी उस वक्त थी!

## खबर संक्षेप

### इंस्टाग्राम में गाली गलौज आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** प्रार्थी के इंस्टाग्राम एकाउंट में अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपने इंस्टाग्राम आईडी से अश्लील गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी का मैसेज पोस्ट करने के मामले को लेकर छुरिया थाना में शिकायत दर्ज कराई गई। मामले की जांच में जुटी साइबर सेल एवं थाना छुरिया की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अज्ञात इंस्टाग्राम आईडी धारक आरोपी का पता तलाश किया गया। इस दौरान आरोपी फैजान खान पिता मुश्ताक खान 23 वर्ष निवासी सीताबर्डी छुरिया को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर अपराध घटित करना स्वीकार किया गया। अश्लील गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी के इस मामले में पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन जब्त किया है। वहीं पकड़े गए आरोपों के खिलाफ धारा 66(सी) आईटी एक्ट जोड़कर उसे गिरफ्तार किया है।

### 1.958 किलो ग्राम गांजा के साथ दो गिरफ्तार

**कवर्धा।** मुखबिर की सूचना पर बोड़ला पुलिस ने गांजा तस्करों के विरूद्ध कार्यवाही करते दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन गांजा तस्करों के पास से 1.958 किलो ग्राम गांजा एक वाहन जप्त किया है। पुलिस ने गिरफ्त में आए आरोपी ईदरिस खान उर्फ पिंटू पिता नियाज अहमद उम्र 25 वर्ष निवासी पोड़ी तथा पीछे बैठे सहयात्री रामनाथ यादव पिता आत्माराम यादव उम्र 25 वर्ष निवासी जैताटोला के खिलाफ अपराध क्रमांक 198/2025 धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

# पराली की आग से धधके खेत, बढ़ा प्रदूषण कृषि एवं सेहत पर हमला, चेतावनी बेअसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

ठंड की दस्तक के साथ ही गांवों के खेत एक बार फिर आग की लपटों और जहरीले धुएं से घिरने लगे हैं। दिन ढलते ही दूर-दूर तक फैलती लाल चमक और उठते धुएं के गुबार न केवल वातावरण को दूषित कर रहे हैं, बल्कि उन किसानों के लिए भी बड़ा खतरा बन चुके हैं, जिनकी फसल अभी भी खेतों में खड़ी है या कटाई का इंतजार कर रही है। एनजीटी के सख्त प्रतिबंध और कृषि विभाग की चेतावनियों के बावजूद पराली जलाने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। कार्रवाई की आशंका के कारण किसान सुबह-सुबह यह कदम नहीं उठा रहे, बल्कि रात का अंधेरा होते ही खेतों में आग लगाने की घटनाएँ तेज हो जाती हैं।

कांकेर जिले के कई गांवों के अनेक खारों में पिछले लगभग एक माह से यह सिलसिला जारी है। अंधेरे में धधकते खेतों की लपटें दूर से ही दिखाई देती हैं और हवा में फैलता धुआं कई किलोमीटर तक वातावरण को भारी कर देता है। ग्रामीण बताते हैं कि पिछले साल भी बिल्कुल यही स्थिति बनी थी। ठंड के मौसम में वातावरण की परतें नीचे रहने के कारण धुआं पूरे क्षेत्र में देर तक पसरा रहता है, जिससे हवा में प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ जाता है। गांवों में सांस लेने में परेशानी, आंखों में जलन और दमा के मरीजों की तकलीफ बढ़ने के मामले भी सामने आ रहे हैं। किसानों के मुताबिक धान की कटाई के बाद खेतों में बड़ी मात्रा में पैरा और पराली रह जाती है, जिसे हटाने में काफी समय और मेहनत लगती है। दूसरी तरफ, फसल चक्र परिवर्तन के तहत उन्हें अगली रबी फसल की बोनी जल्द शुरू करनी होती है।

**कई गांवों के अनेक खारों में पिछले लगभग एक माह से यह सिलसिला जारी**

#### मिट्टी की उर्वरकता होती है प्रभावित

ऐसे मामलों में न केवल आर्थिक हानि होती है, बल्कि खेत की मिट्टी की उर्वरकता भी प्रभावित होती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि पराली जलाने से मिट्टी में मौजूद लाभकारी जीवाणु नष्ट हो जाते हैं और मिट्टी की नमी तेजी से कम हो जाती है। इसका सीधा असर अगली फसल के उत्पादन पर पड़ता है।



#### विभाग को कार्रवाई की जरूरत

साल दर साल दोहराई जा रही इस समस्या पर कृषि विभाग को सख्ती से ध्यान देने की आवश्यकता है। यदि समय रहते पराली प्रबंधन पर प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो प्रदूषण के साथ-साथ किसानों को भारी आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने और आधुनिक पराली प्रबंधन उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की भी जरूरत है, ताकि किसान आग के सहारे खेत साफ करने की मजबूरी से बाहर आ सकें।

# नकली देशी शराब मामले में दो और अंतर्राज्यीय आरोपी पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला पुलिस द्वारा हाल ही में जिले के ग्राम पोंड़ी में खुलासा किए गए नकली देशी प्लेन शराब निर्माण गिरोह प्रकरण में इस नेटवर्क के अगली कड़ी तक पहुंचते हुए अंतरराज्यीय स्तर पर एक और महत्वपूर्ण कार्रवाई की है। लगातार निगरानी, तकनीकी विश्लेषण और नेटवर्क मैपिंग के आधार पर कबीरधाम पुलिस की विशेष टीम झारखंड के जमशेदपुर पहुंची, जहां दबिश देकर इस गिरोह से जुड़े दो बड़े सप्लायरों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें आरोपी राकेश कोहली पिता स्व. नविन्दर कोहली आयु 39 वर्ष, निवासी न्यू सीताराम डेरा 67/ए थाना सीताराम डेरा, जमशेदपुर जिला पूर्वी सिंहभूम (झारखंड) तथा मोहन प्रसाद गुप्ता पिता स्व. बैजनाथ



साव आयु 67 वर्ष, निवासी हरहरगुटटू जगदीषपुर रोड, जमशेदपुर थाना बागबेडा, जिला पूर्वी सिंहभूम झारखंड शामिल हैं। गिरफ्त में आए आरोपियों में आरोपी मोहन गुप्ता ने पूछताछ में खुलासा किया कि वह फर्नीचर पॉलिश का व्यवसाय करता था और इसी बहाने वह कोलकाता के होलसेल केमिकल डीलरों से बड़ी मात्रा में स्पिरिट (केमिकल) मंगवाता था। इस स्पिरिट को वह झारखंड में चल रहे अवैध शराब नेटवर्कों को सप्लाई करता था। इसी दौरान वह दूसरे आरोपी राकेश कोहली के माध्यम से कबीरधाम जिले के पोड़ी क्षेत्र में पकड़े गए आरोपियों नंद कुमार और साजिद के गिरोह को भी लंबे समय से नकली शराब बनाने के लिए स्पिरिट (केमिकल) भेज रहा था। वहीं आरोपी राकेश कोहली ने बताया कि वह झारखंड में काफी समय से विभिन्न ब्रांड की नकली इंग्लिश शराब तैयार कर अपने नेटवर्क को संचालित कर रहा था। पूर्व में गिरफ्तार आरोपी साजिद के जमशेदपुर निवासी होने के कारण दोनों का संपर्क पहले से था, और इसी पहचान के आधार पर राकेश कोहली पोड़ी में सक्रिय गिरोह से जुड़ गया।

#### पहले ही दबोचे जा चुके हैं पांच आरोपी

यहां बताना लाजिमी होगा कि नकली शराब निर्माण मामले में पहले ही पुलिस आरोपी नंद कुमार कुर्रे पिता फागू राम, उम्र 34 वर्ष, निवासी पोड़ी, चौकी पोड़ी थाना बोड़ला जिला कबीरधाम, इस्लाम उर्फ सुद्दू पिता अरमान खान, उम्र 45 वर्ष, निवासी पोड़ी, चौकी पोड़ी थाना बोड़ला जिला कबीरधाम, शेख साजिद पिता शेख सिकंदर, उम्र 28 वर्ष, निवासी पोड़ी, चौकी पोड़ी थाना बोड़ला जिला कबीरधाम, छोटू उर्फ दिनेश चंद्रवंशी पिता मालिकराम, उम्र 26 वर्ष, निवासी कुसुमघटा, चौकी पोड़ी थाना बोड़ला जिला कबीरधाम तथा ईदरिस खान उर्फ पिंटू पिता नियाज अहमद, उम्र 25 वर्ष, निवासी पोड़ी, चौकी पोड़ी थाना बोड़ला जिला कबीरधाम को गिरफ्तार कर चुकी है।

# नरहरा जलप्रपात में नहाते वक्त युवक पानी में बहा





■ शाम ढलने के बाद रेस्क्यू आपरेशन स्थगित, सुबह फिर होगी खोजबीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

रायपुर से पिकनिक मनाने नरहरा जलप्रपात आए दोस्तों की टीम से एक युवक गहरे पानी में चला गया। गोताखोरों की लगातार कोशिश के बाद भी युवक का पता नहीं चला है। रात होने के कारण सुरक्षागत कारणों से रेस्क्यू आपरेशन बंद कर दिया गया है। सोमवार सुबह से खोजबीन फिर शुरू की जाएगी। रविवार को रायपुर कोटा से चार दोस्त घूमने के लिए नरहरा जलप्रपात आए थे। इसमें से तीन दोस्त नहाने के लिए नदी में उतरे थे। इस दौरान एक युवक तोरण नायक गहरे पानी में चला गया। दोस्तों ने उसे पानी से निकालने की कोशिश की, लेकिन वे असफल रहे और तोरण पानी में लापता हो गया। घटना की सूचना मिलते ही गोताखोरों की टीम, पुलिस और स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे। टीम ने लगभग दो घंटे तक लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं मिल पाया। शाम ढलते ही अंधेरा बढ़ने लगा, जिसके बाद सुरक्षा कारणों से सर्च ऑपरेशन रोक दिया गया।

# दो हादसे में ठेकेदार चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क दुर्घटना रूकने का नाम नहीं ले रही है। आए दिन इन सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की जान रही है। पर संबंधित विभाग और प्रशासन इन पर रोक लगाने में नाकाम नजर आ रहा है। पिछले दो दिनों में जिले के महासमुंद व बागबाहरा में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं ने फिर से दो लोगों की जान ले ली। जिला मुख्यालय से लगे बेलसोंडा में एक ठेकेदार की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वहीं उनकी पत्नी और बच्चे बाल-बाल बच गये। जानकारी के अनुसार बसंत धीवर (35) शुक्रवार की शाम लगभग 7 बजे पत्नी और बच्चों के साथ स्कूटी में सवार होकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान खरोरा राईस मिल के पास अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी को पीछे से ठोकर मार दी। अज्ञात वाहन की ठोकर से बसंत और उसका परिवार सड़क पर गिर गए, जिससे बसंत के सिर और कंधे पर गंभीर चोटें आई। घटना के बाद राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस और एबुलेंस को दी और उन्हें मेडिकल कॉलेज ले जाया जा रहा था लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया, सड़क किनारे गिरे वाहन के पार्ट्स, टायर के निशान और आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ कर अज्ञात वाहन की तलाश में आसपास के सीसीटीवी फुटेज व हाईवे से गुजरने वाले वाहनों की जांच की जा रही है।

#### ट्रक से उतरे चालक को वाहन ने चपेट में लिया

**महासमुंद।** बागबाहरा के आरटीओ बेरियर खोपली में वाहन के दस्तावेज की जांच कराने ट्रक से उतरे चालक को विपरीत दिशा से एक वाहन ने अपनी चपेट में लिया, जिससे ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक ट्रक क्रमांक एमएच 31 डीएस 4091 में सामान लेकर ओडिशा जा रहा था। इसी दौरान वह शनिवार की शाम लगभग 6 बजे बागबाहरा के आरटीओ बेरियर खोपली में गाड़ी खड़ी कर उतरा, तभी विपरीत दिशा से एक तेज रफ्तार वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद आरोपी वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया। सूचना पर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने मृत वाहन चालक की पहचान उसके आधार कार्ड से की। मृतक वाहन चालक फ्लेट नंबर 103 सी-विंग देव कृपा हाउसिंग सोसायटी भंडारा रोड वर्धमान नगर नागपुर निवासी इकबाल सिंग जगत सिंह खनूजा (62) था। पुलिस ने पुलिस वाहन मालिक सहित वाहन चालक के परिजनों को सूचित कर शव को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस सीसीटीवी कैमरों को खंगाल कर आरोपी वाहन एवं वाहन-चालक की पतासाजी करने में जुटी गई है।

#### बेकाबू ट्रक की ठोकर से यात्री बस क्षतिग्रस्त, चालक पर मामला दर्ज

**कांकेर।** माकड़ी से कांकेर की ओर आ रही एक यात्री बस उस समय हादसे का शिकार होते-होते बच गई, जब पीछे से तेज रफ्तार में आ रही एक ट्रक ने बस को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बस का पिछला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन सबसे राहत की बात यह रही कि सभी यात्री सुरक्षित बच गए। कांकेर थाना में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे बालोद जिले के बी. जामगांव निवासी 48 वर्षीय नंदकुमार निषाद ने बताया कि वह 29 नवंबर की सुबह करीब पौने 6 बजे बस क्रमांक सीजी 07 सीसी 5454 में सवारियां लेकर दुर्ग से कांकेर की ओर रवाना हुए थे। लगभग सुबह 10 बजे जब वे माकड़ी पुल पार कर कांकेर सिटी की तरफ मुड़ रहे थे, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रही ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीसी 8011 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बस को टक्कर मार दी। पीड़ित बस चालक नंदकुमार ने पुलिस को बताया कि ट्रक चालक काफी उतावलेपन से वाहन चला रहा था। उसकी लापरवाही का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मोड़ पर धीमी रफ्तार से चल रही बस को उसने बिना किसी सावधानी के सीधे पीछे से जोरदार ठोकर मार दी।



# बैल बांधने के विवाद पर भतीजे ने चाचा एवं चाची को टंगिए से मारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

बैल को नही बांधने से गुस्साए युवक ने अपने चाचा के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी भतीजा ने अपने चाचा को जान से मारने की धमकी देते हुए टंगिया से जानलेवा हमला किया। पीड़ित कि पत्नी बचाव करने के लिए आई तो उसके ऊपर भी हमला कर दिया। दोनो घायल जैसे तैसे अपनी जान बचाए और इलाज के लिए भानुप्रतापपुर के अस्पताल में गए। आरोपी ने धमकी दिया है कि अगर दुबारा घर आओगे, तो जान से जाओगे। घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया। भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे आसुलखार निवासी 40 वर्षीय भारत उईके पिता स्व. समारू उईके ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं। मै 27 नवंबर को शाम लगभग साढ़े 7 बजें घर के आंगन में आग जलाकर ताप रहा था, तभी मेरा भतीजा श्रवण उईके पिता स्व. बीजू राम आया। मुझे कहने लगा कि बैल को बांधते नहीं हो, छोड़ दिए हो कहते हुए गाली देने लगा। जान से मारने की धमकी देते हुए पास में पड़े लोहे की टंगिया से मेरे सिर में मारा, जिससे मेरे सिर और माथा पर चोट लगा और खून बहने लगा।

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

**Appointment आवश्यकता**

**सुरक्षागार्ड**

अतिशीघ्र आवश्यकता है- औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुपरवाइजर 16000/- फील्ड ऑफिसर 15000/- कंप्यूटर ऑपरेटर 3 सुरक्षा गार्ड 56 वेतन योग्यतानुसार (आवास फ्री ) संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, FF 6 जे शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ 7747000019, 7747000016, 7746000016, 7746000019. (RO-348)

**सेल्स ऑफिसर**

आवश्यकता है- एक अग्रणी 100 वर्ष पुराना समूह, जो वन-स्टॉप कंस्ट्रक्शन सॉल्यूशन के रूप में अपनी विरासत रखता है, 1. सेल्स ऑफिसर प्रोजेक्ट्स – रायपुर 2. सेल्स ऑफिसर प्रोजेक्ट्स – जगदलपुर 3. सेल्स ऑफिसर – कोंडागांव 4. सेल्स एक्जीक्यूटिव – HW पेंट्स काउंटर (रायपुर) 5. सेल्स ऑफिसर – कांकेर 6. सेल्स ऑफिसर – ऑल एरिया मुख्य कार्यालय रायपुर , शाखा कार्यालय जगदलपुर । WhatsApp पर अपना CV भेजें: 9685946665, या कॉल करें: 9685946665. Raj enterprises | Imdadi Buildmart | Imdadi Sons (RO-6580)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- डीजे साउंड सिस्टम दुकान में काम करने हेतु अनुभवी/ बिना अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है संपर्क:- दीपक साउंड सर्विस फूल चौक, जोरापारा, काली माता मंदिर के पास मोबाइल:- 98271-14645, 91311-39179.(RO-393)

हरिभूमि क्लासीफाईड

आवश्यकता है- रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी, रायपुर) में काम करने के लिए लड़का/ लड़की की आवश्यकता एवं अनुभवी सेल्समैन की आवश्यकता है मोबाइल 7067048454. (RO-6582)

**रिसेप्शनिस्ट/स्वीपर**

आवश्यकता है- 1. रिसेप्शनिस्ट (पुरुष) 2. रूम बॉय (पुरुष) 3. स्वीपर (पुरुष) संपर्क करे – सुबह 10 से 5 तक गॉस मेमोरियल सेंटर, जयस्तंभ चौक, के के रोड,रायपुर 0771-2536532.(RO-6577)

**होटलकर्मी**

आवश्यकता है- होटल कार्य (महिला/ पुरुष) पोस्ट - कुक/ शेफ, किचन स्टाफ, सुपरवाइजर, मैनेजर , रिसेप्शनिस्ट, सफाई कर्मचारी, वेटर,कप्तान .जानकार को प्राथमिकता। संपर्क -होटल अपना केशरी ,होटल शिव- प्रभा , पावर हाऊस भिलाई, मो.- 98932-15251,89669-81590.(आरो न.-694)

**मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव**

आवश्यकता है- अनुभवी म्युचुअल फंड्स फाइनेंशियल संबंधित कार्य हेतु सेल्स मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें - 9753122222. (RO-4044)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य की आवश्यकताएं 10वी 12वीं पास छात्रों के लिए जो कानपुर में रह कर काम कर सके वेतन 10000 + कमीशन +बोनस +प्रमोशन + रेल ट्रेनिंग के बाद कमाए 15 से 20 हजार महीना 8770508791, 7225815090.(RO-801)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य एवं टेलीकॉलिंग हेतु अविवाहित उत्साही लड़को की आवश्यकता है उम्र 18-28, वेतन 10,000/- +कमीशन +बोनस, ट्रेनिंग के पश्चात कमाये 15-20 हजार प्रतिमाह, रहना फ्री संपर्क:- 7870192397, 7796880121.(RO-385)

आवश्यकता है- ऑफिस में कंप्यूटर कार्य कॉलिंग कार्य हेतु घरेलू कार्य खाना बनाना लड़की/ महिला चाहिए वेतन 5000 से 10000 रहना खाना सुविधा बायोडाटा भेजिए मारवाड़ी मैरिज ब्यूरो भारत माता चौक गुढ़ियारी रायपुर Call 9039321951. (RO-394)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- शंकरनगर ऑफिस में - (1)कार चलाने हेतु अनुभवी , कुशल ड्राईवर (2)ऑफिस गर्ल की आवश्यकता है जो ऑफिस की साफ-सफाई व अन्य कार्यों में सहायता करें। बायोडाटा सहित संपर्क करें:- 9300532000 / 9893132000.(RO-1710)

आवश्यकता है- रायपुर उरकुरा स्थित फैक्ट्री में (टाटा एस, पिकअप) चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। लाइसेंस सहित संपर्क करें- मो - 7415626367 (RO-0091)

**घरेलु कार्य**

आवश्यकता है- रायपुर स्थित प्रतिष्ठित बंगले हेतु 12 एवं 24 घंटे कार्य हेतु अनुभवी, विश्वसनीय, जिम्मेदार घरेलू नौकर की आवश्यकता है अनुभव 5-10 वर्ष शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 10वीं पास वेतन 25,000/- प्रतिमाह सुविधाएं रहने, खाने की व्यवस्था नि.शुल्क स्थान सिविल लाइन्स रायपुर अनुभवी और जिम्मेदार व्यक्ति ही संपर्क करें:- 9109125252, 9109972720.(RO-391)

हरिभूमि क्लासीफाईड

आवश्यकता है- बच्चा संभालने हेतु 24 घंटे की बाई (लड़की) चाहिये। रहना एवं खाना दिया जाएगा। स्थान तेलीबांधा, रायपुर सम्पर्क करे:- 9575042814. (RO-402)

**सेल्समैन**

आवश्यकता है- इंडियन आईल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के सर्वो लुब्रिकेंट्स के वितरण कार्य हेतु ग्रेजुवेट अनुभवी सेल्समैन चाहिए। अनुभव 4 से 5 वर्ष एवं डिलवरी वाहन हेतु अनुभवी ड्राइवर चाहिए। कमर्शियल व्हीकल का लाइसेंस अनिवार्य। संपर्क:- 9425509393. (RO-740)

**असिस्टेंट/टेक्नीशियन**

आवश्यकता है- स्कूल हेतु रिसेप्शनिस्ट लैब असिस्टेंट कंप्यूटर टेक्नीशियन ड्राइवर, गार्ड , आया, बढ़ाई, एवम घर कार्य हेतु महिला कुक एवं सफाई कर्मी संपर्क - मॉडल इंग्लिश स्कूल, सिविल लाइन ,रायपुर । मोबाइल 9329621221, 9425214413. (RO-394)

**थेरेपिस्ट**

आवश्यकता है- पंचकर्म थेरेपिस्ट 2 मेल योग्यता: 10वीं पास समय: सुबह 10 से शाम 7 आयुर्वेदिक क्लिनिक - स्मृति नगर भिलाई, बोरसी दुर्ग वेतन :7000-9000 संपर्क:7000836094. (आरो नं.-10311)

**सुरक्षागार्ड**

आवश्यकता है- एरिया सिक्युरिटी ऑफिसर (ASO) सुरक्षागार्ड, की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। अनुभवी को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- ए 1 जीत सिक्युरिटीज प्राइवेट लिमिटेड, मंगला चौक सीएलसी प्लाजा बिलासपुर 7247247744, 9981210369. (RO-39258)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**मिस्त्री/कुली**

आवश्यकता है- प्लांट में निर्माण कार्य हेतु दैनिक वेतन पर मिस्त्री 100 पद, कुली 200 पद बढ़ई 200 पद, लोहार 200 पद की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 7000087500, 8602002511, 8234976143.(RO-39274)

**अन्य**

आवश्यकता है- पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें 8092366306, 9631470837.(RO-757)

आवश्यकता है- Reliance Jio 5-G कंपनी में पार्ट टाईम / फुल टाईम SMS करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए घर बैठे (15000-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- 9798544556, 9296821428.(RO-1243)

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, नोट- धोखेबाजों से सावधान, हेडऑफिस लोन डिपार्टमेंट हेल्पलाइन नंबर:- 8168338503, 8168328503.(RO-382)

फाइनेंस - विजया फाइनेंस कंपनी द्वारा सभी प्रकार के लोन आधार कार्ड लोन, बिजनेस, पर्सनल, होम, कृषि, महिला ग्रुप लोन, 40% छूट, आसानी से घरबैठे लोन, 2% ब्याज दर पर संपर्क:- 7750826959. (RO-395)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**Property प्रापर्टी**

**मकान**

बेचना है- अमलीडीह सेंट जोसेफ स्कूल रोड पर 1060 वर्गफीट प्लॉट एरिया में सर्व सुविधा युक्त 3 BHK मकान (पानी बोर सहित) अतिशीघ्र बेचना है संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 9301690016. (RO-401)




CLASSIFIED RATE CARD
01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

COLOUR 20% Extra Charge For Disply

5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| | | | |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (जैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेम प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वादों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

## जैकेट के शेष

### अब लगेगी चौके-छक्कों की ....

टिकट की उम्मीद में पहुंच रहे इंडोर स्टेडियम - बुकिंग पूरी हो जाने के बाद अब जिन लोगों को टिकट नहीं मिल पाई है, वे इंडोर स्टेडियम पहुंचकर अन्य लोगों से टिकट खरीदने की उम्मीद लगाए हुए हैं। इस बीच टिकटों की कालाबाजारी भी शुरू हो गई है। कई क्रिकेट प्रेमी मैच देखने की चाह में 1500 रुपये वाले टिकट के लिए 3000 रुपये तक देने को तैयार हैं।

### विदेशी खिलाड़ियों के लिए ....

विदेशी फूड तैयार किया जाएगा। दोनों टीमों की डाइट लिस्ट के अनुसार स्पेशल न्यूट्रिशन डाइट मेन्यू तैयार किया गया है। मैच वाले दिन भी होटल से सीधा खाना खिलाड़ियों तक स्टेडियम पहुंचाया जाएगा, ताकि फिटनेस और स्वाद दोनों में कोई कमी न हो।

### सुरक्षित भारत के ....

पुलिस को फिर से सक्रिय करने और औपनिवेशिक काल के आपराधिक कानूनों के स्थान पर लागू किए गए नए भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के बारे में जन जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

**आपदा प्रबंधन तंत्र को मज़बूत करें** : प्रधानमंत्री ने मज़बूत तैयारियों और समन्वय की आवश्यकता पर ज़ोर दिया और पुलिस प्रमुखों से चक्रवात, बाढ़ और अन्य प्राकृतिक आपात स्थितियों से निपटने प्रभावी आपदा प्रबंधन तंत्र को मज़बूत करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, ऐसी घटनाओं के दौरान जीवन की रक्षा और न्यूनतम व्यवधान सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय योजना, तत्क्षण समन्वय, त्वरित प्रतिक्रिया और समग्र सरकारी दृष्टिकोण आवश्यक हैं। **700 से अधिक अफसर वर्चुअल जुड़े** : सम्मेलन में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, गृहराज्य मंत्री और केंद्रीय गृह सचिव ने भाग लिया। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक, साथ ही केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और केंद्रीय पुलिस संगठनों के प्रमुखों ने प्रत्यक्ष रूप से भाग लिया, जबकि देश भर से विभिन्न रैंकों के 700 से अधिक अधिकारी वर्चुअल माध्यम से इस सम्मेलन में शामिल हुए।

**पुलिस बलों की जवाबदेही पर केंद्रित -मोदी** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स ट्विट कर कहा कि इस वर्ष का डीजीपी/आईजीपी सम्मेलन अत्यंत फलदायी रहा। हम सभी ने 'विकसित भारतः सुरक्षा आयाम' विषय के अनुरूप विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। पुलिस बलों के संबंध में व्यावसायिकता, संवेदनशीलता और जवाबदेही पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

### खुफिया जानकारी प्राप्त ...

आह्वान करते हुए कहा, फोरेंसिक के बेहतर अनुप्रयोग से आपराधिक न्याय प्रणाली और मजबूत होगी।

### मोदी-शाह दिल्ली रवाना ....

5 बजे विशेष विमान से रवाना हुए। उनके साथ राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, आईबी चीफ तपन डेका भी रवाना हुए।

### बस्तर का विकास ....

प्रवर्तन, पुनर्वास और सामुदायिक स्तर पर हस्तक्षेप एक साथ किया जाए।

### खुफिया ब्यूरो के ....

यह सम्मान शहरी पुलिस व्यवस्था में नवाचार और सुधार को प्रोत्साहित करने के लिए पहली बार स्थापित किया गया है।

### डीजीपी कॉन्फ्रेंस में ....

उपस्थिति ने इस आयोजन की गरिमा, महत्व और प्रभाव को कई गुना बढ़ा दिया। उन्होंने कहा कि पिछले तीन दिनों तक देश के सर्वोच्च नेतृत्व एवं सुरक्षातंत्र के शीर्ष अधिकारी छत्तीसगढ़ में उपस्थित रहे। राजधानी रायपुर में सम्पन्न यह सम्मेलन राष्ट्रीय सुरक्षात्मक नीतियों, रणनीतियों और समन्वय तंत्र पर गहन चर्चा का महत्वपूर्ण मंच बना है। मुख्यमंत्री श्री साय ने सम्मेलन के सुचारू संचालन, सुरक्षा व्यवस्था, प्रशासनिक समन्वय और आतिथ्य व्यवस्था में शामिल सभी अधिकारियों, कर्मियों और सुरक्षाबलों के प्रति हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

### स्वास्थ्य केंद्र में ....

केन्द्र के बाहर खुले में उसका प्रसव कराया। चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र अंतर्गत दूरस्थ ग्राम पंचायत लांजित में लम्बे समय से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित किया जा रहा है। रविवार को सुबह लांजित खाल पारा निवासी संगीता पति सुखलाल (24वर्ष) को प्रसव पीड़ा होने लगी तो परिजन उसे सुरक्षित प्रसव के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र में ताला लटकता देख परिजन को कोई उपाय नहीं सूझ रहा था। इधर संगीता प्रसव पीड़ा बढ़ने के कारण बेचैन होकर छटपटा रही थी। सुबह 10 बजे उसकी पीड़ा बढ़ जाने पर परिजन ने स्वास्थ्य केंद्र के बाहर खुले में उसका प्रसव कराया।

### नेशनल हेराल्ड केस ....

भारतीय दंड विधान की धारा 120बी (आपराधिक षड्यंत्र), धारा 403 (संपत्ति का दुरुपयोग), धारा 406 (आपराधिक विश्वासघात के लिए दंड) और धारा 420 (धोखाधड़ी) के तहत आरोप लगाए हैं, जिसमें गांधी परिवार, कांग्रेस नेता सुमन दुबे और सैम पित्रोदा के अलावा यंग इंडियन (वाईआई) और डोटेक्स मर्चेंडाइज लिमिटेड जैसे प्रतिष्ठानों, डोटेक्स के प्रवर्तक सुनील भंडारी, एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) और अन्य अज्ञात लोगों के नाम शामिल हैं।

### 'लाल आतंक' को फिर ....

शासन द्वारा मिलने वाली अन्य सुविधाएं स्किल डेवलपमेंट के लिए प्रशिक्षण, कृषि भूमि मुहैया कराई जाएगी। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों में कुमली उर्फ अनिता मण्डावी सदस्य/एसजेडसीएम कमलेश की गार्ड 8 लाख ईनामी, गीता उर्फ लख्मी उर्फ लक्ष्मी मड़काम सदस्य 8 लाख ईनामी, रंजन उर्फ सोमा मण्डावी सदस्य 8 लाख ईनामी, भीमा उर्फ जहाज कलमू सदस्य 8 लाख ईनामी, क्रांति उर्फ पोदिये गावड़े एसीएम आमदई एरिया कमेटी 5 लाख ईनामी, कुमारी मुन्नी कर्मा सदस्य 2 लाख ईनामी, लक्ष्मी अटामी सदस्य 2 लाख ईनामी, कृष्णा पदामी पल्लेवाया पंचायत मिलिषिया कमाण्डर 2 लाख ईनामी, मगंड़ी उर्फ मंगली हेमला ककाड़ी आरपीसी केएएमएस अध्यक्ष 2 लाख ईनामी, दशरू डोडी बेलनार आरपीसी मिलिशिया सदस्य 2 लाख ईनामी, नंदू मंडावी गमपुर पंचायत सीएनएम कमाण्डर 2 लाख ईनामी, विज्जा मिच्चा कोलनार आरपीसी मिलिषिया अध्यक्ष 2 लाख ईनामी, हिड़मे कुहड़ाम एरिया कृषि शाखा अध्यक्ष 1 लाख ईनामी, रोशनी उर्फ हुंगी सोड़ी आमदई एरिया कमेटी पार्टी सदस्य 1 लाख ईनामी, राजू उर्फ गांधी लेकाम इन्द्रावती एरिया कमेटी पार्टी सदस्य 1 लाख ईनामी, जनकू वेको बोड़गा आरपीसी जनताना सरकार अध्यक्ष 1लाख ईनामी, बुधराम माड़वी पल्लेवाया आरपीसी जनताना सरकार अध्यक्ष 1 लाख ईनामी, सुखमति उर्फ सुक्की ताती एलओएस सदस्य 1 लाख ईनामी, सुकलू कड़ियाम गमपुर आरपीसी जनताना सरकार अध्यक्ष 1 लाख ईनामी, टाकलू उर्फ अजय कष्यप आमदई एरिया कमेटी पार्टी सदस्य 1 लाख ईनामी, बामन मण्डावी हण्ड्री आरपीसी जनताना सरकार अध्यक्ष 1 लाख ईनामी, अर्जुन कुंजाम भैरमगढ़ एरिया कमेटी पार्टी सदस्य 1 लाख ईनामी, कुमारी सोमारी परसा - इन्द्रावती एरिया कमेटी पार्टी सदस्य 1 लाख ईनामी, विजय ओयाम इन्द्रावती एरिया कमेटी पार्टी सदस्य 1 लाख ईनामी, फुलमती उर्फ शांति वेको भैरमगढ़ एरिया कमेटी पार्टी सदस्य 1 लाख ईनामी, नितेष उर्फ बदरू अलामी कुसमेली आरपीसी सीएनएम सदस्य 50 हजार ईनाम, सुखराम कुहड़ाम जैगूर 50 हजार ईनामी, मारा राम लेकाम मूलवासी बचाओ मंच सदस्य, हेमला बुगुर - ताकीलोड़ पंचायत कृषि शाखा सदस्य, बबलु ओयाम बेचापाल आरपीसी छात्र संगठन सदस्य, मंगडू लेकाम डोडीतुमनार आरपीसी डीएकेएमएस सदस्य, बामन उर्फ साई कुंजाम डोडीतुमनार ,मल्ला बारसे रेवाली पंचायत संघम सदस्य, पाण्डू ताती ग्राम अचेली जीआरडी सदस्य, नंदा मड़काम ककाड़ी आरपीसी केएमएस सदस्य, देवे मड़काम केएमएस सदस्य तथा लिंगा कुंजाम अरनपुर शामिल थे।

**508 माओवादियों ने छोड़ी हिंसा** : पिछले 20 महीनों में दंतेवाड़ा जिला में 165 ईनामी माओवादी सहित कुल 508 से अधिक माओवादियों ने हिंसा का मार्ग छोड़कर सामाजिक मुख्यधारा को अपनाया है। माओवादियों की वरिष्ठ नेतृत्व से लेकर आधार क्षेत्र के सक्रिय कैडर तक बड़ी संख्या में माओवादी संगठन से अलग हो चुके हैं।

**1160 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण** : लोन वरार्टू अभियान के तहत अब तक 333 ईनामी माओवादियों सहित 1160 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया। जिसमें जिला दन्तेवाड़ा के साथ सीमावर्ती जिलों बस्तर, बीजापुर एवं नारायणपुर के 916 पुरुष माओवादी तथा 244 महिला माओवादी शामिल हैं।

### सरकार लाएगी 14 ....

चाहिए। सरकार ने हालांकि कहा कि संसद की कार्यवाही अच्छी तरह चलनी चाहिए और वह गतिरोध की स्थिति को टालने के लिए विपक्षी दलों के साथ बातचीत जारी रखेगी।

### लोकसभा और राज्यसभा ....

(संशोधन) बिल, 2025

10. आर्बिट्रेशन एंड कंसिलिएशन (संशोधन) बिल, 2025
11. हायर एजुकेशन कमिशन ऑफ इंडिया बिल, 2025
12. सेंट्रल एक्साइज (संशोधन) बिल, 2025
13. हेल्थ सिक्योरिटी सेस/नेशनल सिक्योरिटी सेस बिल, 2025
14. वर्ष 2025-26 के लिए प्रथम पूरक अनुदान मांगें (फाइनेंशियल बिजनेस)।

# बिहार विस का नया सत्र आज से, विधायक लेंगे शपथ, कल होगा स्पीकर का चुनाव

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार की 18वीं विधानसभा के पहले सत्र की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर के आदेश के बाद विधानसभा सचिवालय ने स्पीकर चुनाव की आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी। इसके अनुसार 18वीं बिहार विधानसभा का पहला सत्र 1 दिसंबर से शुरू होगा और अगले दिन यानी 2 दिसंबर को नए विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) का चुनाव होगा।

सत्र के पहले दिन आज सबसे पहले नवनिर्वाचित 243 विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी। हालांकि सत्ताधारी एनडीए ने स्पीकर के लिए नाम की घोषणा नहीं की है। वहीं विपक्षी महागठबंधन की ओर से अभी स्पीकर चुनाव लड़ने का कोई संकेत नहीं मिला है।




### स्पीकर पद के लिए सारी कार्रवाई आज

प्रोटेम स्पीकर के रूप में वरिष्ठ जदयू विधायक नरेंद्र नारायण यादव को नियुक्त किया गया है। वे सबसे पहले खुद शपथ लेंगे और उसके बाद बाकी सभी विधायकों को शपथ दिलाएंगे। शपथ ग्रहण के बाद उसी दिन स्पीकर पद के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया होगी। नामांकन वापसी का भी उसी दिन मौका रहेगा। 2 दिसंबर को सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होते ही स्पीकर का चुनाव कराया जाएगा।

### निर्विरोध न होने पर होगा मत विभाजन

*यदि एक से अधिक उम्मीदवार मैदान में रहे तो मत विभाजन से स्पीकर चुना जाएगा। नए स्पीकर के चुने जाने तक प्रोटेम स्पीकर नरेंद्र नारायण यादव ही सदन का संचालन करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, बीजेपी के वरिष्ठ नेता और वर्तमान मंत्री प्रेम कुमार को विधानसभा का नया स्पीकर बनाया जा सकता है। जदयू कोटे से वरिष्ठ विधायक विजय कुमार चौधरी या विजेंद्र यादव के नाम चर्चा में हैं. पिछली बार भी जदयू के विजय कुमार चौधरी ही स्पीकर थे।*

### स्पीकर चुनाव लड़ने ऐसी होनी चाहिए स्थिति

वर्तमान में बिहार विधान सभा बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता का पद पाने के लिए किसी दल को कुल 243 सीटों में से कम से कम 10 फीसदी सीटें जीतना जरूरी है। एनडीए के पास 202 सीटों के साथ सदन में प्रचंड बहुमत है। वह आसानी से अपना स्पीकर चुन लेगा। चूंकि महागठबंधन की कुल जमा 36 सीटें ही आई हैं, जिस कारण वह स्पीकर पद के लिए अपना उम्मीदवार खड़ा करने की स्थिति में ही नहीं है। जैसे तैसे आरजेडी 1 सीट के अंतर से विपक्ष के नेता का पद बचाने में सफल रही है।

# यूक्रेन ने उड़ाए दो रूसी तेल टैंकर, भड़के पुतिन ने कर दिया कई शहरों को तबाह



एजेंसी ▶▶ कीवी

यूक्रेन युद्ध को रोकने की कोशिशों में अचानक बड़ी हलचल शुरू हो गई है। यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध समाप्त करने के रोडमैप पर बातचीत होना है वहीं इसके पहले यूक्रेन ने दो रूसी तेल टैंकर पर हमले कर दिए। यूक्रेन के इस हमले के बाद रूसी राष्ट्रपति भड़क गए और रूस की सेना ने यूक्रेन के कई शहरों में भीषण मिसाइली हमला कर दिया जिससे वहां तबाही मच गई। इस हमले में कई लोगों की मौत के समाचार भी हैं।

रूस द्वारा किए गए इस हमले में कई लोगों की मौत के साथ ही 29 नागरिक घायल हुए, जिनमें कई पर गिरते मलबे ने चोट पहुंचाई. जेलेंस्की प्रशासन ने कहा कि रूस हर सर्दी की तरह इस साल भी ठंड को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है। हीटिंग और बिजली को निशाना बनाकर आम लोगों का मनोबल तोड़ने की कोशिश की जा रही है।

### रूस ने यूक्रेन पर किए ताबड़तोड़ हमले

रूस ने इन हमलों का जवाब रातभर की भारी बमबारी से दिया। कीव, डिनिप्रो और दक्षिणी इलाकों पर मिसाइलों और ड्रोन की बारिश कर दी गई। राजधानी में कई जगह बिजली बंद हो गई, तीन लोग कीव और आसपास के इलाकों में मारे गए, जबकि डिनिप्रो और खेरसॉन में भी लोगों की जान गई।

**सी बेबी ड्रोन टैंकर से टकराए, लगी आग** : इधर, जमीनी मोर्चे पर भी स्थिति बेहद तनावपूर्ण है। काला सागर में यूक्रेन ने रूस के दो बड़े तेल टैंकरों काइरोस और विराट पर समुद्री ड्रोन से हमला किया। फुटेज में ये 'सी बेबी' ड्रोन टैंकरों से टकराते दिखे। दोनों जहाजों को भारी नुकसान हुआ और उन्हें सर्विस से बाहर कर दिया गया। ये वही टैंकर हैं जिन्हें रूस प्रतिबंधों से बचकर कच्चा तेल विदेश भेजने के लिए इस्तेमाल करता है।

# अलवर के किसानों ने खेतों में ही नष्ट कर दी 1000 करोड़ की प्याज की फसल

निर्यात पर प्रतिबंध से लागत नहीं निकलने से दुखी



एजेंसी ▶▶ अलवर

अलवर जिले की प्रसिद्ध लाल प्याज के भाव में आई जबरदस्त गिरावट ने स्थानीय किसानों को गहरे संकट में डाल दिया है। पिछले साल 2200 रुपये प्रति 40 किलोग्राम बिकने वाली प्याज इस साल मात्र 200 से 500 रुपये प्रति 40 किलोग्राम के भाव पर सिमट गई है। इस भारी गिरावट के कारण कई किसानों ने अपनी फसल को खेत में ही नष्ट कर दिया है, क्योंकि मंडी तक लाने की लागत भी नहीं निकल पा रही है। अनुमान है कि इससे जिले के लगभग एक लाख परिवार प्रभावित हुए हैं और किसानों को 500 से 1000 करोड़ रुपये तक का भारी नुकसान हुआ है।

किसानों के अनुसार एक बीघा में प्याज की फसल तैयार करने में करीब 50,000 से 60,000 रुपये का खर्च आता है। इसमें बीज, खाद, दवाई, सिंचाई और मजदूरी का खर्च शामिल है। लेकिन इस बार बाजार में उनकी प्याज 15,000 से 20,000 रुपये प्रति बीघा से भी कम में बिक रही है। मंडी तक फसल लाने में अलग से होने वाले खर्च ने किसानों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।

किसानों ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्याज के निर्यात पर लगाई गई पाबंदी का सीधा असर स्थानीय बाजार पर पड़ा है। पिछले दिनों हुई बारिश के कारण प्याज की फसल में नमी और गलन की समस्या आई, जिससे उसकी गुणवत्ता प्रभावित हुई। खराब होने के डर से दूसरे राज्यों के व्यापारियों ने अलवर से प्याज की खरीदारी कम कर दी।

## पेज एक के शेष

### चूहों के हमले से पक्षियों की मौत...

पक्षियों पर हमला कर रहे। चूहों के हमले से पक्षियों की मौत हो रही है। इस संबंध में 30 नवंबर को प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने के बाद जंगल सफारी के डायरेक्टर सहित अन्य जिम्मेदार व्यवस्था सुधारने के नाम पर सुबह 9 बजे नंदनवन पहुंच गए। जहां उन्होंने पक्षियों को जंगल सफारी शिफ्ट कराया। इस संबंध में सफारी के जिम्मेदार अब कुछ भी बोलने से बच रहे। हेड ऑफ फॉरेस्ट वी. श्रीनिवास राव से संपर्क किया गया तो उन्होंने पूरे मामले की जानकारी लेने के बाद उचित कार्रवाई करने की बात कही।

**चूजे-अंडे पक्षी विहार में छोड़ गए** : सरपंच ने बताया कि जंगल सफारी से आए जिम्मेदार इतनी हड़बड़ी में थे कि पक्षियों को तो अपने साथ ले गए। ग्रामीण उनको जब तक रोकते, तब तक सफारी से आए लोग पक्षियों को कार में ले भागे। पक्षियों को ले जाने की हड़बड़ी में उनके चूजे तथा अंडे वहीं छोड़ गए। ऐसे में खुली जगह में बगैर मां के चूजे तथा अंडों में पल रहे चूजों की ठंड में मौत हो सकती है।

**इन प्रजाति के पक्षियों को ले गए** : जंगल सफारी से आए जिम्मेदार अफसर-कर्मचारी नंदनवन से जिन पक्षियों को छोटे पिंजरे में कैद कर ले गए हैं, उनमें कॉकटेव बर्ड, बडीज के साथ संरक्षित प्रजाति के तोते समेत अन्य प्रजाति के पक्षी शामिल हैं। बताया जा रहा है, नंदनवन से पक्षी ले जाने के समय जिम्मेदार अफसरों ने सभी कर्मियों के मोबाइल अपने पास रख लिए थे। पक्षी ले जाने के दौरान कोई फोटो खींच न पाए, इसलिए सभी के मोबाइल जमा करा लिए गए थे।

**नियमों को ताक पर रख ले गए पक्षी** : सीजेडए के नियमों के अनुसार, जू में रहने वाले वन्यजीवों के साथ किसी भी पक्षी का स्थानांतरण एक जू से दूसरे जू में हो सकता है। इसके लिए सीजेडए की अनुमति जरूरी है। जू में किसी अन्य क्षेत्र से वन्यजीव या पक्षी लाकर रखना मना है। अन्य क्षेत्र से घायल पक्षी, वन्यजीव को उपचार के लिए जू के रेस्क्यू सेंटर में रखा जा सकता है। स्वस्थ होने पर पक्षी, वन्यजीव को उनके सुरक्षित रहवास क्षेत्र में छोड़ना है। खुली जगह से लाए गए उसी एनिमल, पक्षी को जू में रखा जा सकता है, जो परमानेंट उड़ने, शिकार करने या स्वतंत्र विचरण करने में अक्षम हो या फिर किसी वन्यजीव का शावक, जो लावारिस हालत में मिला हो, उसे जू में रख सकते हैं। नंदनवन पक्षी विहार जू की श्रेणी से बाहर है, फिर किस नियम के तहत वहां के पक्षियों को जंगल सफारी में शिफ्ट किया गया।

**इको टूरिस्ट सेंटर विकसित करने प्लान** : पक्षियों के ले जाने के संबंध में चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन अरुण कुमार पाण्डेय से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा, नंदनवन पक्षी विहार को इको टूरिस्ट सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि नंदनवन पक्षी विहार पूर्व से इको टूरिस्ट सेंटर है, साथ ही नंदनवन को पक्षी विहार के रूप में विकसित किया गया है।

### दितवाह की एंट्री, तमिलनाडु-पुडुचेरी में...

पूर्व-दक्षिणपूर्व, कराईकल से 100 किमी उत्तरपूर्व, पुडुचेरी से 110 किमी दक्षिणपूर्व, वेदारण्यम से 140 किमी उत्तरपूर्व, पुडुचेरी से 160 किमी दक्षिणपूर्व और चेन्नई से 180 किमी दक्षिण-दक्षिणपूर्व में केंद्रित है।

## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

# नेहरू ने देश को दिया गहरा जख्म वडोदरा में नड्डा ने कांग्रेस को घेरा

एजेंसी ▶▶ वडोदरा

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू पर बड़ा हमला बोला है। वडोदरा में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश को एक सूत्र में पिरोया था। वहीं, नेहरू ने जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 लागू करके भारत की एकता को कमजोर किया। नड्डा ने इसे देश के लिए एक गहरा जख्म बताया।



**नेहरू की गलती से अलग हुआ विधान** : बीजेपी अध्यक्ष ने सरदार पटेल को 'राष्ट्र पुरुष' बताया। उन्होंने कहा कि नेहरू की वजह से कश्मीर में अलग झंडा और अलग प्रधानमंत्री की व्यवस्था बनी। वहां भारत के कानून लागू नहीं होते थे। यह सब नेहरू की देन थी। उन्होंने कहा कि हमें देश जोड़ने वालों के साथ-साथ देश को कमजोर करने वालों को भी याद रखना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति ने ही इस गलती को सुधारा है। जेपी नड्डा ने कांग्रेस पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने एक सोची-समझी साजिश के तहत सरदार पटेल का नाम इतिहास से मिटाने की कोशिश की।

### 562 रियासतों का किया विलय

नड्डा ने सरदार पटेल की 150वीं जयंती समारोह के तहत 'सरदार@150 राष्ट्रीय एकता मार्च' को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने 562 रियासतों को एक साथ लाया और उनका भारत में विलय कराया। दूसरी तरफ, जवाहरलाल नेहरू ने कश्मीरी होने के नाते सिर्फ एक राज्य (जम्मू-कश्मीर) का जिम्मा लिया था। उनका वह फैसला देश की अखंडता के लिए मुसीबत बन गया। यह फैसला बाद में अनुच्छेद 370 के रूप में जाना गया।


इंडियनऑयल
IndianOil
CIN-L23201MH1959GOI011388

विपणन प्रभाग — मध्य प्रदेश राज्य कार्यालय

**सर्वो स्टॉकिस्ट की नियुक्ति के लिए नोटिस**

| एनआईटी नंबर /नियुक्ति का नाम | आवेदन की अवधि |
|---|---|
| एनआईटी संख्या: MPSO/Lubes/2025-26/6 एवं 7 निम्नलिखित स्थानों पर ग्रामीण सर्वो स्टॉकिस्ट (GSS) एवं सर्वो स्टॉकिस्ट रिसेलर (SSR) की नियुक्ति: | आवेदन दस्तावेज प्रकाशित और डाउनलोड की शुरूआत 1.12.2025, 10:00 बजे से होगी। भौतिक आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख: 21.12.2025, 16:00 बजे तक |

| क्र. सं. | स्थान | राजस्व जिला | राज्य | ऑपरेशन की टेरिटरी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बिलासपुर | बिलासपुर, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही और मुंगेली | छत्तीसगढ़ | छत्तीसगढ़ का जिला बिलासपुर, जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही और जिला मुंगेली |
| 2 | खंडवा | खंडवा, बुरहानपुर और हरदा | मध्य प्रदेश | मध्य प्रदेश के खंडवा, बुरहानपुर और हरदा जिले |

किसी भी स्पष्टीकरण के लिए कृपया निम्नलिखित संपर्क नंबरों पर हमारे स्थानीय बिक्री अधिकारियों से संपर्क करें:

| स्थान | कार्यकारी का नाम | संपर्क नंबर | ईमेल |
|---|---|---|---|
| बिलासपुर | श्री अभिषेक बैनर्जी | 9437038823 | abanerjee@indianoil.in |
| खंडवा | श्री सतीश कुमार | 9713016039 | ksatish@indianoil.in |

इच्छुक उम्मीदवार https://spandan.indianoil.co.in/BPSP/HomePage.jsp से आवेदन पत्र और दिशानिर्देश डाउनलोड कर सकते हैं। आवेदन पत्र में उल्लिखित सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ भरा हुआ आवेदन पत्र, समापन तिथि और समय या उससे पहले एनआईटी में उल्लिखित पते पर प्रस्तुत किया जाना चाहिए। शुद्धिपत्र, यदि कोई होगा, तो इसी वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।



**लापता**



नाम : अंजू बाई साहू
उम्र : 40 वर्ष
पति : मोहन राम साहू
निवास : ग्राम बकली (कुरूद)
ऊंचाई : 5 फीट, रंग : गोरा
दिनांक : 24.11.25, सोमवार
समय : दोपहर 2.30 बजे से
पहचान : पीला साड़ी, लाल गमछा, पानी बॉटल
मानसिक स्थिति : कमजोर
मोबा. नं. : 9669961093, 7974714748
नोट : पता बताने वाले को उचित ईनाम दिया जाएगा।


## शब्द पहेली - 6064



**बाएँ से दाए**
1. अपनापन का विलोम-5
4. हठ करना, रोना, लालसा करना-4
7. गीत (अंग्रेजी-2)
8. गलीचा, कारपेट-3
9. किनारा, छोर-2
10. झगड़ा, कहासुनी-4
11. समय, वक्त-2
13. बेबस-3
14. राष्ट्र, स्वदेश-2
15. पुत्र, लड़का-3
17. प्राप्त करना-2
19. सेंधमार-5
22. चरित्र, व्यवहार-2,3
25. जीव, दूत, जासूस-2
26. आत्मबलि देना-3
28. ताकत, जोश, बल-2
29. कराह, टीस, लालसा-3
30. वहम, संदेह-2
32. आह भरना-4
34. दूर्वा, घास-2
36. चोंगा, गाऊन-3
37. सफर, जात्रा-2
38. दयालु, कृपालु-4
39. निर्माण करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. पांव, पैर-2
2. भिखारी, मंगता-3
3. अस्वीकृत करना-3,2
4. माला का मोती-3
5. बुरी आदत-2
6. नाटक से परिपूण-4
7. हल्का काला, श्याम-5
10. व्यवस्थित-4
12. बुरी आदत-2
16. अनुकृति-3
17. तांबूल, पत्ता-2
18. रुखसार, कपोल-2
20. डोली अथवा पालकी उठाने वाले -3
21. जोड़, योग-2
22. चतुर्थ-2
23. आनंद ध्वनि करना-4
24. महात्मा गांधी की दांडी यात्रा-5
25. चमकीला-5
26. नीच, नराधम -4
27. विनाश, नेस्तनाबूत-2
31. रंग (अंग्रेजी-3)
33. पराजित करना-3
35. गौरेया, एक चिड़िया-2
37. दोस्त, मित्र, सखा-2

**शब्द पहेली- 6063 का हल**



## सूडोकु नवताल- 6074

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 6073 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

# सोना फिर रिकॉर्ड ऊंचाई को छू सकता है, नजर फेड के चेयरमैन पर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


- सोना अब सीमित दायरे से बाहर निकल आया है

विश्लेषकों के अनुसार सोने की कीमतें अगले सप्ताह मजबूती के साथ रिकॉर्ड स्तर के करीब पहुंच सकती हैं। विश्लेषकों का कहना है कि निवेशकों का पूरा ध्यान अमेरिका के महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़ों, फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल के भाषण और भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति पर टिका है। जे एम फाइनेंशियल के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा, /"सोना अब उस सीमित दायरे से बाहर निकल आया है जिसमें वह काफी दिनों से फंसा हुआ था। निवेशक दुनिया भर के विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के आंकड़ों, अमेरिका के रोजगार आंकड़ों और उपभोक्ताओं की मनोदशा पर पूरा ध्यान दे रहे हैं।/"

### निवेशकों के पूरा ध्यान पॉवेल व आरबीआई के मौद्रिक नीति पर

#### सोने-चांदी को लेकर रुझान सकारात्मक

क्वांटेस रिसर्च के संस्थापक कार्तिक जोनागडला ने कहा, /"निवेशकों के लिए सोना सबसे सीधा और स्पष्ट तरीका है यह बताने का कि वे अमेरिका में वास्तविक ब्याज दरों के भविष्य को लेकर क्या सोचते हैं।/" उन्होंने आगे कहा, /"जब तक दिसंबर में ब्याज दर कटौती की मजबूत संभावना बनी हुई है, सोने-चांदी को लेकर रुझान हल्का सकारात्मक रहेगा।



#### कमजोर रुपए ने सोने की मांग बढ़ाई

एंजल वन के वरिष्ठ शोध अधिकारी प्रथमेश माल्या ने कहा, /"भारत में रुपये की कमजोरी और स्थानीय मांग ने सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव को बहुत बढ़ाया है। त्योहार, शादियां और लगातार जारी आभूषणों की खरीदारी भारतीय बाजार में सोने-चांदी की कीमतों को मजबूत सहारा दे रही है।/"

*केंद्रीय बैंक लगातार सोना खरीद रहें : माल्या ने आगे कहा कि दुनिया के केंद्रीय बैंक लगातार सोना खरीद रहे हैं, जिससे लंबी अवधि में सोने का परिदृश्य सकारात्मक बना रहेगा। उन्होंने कहा,/"पिछले कई सालों से केंद्रीय बैंक सोना जमा करते आ रहे हैं और यह सिलसिला 2026 में भी जारी रहेगा।/"*

#### निवेशकों की सभी घटनाओं पर बारीक नजर

मेर ने आगे कहा, /"इन सबके अलावा सोमवार को फेड चेयरमैन जेरोम पॉवेल का भाषण, रूस-यूक्रेन शांति वार्ता में होने वाली प्रगति और शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक की नीति बैठक भी होगी। निवेशक इन सभी घटनाओं पर बहुत बारीकी से नजर रखेंगे।/" मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर फरवरी 2026 सोना वायदा भाव पिछले सप्ताह 3,654 रुपये यानी 2.9 प्रतिशत चढ़ा और शुक्रवार को 1,29,504 रुपये प्रति दस ग्राम पर बंद हुआ।


## खबर संक्षेप

### पूंजीकरण में सबसे अधिक फायदा में रिलायंस रही




**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 96,200.95 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे ज्यादा फायदा रिलायंस इंडस्ट्रीज और बजाज फाइनेंस को हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 474.75 अंक या 0.55 प्रतिशत चढ़ा।

### लोढ़ा डेवलपर्स 14 हजार करोड़ की परियोजना करेगी शुरू




**नई दिल्ली।** रियल्टी कंपनी लोढ़ा डेवलपर्स लिमिटेड अपने कारोबार को बढ़ाने के लिए चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में 14,000 करोड़ रुपये की 15 आवासीय परियोजनाएं शुरू करने की योजना बना रही है। मुंबई स्थित लोढ़ा डेवलपर्स देश की अग्रणी रियल एस्टेट कंपनियों में से एक है। यह लोढ़ा ब्रांड के तहत संपत्तियां बेचती है।

### बीते सप्ताह मूंगफली और सोयाबीन में रहा सुधार




**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सरसों एवं मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चे पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम सुधार के साथ बंद हुए। वहीं सोयाबीन डी-आयल्ड केक की कमजोर स्थानीय मांग के कारण मिल वालों की मांग प्रभावित रहने से सोयाबीन तिलहन के दाम गिरावट के साथ बंद हुए।

### वेकफिट आठ दिसंबर को आईपीओ लाएगी




**नई दिल्ली।** घरेलू सामान और फर्नीचर बनाने वाली कंपनी वेकफिट इनोवेशंस आठ दिसंबर को अपना प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम लाएगी, जिसमें 377 करोड़ रुपये तक के नए शेयर जारी किए जाएंगे। कंपनी का आईपीओ 10 दिसंबर को बंद होगा तथा एंकर निवेशकों को पांच दिसंबर को शेयर आवंटित किए जाएंगे।

### एफपीआई ने नवंबर में बाजार से निकाले 3,765 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** एफपीआई भारतीय शेयर बाजार में फिर बिकवाल बन गए है। अक्टूबर में थोड़े ठहराव के बाद विदेशी निवेशकों ने नवंबर में भारतीय शेयरों से शुरू रूप से 3,765 करोड़ रुपये निकाले हैं। ऐसा वैश्विक स्तर पर जोखिम लेने की क्षमता में कमी, वैश्विक स्तर पर प्रौद्योगिकी शेयरों में उतार-चढ़ाव और प्राथमिक बाजार को प्राथमिकता देने की वजह से हुआ है।

### जम्मू-कश्मीर में 10.07 लाख लोगों को मिला ऋण



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में 10.07 लाख से अधिक लाभार्थियों को ऋण सहायता प्रदान की गई तथा बैंकों ने 43,000 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण वितरित किए। जम्मू में मुख्य सचिव अटल डुल्लू की अध्यक्षता में आयोजित केंद्रशासित प्रदेश स्तरीय बैंकर समिति की 17वीं बैठक में दी गई। बैठक में 2025-26 की पहली तिमाही तथा पहली छमाही में बैंकों तथा वित्तीय संस्थानों द्वारा ऋण तथा अन्य बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के प्रदर्शन की समीक्षा की गई।

## श्रम मामलों के विशेषज्ञ व अर्थशास्त्री ने कहा

# श्रम कानून नियोक्ताओं के हित में, केवल संगठित क्षेत्र के कर्मचारियों को होगा लाभ: विशेषज्ञ

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

श्रम मामलों के विशेषज्ञ और अर्थशास्त्री प्रोफेसर संतोष मेहरोत्रा ने कहा है कि नई श्रम संहिता में 'फिक्स्ड टर्म' कर्मचारियों की श्रेणी में समयसीमा का जिक्र नहीं होना और श्रम निरीक्षकों की कमी जैसे खामियां नये श्रम कानून को श्रमिकों के बजाय नियोक्ताओं के हित में बनाती हैं। साथ ही इस कानून से देश में काम कर रहे लगभग 61 करोड़ कामगारों में से केवल संगठित क्षेत्र में कार्यरत केवल 15 प्रतिशत कर्मचारियों को ही लाभ होगा।

मेहरोत्रा ने यह भी कहा कि अब कंपनियां अपने कई कार्यों के लिए 'कान्ट्रैक्टर' के जरिये कर्मचारी लेती हैं। हालांकि, ऐसे मामलों में इन कर्मचारियों का मूल नियोक्ता वह है जहां वह काम करता है। लेकिन असल में वह कानून के तहत कांट्रैक्टर या ठेकेदार का ही कर्मचारी है और सीधे नियुक्त न होने वाले इस कर्मचारी के बारे में नई श्रम संहिता कुछ नहीं कहती है।

#### श्रमिकों को सार्थक लाभ मिलता है

मानव संसाधन सेवाएं देने वाली कंपनी रैंडस्टैड इंडिया के जनरल काउंसल डॉ. सचिन बिराज ने कहा, "नई श्रम संहिताओं का कार्यान्वयन भारत के प्रतिभा परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण संरचनात्मक कदम है। श्रम संहिताएं सभी प्रकार के अनुबंधित और निश्चित अवधि के श्रमिकों को सार्थक लाभ प्रदान करती हैं और यह भारत के श्रम ढांचे में सबसे प्रगतिशील बदलावों में से एक है।"

### कर्मचारियों को बहुत ज्यादा फायदा होता नहीं दिख रहा




*पूर्ववर्ती योजना आयोग के अंतर्गत आने वाला इंस्टिट्यूट ऑफ एप्लॉयड मैनपावर रिसर्च (वर्तमान में नीति आयोग के अंतर्गत नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ लेबर इकॉनमिक्स रिसर्च एंड डेवलपमेंट) के महानिदेशक रह चुके मेहरोत्रा ने कहा, "नई श्रम संहिता में कर्मचारियों को बहुत फायदा होता हुआ नहीं दिख रहा है। यही कारण है कि सभी श्रमिक संगठन (भारतीय मजदूर संगठन) इसका विरोध कर रहे हैं।'*

#### अधिक पीएफ बचत कर सकेंगे

बिराज ने कहा, नए ढांचे के तहत, संगठित क्षेत्र के अनुबंध पर काम करने वाले कामगारों के लिए अधिक मानकीकृत और पारदर्शी रोजगार शर्तें होने की संभावना है। हालांकि, इसके लिए जरूरी है कि संबंधित राज्य सरकारें लागू प्रावधानों को अधिसूचित और कार्यान्वित करें। वेतन की एक समान परिभाषा यह सुनिश्चित करती है कि अनुबंधित श्रमिक अब अधिक पीएफ बचत कर सकेंगे।

- श्रम संहिता में फिक्स्ड कर्मियों की श्रेणी में समयसीमा का जिक्र नहीं
- श्रम निरीक्षकों की कमी जैसी खामियां नए श्रम कानून में
- देश में काम कर रहे लगभग 61 करोड़ कामगारों संगठित क्षेत्र में

#### 29 मौजूदा श्रम कानूनों को तर्कसंगत बनाने की कोशिश

*सरकार ने सभी चार श्रम संहिताओं... वेतन संहिता, 2019, औद्योगिक संबंध संहिता, 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 तथा व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य दशा संहिता, 2020 को हाल ही में अधिसूचित किया है। इस प्रमुख श्रम सुधार के जरिये 29 मौजूदा श्रम कानूनों को तर्कसंगत बनाने की कोशिश की गई है।*

#### सीधी नियुक्ति पर सुविधाएं व लाभ देना होगा

*वर्तमान में मॉस्को स्थित हायर स्कूल ऑफ इकॉनमिक्स के इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन में 'लीड रिसर्च फेलो' और ब्रिटेन के बाथ विश्व-विद्यालय के सेंटर फॉर डेवलपमेंट स्टडीज में 'विजिटिंग' प्रोफेसर मेहरोत्रा ने कहा, "दूसरी समस्या यह है कि नए कानून के तहत अगर किसी कर्मचारी को आपने सीधे नियुक्त किया है, तो उसको उतनी ही सुविधाएं एवं लाभ देने होंगे, जो आप स्थायी कर्मचारी को देते हैं। यानी आपको समान वेतन देना होगा।*

#### वेतन एक समान होगा

*मेहरोत्रा ने कहा, "कानून कहता है कि चाहे अनुबंध पर हो या फिर स्थायी कर्मचारी हो, उन पर वेतन और गैर-वेतन नीति एक समान लागू हों। संहिता में पेचीदगी यह है कि ...इस कानून में एक नये किस्म की श्रेणी 'फिक्स्ड टर्म' यानी निश्चित अवधि के लिए नियुक्त कर्मचारी' सृजित की गयी है, जिसकी चर्चा बहुत साल से हो रही है। लेकिन फिक्स्ड टर्म में उन्होंने समयसीमा नहीं लिखी है।*

# नेपाल ने चीनी कंपनी को दिया नेपाली बैंक नोट छापने का ठेका

- चीनी सिक्योरिटी प्रेस 50 और 500 रुपए का नोट भी छापेगा

एजेंसी ⏭ काठमांडू

नेपाल के विभिन्न मूल्यवर्ग के बैंक नोट छापने का ठेका एक चीनी सिक्योरिटी प्रिंटिंग प्रेस को मिला है, जिसमें सबसे नया 1,000 रुपये का नोट भी शामिल है।

नेपाल के केंद्रीय बैंक नेपाल राष्ट्र बैंक (एनआरबी) ने चाइना बैंकनोट प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉरपोरेशन को 50 रुपये, 500 रुपये और 1,000 रुपये के नेपाली बैंक नोट छापने का ठेका दिया है। एनआरबी के प्रवक्ता गुरु प्रसाद पौडेल ने रविवार को पीटीआई-भाषा को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हाल में दिए गए ठेके के अनुसार चीनी सिक्योरिटी प्रेस को नौ महीने के अंदर बैंक नोटों का डिजाइन, छपाई और आपूर्ति करनी है। अधिकारी ने कहा कि एनआरबी के निर्देश के अनुसार चीनी कंपनी नोट डिजाइन करती है और फिर उसकी बैंक से मंजूरी मिलने के बाद ही छपाई होती है। इस महीने की शुरुआत में इसी चीनी कंपनी को नेपाल के 1,000 रुपये के 43 करोड़ बैंक नोट डिजाइन करने और छापने के लिए आशय पत्र जारी किया गया था।



### इसमें सबसे नया 1,000 रुपए का नोट शामिल

#### चीनी कंपनी ने सबसे कम बोली लगाई थी

चीनी कंपनी सबसे कम बोली लगाने के आधार पर चुनी गई थी और उसने पहले भी नेपाल के पांच रुपये, 10 रुपये, 100 रुपये और 500 रुपये के बैंक नोट छापे हैं। नेपाल के केंद्रीय बैंक बृहस्पतिवार को 100 रुपये का नया नोट जारी किया था। इसमें देश का बदला हुआ नक्शा है, जिसमें कालापानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा क्षेत्र को नेपाल में दिखाया गया है।

# गंभीर दंत संक्रमण से पीड़ित बच्चे का इट्सा हॉस्पिटल्स में सफल इलाज

- बच्चों में बढ़ रही कैविटी की समस्या : डॉ सोनल अग्रवाल

**रायपुर।** इट्सा हॉस्पिटल्स में हाल ही में सामने आए एक मामले ने बच्चों में दंत समस्याओं को हल्के में लेने की आदत पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक छोटे बच्चे को तेज दाँत दर्द, सूजन और सामने के दाँतों के काले पड़ने की शिकायत के साथ अस्पताल लाया गया। परिजनों के अनुसार, कई बार एंटीबायोटिक्स देने के बावजूद बच्चे की स्थिति बिगड़ती चली गई। जांच में पता चला कि बच्चे के दूध के दाँतों में गहरी कैविटी विकसित हो चुकी थीं, जिनका बिना उपचार सुधार संभव नहीं था। इट्सा हॉस्पिटल्स की डॉ. सोनल अग्रवाल, डेंटल सर्जन, पीरियो-डॉन्टिस्ट एवं इम्प्लांटोलॉजिस्ट, ने परिजनों को तत्काल उपचार की आवश्यकता समझाई और प्रक्रिया शुरू की। इलाज के दौरान आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए कैविटी को सुरक्षित रूप से हटाया गया। ऐसे में इंडायरेक्ट पल्प कैपिंग तकनीक अपनाई गई, जिसमें एम.टी.ए जैसे बायोकम्पैटिबल पदार्थों का उपयोग कर दाँतों को संरक्षित किया गया। इट्सा हॉस्पिटल्स के विशेषज्ञ बताते हैं कि दूध के दाँत बच्चे के चबाने, बोलने और स्थायी दाँतों की सही स्थिति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। समय पर इलाज न कराने पर कैविटी दर्द, सूजन, पस और गंभीर संक्रमण जैसे Ludwig's Angina तथा Cellulitis का कारण भी बन सकती है।

### एमटीएनएल पर लगा 5.42 लाख का जुर्माना ...




**नई दिल्ली।** शेयर बाजार एनएसई और बीएसई ने निदेशक मंडल में नियुक्ति से संबंधित नियमों का पालन नहीं करने के लिए कर्ज में डूबी सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी एमटीएनएल पर 5.42 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। एमटीएनएल ने शनिवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि उसे नियमों के अनुसार चार और स्वतंत्र निदेशक नियुक्त करने हैं, लेकिन वह ऐसा करने में असमर्थ रही है। शेयर बाजार को दी गई जानकारी के अनुसार, एनएसई और बीएसई दोनों ने सेबी (एलओडीआर) विनियम 2015 की धारा 17(1) के उल्लंघन के लिए कंपनी पर 5,42,800 रुपये का जुर्माना लगाया है। इसमें 4.6 लाख रुपये मूल जुर्माना तथा 82,800 रुपये 18 प्रतिशत जीएसटी शामिल है।

# मौद्रिक नीति व वैश्विक रुख से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

- इस सप्ताह वृहद आर्थिक आंकड़ों की होगी घोषणा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह वृहद आर्थिक आंकड़ों की घोषणाओं, वैश्विक रुख, ब्याज दर पर भारतीय रिजर्व बैंक के निर्णय और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि अक्टूबर, 2025 के लिए औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) के आंकड़े एक दिसंबर को जारी किए जाएंगे। इसके अलावा, सोमवार को नवंबर के वाहन बिक्री के आंकड़े भी आएंगे, जो बाजार को दिशा देंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष- शोध अजित मिश्रा ने कहा, "इस सप्ताह बहुत सारे आंकड़े आएंगे, जो बाजार में उतार-चढ़ाव का कारण बनेंगे। घरेलू मोर्चे पर वाहन बिक्री के आंकड़े आएंगे। इसके बाद एचएसबीसी विनिर्माण और पीएमआई के आंकड़े आने हैं। सबसे महत्वपूर्ण घटनाक्रम पांच दिसंबर को आरबीआई की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के नतीजे होंगे।

# सेजबहार में 'महादेव विहार' को मिला जबरदस्त रिस्पॉन्स, आज अंतिम दिन



**रायपुर।** अष्टविनायक रियल्टीज़ और महादेव वेंचर्स के संयुक्त आवासीय प्रोजेक्ट 'महादेव विहार' के चार-दिवसीय भव्य लॉन्च इवेंट में ग्राहकों का उत्साह लगातार बढ़ रहा है। सेजबहार, ओल्ड धमतरी रोड स्थित इस प्रोजेक्ट को मिल रही जबरदस्त प्रतिक्रिया को देखते हुए आयोजन को बढ़ाकर सोमवार, 1 दिसंबर 2025 तक कर दिया गया है।

इवेंट के तीसरे दिन तक ही प्रोजेक्ट में 1000 से अधिक लोगों ने विजिट किया और 140+ प्लॉट्स की रिकॉर्ड बुकिंग हुई, जिसने आयोजकों का मनोबल और ऊँचा कर दिया है।

#### 'रायपुरवासियों के भरोसे ने हमें और मजबूत किया' : लोहाना

अष्टविनायक रियल्टीज के सीएमडी संतोष लोहाना (विक्की) ने रायपुरवासियों का आभार जताते हुए कहा, "महादेव विहार को मिले अपार प्रतिसाद ने हमें भविष्य में भी उच्च गुणवत्ता वाले प्रोजेक्ट लाने की प्रेरणा दी है। 1000+ विजिटर्स और रिकॉर्ड बुकिंग्स हमारे लिए बड़ी उपलब्धि है। जिनकी बुकिंग हो चुकी है, वे लकी ड्रॉ के लिए पात्र हो गए हैं।"

#### '140+ बुकिंग्स हमारे इंफ्रास्ट्रक्चर पर ': नरेंद्र राठी

अमर ग्रुप ऑफ कंपनी के डायरेक्टर नरेंद्र राठी ने प्रोजेक्ट की खूबियों पर बोलते हुए कहा, "महादेव विहार में हमने विश्वस्तरीय सुविधाओं और सुव्यवस्थित इंफ्रास्ट्रक्चर को प्राथमिकता दी है। 140 से अधिक बुकिंग्स इस बात का प्रमाण हैं कि यह सिर्फ एक प्लॉट नहीं, बल्कि तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्र में एक मजबूत निवेश है। रायपुर को उसकी जरूरत के अनुरूप एक नई, आधुनिक टाउनशिप प्रदान कर खुशी हो रही है।"

#### 'पारदर्शी प्रक्रिया से ग्राहक बेहद संतुष्ट': भाटिया

महादेव वेंचर्स के डायरेक्टर जगजीत सिंह भाटिया ने बताया कि ग्राहक दस्तावेजीकरण और प्रक्रिया की सरलता से बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा, "तीसरे दिन बुकिंग्स का उत्साह चरम पर रहा। अब सिर्फ एक दिन शेष है सीमित स्टॉक और लकी ड्रॉ में शामिल होने का आखिरी मौका। हम सभी इच्छुक खरीदारों से अपील करते हैं कि वे 1 दिसंबर को अवश्य पहुँचें।"

# महिंद्रा का अभी एसयूवी, इलेक्ट्रिक वाहन पर ध्यान देने का इरादा

- कंपनी प्रीमियम व अलग तरह की गाड़ियां लाने की योजना बना रही

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

महिंद्रा एंड महिंद्रा घरेलू यात्री वाहन बाजार में अपनी मौजूदगी को और मजबूत करने के लिए प्रीमियम और अलग तरह की गाड़ियां पेश करने की अपनी रणनीति पर टिके रहने की योजना बना रही है।

इनमें आंतरिक दहन इंजन (आईसीई) वाली एसयूवी और इलेक्ट्रिक वाहन शामिल हैं यह बात कंपनी के एक शीर्ष कार्यकारी ने कही है। मुंबई की इस बड़ी वाहन कंपनी की अपने उत्पाद श्रृंखला में सीएनजी और दूसरी वैकल्पिक ईंधन प्रौद्योगिकी लाने की अभी कोई योजना नहीं है, क्योंकि वह अपनी मुख्य ब्रांड पहचान पर टिके रहना चाहती है और ऐसे ग्राहकों को लक्षित करना चाहती है, जो अलग तरह के उत्पाद चाहते हैं। महिंद्रा एंड महिंद्रा के अध्यक्ष - वाहन कारोबार आर वेलुसामी ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमारा ध्यान आईसीई और इलेक्ट्रिक पर रहा है, और हम इन क्षेत्रों में काफी बढ़ रहे हैं।



#### 2028 तक ईवी हिस्सेदारी 25 फीसदी करने का लक्ष्य

इलेक्ट्रिक वाहन खंड की बात करें, तो कंपनी की योजना इस वित्त वर्ष के अंत तक 7,000 ईवी बेचने की है। कंपनी का इरादा 2028 तक अपनी कुल बिक्री में ईवी की हिस्सेदारी को करीब 25 प्रतिशत करने का है।

# एनसीएलएटी ने वोल्टास के खिलाफ दिवाला याचिका खारिज की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने वोल्टास के खिलाफ एक अर्जी खारिज कर दी है। इसमें टाटा समूह की कंपनी के खिलाफ उसके एक परिचालन ऋणदाता द्वारा दिवाला कार्यवाही शुरू करने की अपील की गई थी। एनसीएलएटी की दो सदस्यों वाली पीठ ने राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ के पहले के आदेशों को बरकरार रखा है, जिसने 27 मई, 2025 को पहले से मौजूद विवाद के आधार पर अर्जी खारिज कर दी थी। उसने अपील करने वाली एयर वेव टेक्नोक्राफ्ट्स और वोल्टास के बीच ई-मेल के आदान-प्रदान के आधार पर इस मौजूदा जारी विवाद मानने में कोई गलती नहीं की है।

## दो माह में कंपनियां आईपीओ से 40,000 करोड़ रुपए जुटाएंगी

# दो दर्जन कंपनियां आईपीओ लाने की तैयारी में

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- मीशो और जुनियर ग्रीन एनर्जी जैसी कंपनियां लाएगी निर्गम

कंपनियों के लिए आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) का आकर्षण तेजी पकड़ रहा है। मर्चेंट बैंकरों का कहना है कि अगले दो माह के दौरान आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी, मीशो और जुनिपर ग्रीन एनर्जी समेत दो दर्जन और कंपनियां अपना सार्वजनिक निर्गम लाने की तैयारी कर रही हैं।

इन आईपीओ के जरिये करीब 40,000 करोड़ रुपये जुटाए जा सकते हैं। इस मजबूत पाइपलाइन में कृत्रिम मेधा (एआई) कंपनी फ्रैक्टल एनालिटिक्स, होम और स्लीप समाधान ब्रांड वेकफिट इनोवेशंस, प्रौद्योगिकी आधारित सुरक्षा और निगरानी कंपनी इनोवेटिवव्यू इंडिया और हॉस्पिटल श्रृंखला पार्क मेडी वर्ल्ड जैसे बड़े नाम शामिल हैं।

#### इस साल अब तक 96 कंपनियां हुई सूचीबद्ध

इस साल अब तक 96 कंपनियां शेयर बाजार में सूचीबद्ध हुई हैं। इन कंपनियों ने आईपीओ से 1.6 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं। इनमें से 40 से ज़्यादा कंपनियां अकेले पिछले तीन महीने में सूचीबद्ध हुई हैं, जो प्राथमिक बाजार में बढ़ती गतिविधियों को दर्शाता है। इसकी तुलना में, 2024 में 91 सार्वजनिक निर्गम के जरिये कुल 1.6 लाख करोड़ रुपये जुटाए गए थे।




#### पीएसयू से वर्ष 2025 में दो लाख करोड़ जुटाए गए

*इसे मजबूत खुदरा भागीदारी, निजी निवेश और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था से समर्थन मिला था। आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स के प्रमुख - प्रेफर्ड, थॉमस स्टीफन ने कहा कि दिसंबर में कई आईपीओ आने वाले हैं। इससे 2025 में सार्वजनिक निर्गम के जरिये जुटाई गई राशि का आंकड़ा दो लाख करोड़ रुपये पर पहुंच सकता है, जो भारतीय प्राथमिक बाजार के लिए नया रिकॉर्ड होगा।*

#### पहले कंपनियां आईपीओ लाने हिचकिचाती थी

मेवेनार्क के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) शांतनु अवस्थी ने इसी तरह की राय जताते हुए कहा कि जो कंपनियां पहले सार्वजनिक निर्गम लाने में हिचकिचाती थीं, अब वे समझ रही हैं कि लगातार वृद्धि के लिए काफी पूंजी की जरूरत होती है। आईपीओ के जरिये धन जुटाने वाली कंपनियां इस राशि का खर्च अपनी विस्तार योजनाओं को आगे बढ़ाने, पूंजीगत व्यय, कर्ज भुगतान और सामान्य कंपनी कामकाज के लिए करेंगी।

# कोहली का शतक, कुलदीप-राणा की घातक गेंदबाजी, भारत ने द. अफ्रीका को हराया




## पहले वनडे में रोहित और राहुल ने जड़ा अर्धशतक, श्रृंखला में बनाई 1-0 से बढ़त

एजेंसी ▶▶ रांची

भारत ने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली (135 रन) के 52वें वनडे शतक के बाद तेज गेंदबाज हर्षित राणा (तीन विकेट) और स्पिनर कुलदीप यादव (चार विकेट) के झटकों की बदौलत रविवार को पहले एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय में दक्षिण अफ्रीका को 17 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली। दूसरा वनडे 3 दिसंबर को रायपुर में खेला जाएगा। कोहली ने 120 गेंद की तेज पारी के दौरान 11 चौके और 7 छक्के जमाए, जिससे भारत ने आठ विकेट पर 349 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। विराट ने दूसरे विकेट के लिए रोहित शर्मा (51 गेंद में 57 रन) के साथ 136 रन की साझेदारी करके जेएससीए स्टेडियम की सपाट पिच पर भारत के बड़े स्कोर की नींव रखी। कार्यवाहक कप्तान केएल राहुल ने 56 गेंद में 60 रन की अर्धशतकीय पारी खेली और रविंद्र जडेजा ने 20 गेंद में 32 रन का योगदान दिया।

### दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत रही खराब

लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत काफी खराब हुई, उससे 11 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे। पर मैथ्यू ब्रीट्जके (72 रन), मार्को यानसन (70 रन) और कॉर्बिन बॉश (67 रन) ने शानदार अर्धशतकीय पारियां खेली लेकिन टीम को हार से नहीं बचा सके, जो 49.2 ओवर में 332 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।



### रोहित बने वनडे के नए सिक्सर किंग

भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा ने वनडे क्रिकेट में नया इतिहास रच दिया है। रोहित शर्मा वनडे के नए सिक्सर किंग बन गए हैं। रोहित पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी की बादशाहत खत्म करते हुए वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। रांची में साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे मैच में रोहित ने शाहिद अफरीदी का सबसे ज्यादा वनडे सिक्स जड़ने का रिकॉर्ड ध्वस्त किया। रोहित शर्मा के नाम अब **ODI** क्रिकेट में 352 छक्के हो गए हैं। उन्होंने 277 वनडे मैचों की 269 पारियों में यह मुकाम हासिल किया।

### विराट का 9 महीने बाद शतक, ठोका कॅरियर का 83वां सैकड़ा

विराट कोहली ने साउथ अफ्रीका के खलिाफ रांची में पहले वनडे में शतक लगाया। यह उनके इंटरनेशनल करियर का 83वां सैकड़ा है। जबकि 9 महीने बाद उन्होंने वनडे क्रिकेट में शतक लगाया।

### वनडे में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले बल्लेबाज

- 352* - रोहित शर्मा, भारत
- 351- शाहिद अफरीदी, पाकिस्तान
- 331 - क्रिस गेल, वेस्टइंडीज
- 270 - सनथ जयसूर्या, श्रीलंका
- 229 - एमएस धोनी, भारत

### रोहित-कोहली ने तेंदुलकर और द्रविड़ का रिकॉर्ड तोड़ा

- सचिन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ - 392
- रोहित शर्मा और विराट कोहली - 391
- राहुल द्रविड़ और सौरव गांगुली - 369
- सचिन तेंदुलकर और अनिल कुंबले - 367
- सचिन तेंदुलकर और सौरव गांगुली - 341

### स्कोर बोर्ड

| भारत स्कोर | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का डिकॉक बो बर्गर | 18 | 16 | 2 | 1 |
| रोहित शर्मा पगबाधा यानसन | 57 | 51 | 5 | 3 |
| कोहली का रिकेल्टन बो बर्गर | 135 | 120 | 11 | 7 |
| गायकवाड का ब्रेविस बो बार्टमैन | 08 | 14 | 0 | 0 |
| सुंदर का बॉश बो बार्टमैन | 13 | 19 | 0 | 1 |
| राहुल का डिकॉक बो यानसन | 60 | 56 | 2 | 3 |
| जडेजा का मारक्रम बो बॉश | 32 | 20 | 2 | 1 |
| हर्षित राणा नाबाद | 03 | 2 | 0 | 0 |
| अर्शदीप सिंह बो बॉश | 00 | 1 | 0 | 0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 00 | 1 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 23
कुल योग : 50 ओवर में 8 विकेट पर 349 रन
गेंदबाजी : यानसन 10-0-76-2, बर्गर 10-0-65-2, बॉश 10-0-56-2, बार्टमैन 10-0-60-2, सुब्रयन 10-0-73-0

| दक्षिण अफ्रीका स्कोर | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मारक्रम का राहुल बो अर्शदीप | 07 | 15 | 1 | 0 |
| रिकल्टन का हर्षित राणा | 00 | 1 | 0 | 0 |
| डिकॉक का राहुल बो हर्षित राणा | 00 | 2 | 0 | 0 |
| ब्रीट्ज्के का कोहली बो कुलदीप | 72 | 80 | 8 | 1 |
| डिजॉर्जी पगबाधा बो कुलदीप | 39 | 35 | 7 | 0 |
| ब्रेविस का गायकवाड बो हर्षित राणा | 37 | 28 | 2 | 3 |
| यानसन का जडेजा बो कुलदीप | 70 | 39 | 8 | 3 |
| बॉश का रोहित बो प्रसिद्ध कृष्णा | 67 | 51 | 5 | 4 |
| सुब्रयन का राहुल बो कुलदीप | 17 | 16 | 1 | 1 |
| नांद्रे बर्गर का राहुल बो अर्शदीप | 17 | 23 | 2 | 0 |
| बार्टमैन नाबाद | 00 | 6 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 06
कुल : 49.2 ओवर में 332 रन पर ऑलआउट
गेंदबाजी : अर्शदीप सिंह 10-1-64-2, हर्षित राणा 10-0-65-3, वाशिंगटन सुंदर 3-0-18-0, प्रसिद्ध कृष्णा 7.2-1-48-1, कुलदीप यादव 10-0-68-4, रविंद्र जडेजा 9-0-66-0

### सुरक्षा घेरे को तोड़कर मैदान में घुसा विराट का फैन

विराट के शतक पूरा करने के तुरंत बाद एक प्रशंसक सुरक्षा घेरे को तोड़ते हुए अंदर आ गया, वह घुटने के



बल उनके सामने बैठ गया और उनके पैर छुए,
जिसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने उसे बाहर किया। 2027 विश्व कप में अभी कुछ समय है लेकिन कोहली ने सबको याद दिला दिया कि उनकी लय बरकरार है और उनकी रनों की भूख हमेशा की तरह बरकरार है।

### कोहली के शतक से बने 5 रिकॉर्ड

- कोहली का 52वां वनडे शतक, एक फॉर्मेट में सबसे ज्यादा शतक का रिकॉर्ड। सचिन तेंदुलकर के नाम वनडे में 49 और टेस्ट में 51 शतक हैं।
- विराट का नंबर 3 पर बल्लेबाजी करते हुए सबसे ज्यादा छक्कों का रिकॉर्ड। विराट ने 223 छक्के लगाकर रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ा।
- पुरुष क्रिकेट के इतिहास में ओवरऑल 7000वां शतक विराट कोहली का यह 52वां सैकड़ा रहा।
- अपने घर पर किसी भी एक फॉर्मेट में सबसे ज्यादा शतक विराट के नाम हो गए हैं। कोहली ने भारत में 25वां वनडे शतक लगाया। रूट के नाम इंग्लैंड में 24 टेस्ट शतक दर्ज हैं।
- कोहली ने अपने करियर में तीसरी बार किसी वनडे पारी में लगाए सात या उससे ज्यादा छक्के।

## खबर संक्षेप



### स्क्वाश इंडियन टूर: सेंथिलकुमार अनाहत होंगे खिताब के दावेदार

**चेन्नई।** शीर्ष वरीयता प्राप्त वेलवन सेंथिलकुमार और अनाहत सिंह सोमवार से शुरू हो रहे एचसीएल स्क्वाश इंडियन टूर 4 में खिताब के दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे। पंद्रह हजार डॉलर पुरस्कार राशि वाले इस पीएसए चैलेंजर प्रतियोगिता में अनुभवी जोशना चिनप्पा (पूर्व महिला विश्व नंबर 10 हैं) और पुरुष विश्व नंबर 51 वीर चोटरानी सहित कई अंतरराष्ट्रीय और घरेलू खिलाड़ी अपनी चुनौती पेश करेंगे। सेंथिलकुमार, अनाहत, जोशना, और एशियाई खेलों में कई पदक जीतने वाले अभय सिंह 9 से 14 दिसंबर के बीच इस महानगर में होने वाले आगामी एसडीटी विश्व कप के लिए भारतीय टीम में शामिल हैं। अभय इस सप्ताह हांगकांग में पीएसए प्लैटिनम स्पर्धा में चुनौती पेश करेंगे।

### वनडे ट्राई सीरीज: भारत ए का अफगानिस्तान के साथ फाइनल रद्द



**बेंगलुरु।** भारत अंडर-19 और अफगानिस्तान अंडर-19 के बीच एकदिवसीय त्रिकोणीय श्रृंखला का फाइनल मैच खराब मौसम की वजह से रद्द हो गया। भारत अंडर-19 टीम 19 ओवर में 5 विकेट पर 79 रन बनाकर जूझ रही थी जब बारिश और खराब रोशनी की वजह से खेल रोकना पड़ा, जो दोबारा शुरू नहीं हो पाया। तेज गेंदबाज अब्दुल अजीज ने कप्तान विहान मल्होत्रा और वंश आचार्य के विकेट लेकर अफगानिस्तान को शुरुआती सफलताएं दिलाईं, जिससे भारत का स्कोर चार विकेट पर 24 रन हो गया। निष्क चौहान (नाबाद 28) और अभिज्ञान कुंडू (27) ने पांचवें विकेट के लिए 51 रन जोड़कर विकेटों के पतझड़ पर विराम लगाया लेकिन इसके बाद बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा और अंततः मैच रद्द हो गया।

### बेल्जियम ने जीता हॉकी का खिताब, भारत रहा उपविजेता

**कुआलालंपुर।** बेल्जियम ने रोमांचक फाइनल में भारत को करीबी मुकाबले में 1-0 से हराकर सुल्तान अजलन शाह कप हॉकी टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। भारत को मैच के 34वें मिनट में थिब्यू स्टॉकब्रोक्स के गोल के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा। टीम सिर्फ दूसरी बार इस प्रतियोगिता में खेल रही थी। शनिवार को कनाडा के खिलाफ 14-3 की बड़ी जीत के बाद इस मैच में उतरा भारत दुर्भाग्य से तीन पेनल्टी कॉर्नर में से एक को भी गोल में नहीं बदला सका।

## अभिषेक ने 284 के स्ट्राइक रेट से महज 32 गेंदों में ठोकी सेंचुरी, लगाए 16 छक्के और 8 चौके

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

अभिषेक शर्मा ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 284 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट 148 रनों की पारी खेली। अभिषेक ने पंजाब बनाम बंगाल मैच में 16 चौके और 8 छक्कों की मदद से केवल 52 गेंदों पर 148 रन ठोक दिए। उनकी यह पारी टी20 सीरीज से पहले साउथ अफ्रीका को डराने के लिए काफी है। अभिषेक ने सिर्फ 12 गेंद पर अर्धशतक और 32 गेंदों पर शतक पूरा किया। प्रभसिमरन सिंह के साथ पारी की शुरुआत करते हुए अभिषेक ने मोहम्मद शमी और आकाशदीप जैसे गेंदबाजों से लैस गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ा दीं। इन दोनों के साथ-साथ सक्षम चौधरी और ऋतिक चटर्जी के खिलाफ 15 रन प्रति ओवर से ज्यादा रन बनाए।



अभिषेक ने अपना अर्धशतक पूरी करने के लिए पांच चौके और पांच छक्के लगाए। उन्होंने टी20 में सबसे तेज अर्धशतक जड़ने के मामले में अपने गुरु युवराज सिंह की बराबरी कर ली।

### केरल ने छत्तीसगढ़ को हराया, सैमसन ने खेली आक्रामक पारी

**लखनऊ।** संजू सैमसन ने सलामी बल्लेबाज के तौर पर वापसी करते हुए 15 गेंद में 43 रन की आक्रामक पारी खेलकर सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के एलीट ग्रुप ए मैच में छत्तीसगढ़ के खिलाफ केरल को आठ विकेट से जीत दिलाई। सैमसन ने अपनी पारी में पांच छक्के जड़े, जिससे केरल ने महज 10.4 ओवर में ही जीत के लिए मिले 121 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। छत्तीसगढ़ की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में महज 120 रन ही बना सकी। चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व तेज गेंदबाज केएम आसिफ ने 16 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने पंजाब किंग्स के बल्लेबाज शशांक सिंह को खाता खोले बिना चलता कर छत्तीसगढ़ को बड़ा झटका दिया।

### चंडीगढ़ ने महाराष्ट्र को हराया, वोहरा ने लगाया अर्धशतक

**कोलकाता।** सलामी बल्लेबाज मनन वोहरा की 48 गेंद में नाबाद 72 रन की पारी की बदौलत चंडीगढ़ ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एलीट ग्रुप बी मैच में महाराष्ट्र को पांच विकेट से हरा दिया। टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए महाराष्ट्र ने अर्शिन कुलकर्णी की 41 गेंद में 47 रन की पारी से 20 ओवर में सात विकेट पर 139 रन का स्कोर खड़ा किया। विक्की ओस्तवाल ने 28 जबकि निखिल नाईक ने 24 रन का योगदान दिया। चंडीगढ़ की ओर से संदीप शर्मा ने 18 रन पर दो विकेट चटकाए। जगजीत सिंह, निखिल शर्मा, राहुल सिंह और भागमेंदर लाठेर ने एक-एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए चंडीगढ़ ने 6.2 ओवर में 43 रन तक तीन विकेट गंवा दिए थे लेकिन वोहरा ने पारी को संभाला, जिससे टीम ने दो गेंद शेष रहते पांच विकेट पर 142 रन बनाकर जीत दर्ज की। वोहरा ने 48 गेंद की अपनी पारी में नौ चौके और दो छक्के मारे।

## रसेल ने आईपीएल से लिया संन्यास अब केकेआर में निभाएंगे बड़ी जिम्मेदारी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

आक्रामक हरफनमौला आंद्रे रसेल ने 16 दिसंबर को होने वाली मिनी नीलामी से पहले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से संन्यास की घोषणा के साथ बताया कि वह तीन बार की विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स(केकेआर) के कोचिंग स्टाफ में शामिल होंगे। सैंतीस साल के रसेल आईपीएल 2014 से केकेआर टीम का अभिन्न अंग रहे हैं। वह 2026 सत्र से पहले 'पावर कोच' के रूप में टीम के कोचिंग स्टाफ में शामिल होंगे। आईपीएल के आगामी सत्र के लिए अबू धाबी में नीलामी होगी। रसेल ने 'एक्स' पर लिखा, 'आईपीएल से संन्यास ले रहा हूं... लेकिन मेरा आक्रामक अंदाज वैसा ही रहेगा। आईपीएल में पिछले 12 साल का सफर शानदार रहा। केकेआर परिवार को ढेर सारा प्यार।'' उन्होंने कहा, 'सबसे अच्छी बात यह है कि मैं दुनिया भर की अन्य लीग में छक्के जड़ता और विकेट लेता रहूंगा। मैं अपना घर (केकेआर) नहीं छोड़ रहा हूं और आप मुझे एक नई भूमिका में केकेआर के सपोर्ट स्टाफ में 2026 के पावर कोच के रूप में देखेंगे। नया अध्याय। वही ऊर्जा। हमेशा के लिए 'नाइट'।



### मैं अपने पीछे एक विरासत छोड़ना चाहता हूं

रसेल ने कहा, ' मैंने आईपीएल से संन्यास लेने का फैसला किया है। मैं अभी भी दुनिया भर की विभिन्न लीगों और केकेआर की अन्य सभी फ्रेंचाइजी के लिए सक्रिय रूप से खेलता रहूंगा। मैंने (आईपीएल में) कुछ शानदार पल और बेहतरीन यादें साझा कीं, छक्के जड़े, मैच जीते, एमवीपी हासिल किए।' उन्होंने कहा, ' जब मैंने यह फैसला लिया, तो मुझे लगा कि इस समय यह सबसे अच्छा फैसला था। मैं अपने पीछे एक विरासत छोड़ना चाहता हूं कि प्रशंसक संन्यास क्यों नहीं ले रहे कि जगह संन्यास अभी क्यों ले रहे जैसे सवाल पूछे। ' उन्होंने कहा, 'जब आप सोशल मीडिया पर होते हैं, तो आप खुद को अलग-अलग टीमों की जर्सी में फोटोशॉप की हुई तस्वीरों में देखते रहते हैं। मुझे खुद को बैंगनी और सुनहरे रंग (केकेआर की जर्सी) के अलावा किसी और रंग में देखकर अजीब लगता था और ये विचार मेरे दिमाग में घूमते रहते थे, जिससे मैं कुछ रातों तक सो नहीं पाया।'

## निरुपमा को हराकर सान्या ने जीता स्क्वाश टूर्नामेंट



एजेंसी ▶▶ मुंबई

दो बार की पूर्व जूनियर राष्ट्रीय चैंपियन 15वीं वरीय सान्या वत्स ने चौथी वरीय हमवतन भारतीय निरुपमा दुबे को सीधे गेम में हराकर 11वें सुनील वर्मा स्मृति स्क्वाश टूर्नामेंट में महिला वर्ग का खिताब जीत लिया। सान्या ने निरुपमा को 11-6, 11-9, 11-4 से हराया। दिल्ली की सान्या पहली बार चैलेंजर टूर्नामेंट के फाइनल में खेल रही थी और अपना पहला पीएसए खिताब जीतने में सफल रहीं। पुरुषों के फाइनल में फ्रांस के दूसरे वरीय मासियो लेवी ने मिस्र के शीर्ष वरीय यासिन एल्शाफेई को सीधे गेम में 11-8, 11-8, 11-4 से हराकर खिताब जीता।

### खेलो इंडिया मंच वैश्विक सफलता की यात्रा में महत्वपूर्ण : अदिति स्वामी

**जयपुर।** विश्व चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता तीरंदाज अदिति गोपीचंद स्वामी का मानना है कि खेलो इंडिया युवा खेलों (केआईवाईजी) और खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों (केआईयूजी) जैसे टूर्नामेंट किसी खिलाड़ी के पेशेवर विकास और वित्तीय स्थिरता को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाते हैं। अदिति विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय और दुनिया की सबसे कम उम्र की कंपाउंड तीरंदाज हैं। उन्होंने एक तीरंदाज के रूप में अपने प्रदर्शन का श्रेय खेलो इंडिया पहल को दिया और कहा कि यही वह मंच था, जिसने उन्हें पहचान दिलाई और उन्हें शीर्ष स्तर की प्रतियोगिताओं को समझने और उनमें ढलने का मौका दिया। 19 साल की तीरंदाज ने कहा, 'टॉप्स के लिए चुने जाने से पहले चीजें काफी मुश्किल थी। खान-पान, जिम और प्रशिक्षण का खर्च काफी अधिक था। मेरे पिता ने मेरे खेल के सफर में साथ देने के लिए बहुत त्याग किए।

## जूनियर हॉकी विश्व कप: स्पेन ने बेल्जियम को हराकर दर्ज की लगातार दूसरी जीत

एजेंसी ▶▶ मदुरै

विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज स्पेन ने एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के पूल डी मैच में बेल्जियम को 2-0 से हराकर लगातार दूसरी जीत हासिल कर क्वार्टरफाइनल की ओर मजबूती से कदम बढ़ाए। स्पेन ने जुआन प्राडो (20वें मिनट) के मैदानी गोल और ब्रूनो अविला (32वें मिनट) के पेनल्टी कॉर्नर से किए गए गोल की बदौलत जीत दर्ज की। स्पेन ने इससे पहले शुक्रवार को अपने पहले मैच में मिस्र को 8-0 से शिकस्त दी



थी। इस जीत से स्पेन छह अंक के साथ पूल डी में शीर्ष पर है। दुनिया की सातवें नंबर की टीम बेल्जियम दो मैच में तीन अंक लेकर दूसरे स्थान पर है।

### स्पेन की नामीबिया से भिड़ंत

*स्पेन अब मंगलवार को नामीबिया से भिड़ेगा जबकि बेल्जियम का मुकाबला इसी दिन मिस्र से होगा। पूल डी के एक अन्य मैच में नामीबिया ने मिस्र को 4-2 से हराया। नामीबिया के लिए लियाम ब्रूस (23वें मिनट), जेम्स डि जैगर (26वें मिनट) और जोश वान डर मर्वे (32वें मिनट) ने तीन मैदानी गोल किए जबकि जॉन पॉल ब्रिट्ज ने 60वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। मिस्र के लिए अब्देलरहमान कासेम (28वें मिनट) और मोहब हेगाब (53वें मिनट) ने गोल किए।*

## सैयद मोदी इंटरनेशनल टूर्नामेंट

## त्रीसा-गायत्री ने 1 घंटे 16 मिनट में जापानी जोड़ी को हराया, खिताब रखा बरकरार



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

गत चैंपियन त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने सैयद मोदी इंटरनेशनल सुपर 300 टूर्नामेंट में जापान की काहो ओसावा और माई तानाबे को तीन गेम में हराकर महिला युगल का खिताब बरकरार रखा। शीर्ष वरीय भारतीय जोड़ी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद आक्रामक खेल दिखाया और दुनिया की 35वें नंबर की जापानी जोड़ी को एक घंटे 16 मिनट तक चले रोमांचक फाइनल में 17-21, 21-13, 21-15 से शिकस्त दी। कंधे की चोट के बाद गायत्री के पांच महीने के ब्रेक से लौटने के बाद भारतीय जोड़ी सिर्फ अपना दूसरा टूर्नामेंट खेल रही थी। फाइनल की शुरुआत 49 शॉट की शानदार रैली से हुई। दोनों जोड़ियों ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी, जिसके बाद ओसावा और तानाबे 6-3 से आगे हो गईं।

### त्रीसा ने लगाए तेज स्मैश, भारतीय जोड़ी ने की बराबरी

*त्रीसा ने कुछ तेज स्मैश लगाए, जिससे भारतीय जोड़ी बराबरी पर आ गई। फिर ओसावा की फोरहैंड गलती ने उन्हें 8-6 से आगे कर दिया। हालांकि जापानी जोड़ी ने फिर वापसी की और ब्रेक तक थोड़ी बढ़त बना ली। तानाबे के बैकहैंड क्रॉस कोर्ट रिटर्न से गायत्री हैरान हो गई, जिसके बाद भारतीय खिलाड़ी की एक और गलती ने जापानी टीम को पांच गेम प्वाइंट दिला दिए। त्रीसा और गायत्री ने दो प्वाइंट बचाए लेकिन तानाबे ने स्मैश मारकर पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने लय हासिल कर ली और शानदार अंदाज में खेलते हुए 9-2 से बढ़त बना ली। हालांकि कुछ शॉट नेट में चले गए लेकिन ब्रेक तक भारतीयों की बढ़त 11-5 हो गई थी। त्रीसा और गायत्री ने रैलियों में दबदबा बनाए रखना जारी रखा, जिससे यह जोड़ी 17-9 से आगे हो गईं।*

## बार्सिलोना ने अल्वेस को हराया, ओल्मो ने दागे दो गोल

एजेंसी ▶▶ बार्सिलोना



राफिन्हा के शानदार खेल और दानी ओल्मो के दो गोल की मदद से बार्सिलोना ने ला लीगा में अलावेस पर 3-1 से जीत दर्ज की। राफिन्हा ने टीम के शुरुआती दो गोल में मददगार की भूमिका निभाई जबकि युवा लामिन यामन ने भी एक गोल करने के साथ एक गोल में मददगार की भूमिका निभाकर लय में वापसी के संकेत दिए। इस जीत से टीम को चैंपियंस लीग में पिछले सप्ताह चेल्सी से मिली 0-3 की हार से उबरने में मदद मिलेगी। पाब्लो इबानेज ने मैच के शुरुआती मिनट में ही गोलकर अल्वेज का खाता खोला लेकिन टीम की यह बढ़त महज आठ मिनट तक ही रही। 18 साल के यामल ने मैच के आठवें मिनट में बार्सिलोना को बराबरी दिला दी और फिर ओल्मो ने 26वें मिनट में गोल कर 2-1 से आगे कर दिया। ओल्मो ने मैच के स्टॉपेज समय (90+3 मिनट) ने गोल कर अल्वेस की वापसी की उम्मीद खत्म कर दी। लीग के अन्य मैचों में निको विलियम्स के गोल ने एथलेटिक बिलबाओ को लेवांटे पर 2-0 से जीत दिलाई जबकि ओसासुना ने दो गोल से पिछड़ने के बावजूद मेलोर्का को 2-2 से बराबर पर रोक दिया।

## इंटर मियामी ने न्यूयॉर्क सिटी को दी शिकस्त, मेस्सी का ट्रॉफी खेलना पक्का

एजेंसी ▶▶ फोर्ट लाउडरडेल



इंटर मियामी ने न्यूयॉर्क सिटी एफसी को 5-1 से हराकर ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस का खिताब जीतने के साथ ही एमएलएस कप के फाइनल में अपनी जगह पक्की की, जिससे दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी का एक और ट्रॉफी के लिए खेलना लगभग पक्का हो गया। इंटर मियामी की इस जीत में हालांकि मेस्सी के हमवतन और अर्जेंटीना टीम के उनके साथी खिलाड़ी तादेओ अलेंदे का सबसे बड़ा योगदान रहा, जिन्होंने गोल की हैट्रिक पूरी की। टीम के लिए जोर्डी अल्बा और सर्जियो बुस्केट्स ने भी एक-एक गोल किए। आठ बार के बैलन डी'ओर विजेता मेस्सी के लिए यह मुकाबला कोई खास नहीं रहा लेकिन उन्होंने टीम की शुरुआती दो गोल में मददगार की भूमिका निभाई। यह क्लब और राष्ट्रीय टीम को मिलाकर मेस्सी के लिए 405 वां मदद थी, जो गोल में बदली। फुटबॉल के इतिहास में इसे सबसे अधिक सफल मदद मानी जाती है। इंटर मियामी की टीम एमएलएस कप फाइनल में सैन डिएगो या वैंकूवर के बीच होने वाले वेस्टर्न कांफ्रेंस के विजेता टीम की मेजबानी करेगी।

# सुलझ गई 70 साल पुरानी 'यूएफओ मिस्ट्री', पालोमर टेलीस्कोप की तस्वीरों में दिखी अजीब चमक

70 साल से भी पहले कैलिफोर्निया की पालोमर वेधशाला में वैज्ञानिकों ने कई तारों जैसी चमकों की तस्वीरें ली थीं। ये चमकें एक घंटे के अंदर आईं और चली गईं और यह उस समय की बात है जब पहला सैटेलाइट स्पुतनिक 1 लॉन्च भी नहीं हुआ था।

**वॉशिंगटन।** अब वैज्ञानिकों ने उन पुरानी तस्वीरों को फिर से देखा है। ये शीत युद्ध के दौरान हुए परमाणु हथियारों के परीक्षणों की तारीखों पर या उसके आस-पास दिखाई दीं। अब सवाल आता है कि क्या ये घटनाएं आपस में जुड़ी हो सकती हैं।

### क्यों खास है ये चमक?

वैसे तो आसमान में ऐसी चमकें कभी-कभी बदलते हुए तारों, उल्काओं या कैमरे/दूरबीन की खराबी जैसी सामान्य चीजों के कारण भी दिखाई दे सकती हैं। पालोमर की कई चमकों की खासियतें अलग हैं। उनमें से कुछ नुकीले बिंदु जैसे आकार की थीं जो सीधी लाइन में लगी हुई दिखाई देती थीं। नए शोध के लेखक कहते हैं कि इन चमकों के ऐसे आकार और विशेषताएं किसी भी ज्ञात प्राकृतिक कारण या दूरबीन की खराबी से मेल नहीं खातीं।



### वैज्ञानिकों की इसपर क्या राय है?

इस रिसर्च के सह-लेखक स्टीफन ब्रुहल ने कहा, इसका मतलब है कि हमें कम से कम इस बात पर विचार करना होगा कि ये चमकें कहीं से आई हुई इंसानों द्वारा बनाई गई चीजें हो सकती हैं। स्वीडन के एक वैज्ञानिक के साथ मिलकर ब्रुहल ने यह रिसर्च की है।

### क्यों सहमत नहीं हैं वैज्ञानिक?

सभी वैज्ञानिक इन तस्वीर की डिटेल्स से सहमत नहीं हैं। कुछ वैज्ञानिकों का कबना है कि, उस समय की तकनीकें बहुत लिमिटेड थीं इसलिए इन पुराने डेटा को पक्के तौर पर समझना बहुत मुश्किल है। ब्रिटेन के मैनचेस्टर विश्वविद्यालय के माइकल गैरेट ने पुराने डेटा का इस्तेमाल करने के लिए विलारोएल की टीम की तारीफ की. हालांकि, उन्होंने इन नतीजों को बहुत ज्यादा सही मानने के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने बताया कि स्पुतनिक से पहले का डेटा अच्छा नहीं था।



### क्या आए रिसर्च के नतीजे?

विलारोएल की टीम ने 2,718 दिनों के टेलीस्कोप डेटा की जांच की और उन्हें 310 रातों में आसमान में अजीब घटनाएं मिलीं। इन रातों में एक ही दिन कई जगहों पर कुल 4,528 चमक दिखाई दी। लेकिन ,ये घटनाओं से ठीक पहले या बाद में ली गई किसी भी तस्वीर में या बाद में किसी भी सर्वेक्षण में दिखाई नहीं दी।

## रोचक खबरें

## पिता के अपमान पर दुल्हन ने मंडप में ही ठुकराया दूल्हा



**नई दिल्ली।** सजा-धजा मंडप, रंग-बिरंगी लाइटें, ढोल-नगाड़ों की थाप और शादी की रस्मों की रौनक सब कुछ धरा का धरा रह गया, जब मंडप में पहुंचने के कुछ देर बाद दुल्हन ने दूल्हे से शादी करने से इंकार कर दिय।. यह कोई फिल्मी सीन नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के वाराणसी के शिवपुर थाना क्षेत्र के बसही इलाके में हुई हकीकत है।

जानकारी के अनुसार, दुल्हन ने शादी से इस तरह इंकार इसलिए किया, क्योंकि लड़के वालों द्वारा लगातार दहेज की मांग की जा रही थी। बताया जा रहा है कि दहेज में 25 हजार रुपए की बकाया राशि को लेकर दूल्हे की मां ने दुल्हन के पिता का अपमान किया।

**दुल्हन ने बुला ली पुलिस:** दुल्हन के पिता ने अपनी बेटी की शादी में पूरा खर्च कर्ज लेकर किया था। लेकिन, इस छोटी-सी रकम के विवाद और अपमान ने दुल्हन को इतना आहत कर दिया कि उसने स्टेज से दूल्हे को उतारते हुए शादी से साफ इंकार कर दिया। घटना के बाद दुल्हन ने तुरंत पुलिस को बुलाया।

### मंडप से सीधे जेल पहुंचा दूल्हा

पुलिस मौके पर पहुंचकर दूल्हे को हिरासत में ले लिया और उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। अब इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। यह घटना दहेज प्रथा की कड़वी हकीकत को सामने लाती है और यह स्पष्ट संदेश देती है कि किसी भी रिश्ते में सम्मान और इज्जत की अहमियत सबसे ऊपर होनी चाहिए।

## फेमस हस्तियों की कब्र के बगल में दफन होने का अजीबोगरीब ऑफर

**पेरिस।** सोचिए...जिंदगी भर हम जिन सितारों को स्क्रीन पर देखते हैं, उनके गाने सुनते हैं, उनके किस्से पढ़ते है।..अगर मौका मिले कि मौत के बाद हमारी आखिरी 'जगह' उन्हीं के बगल में हो तो? सुनने में अजीब लगता है, लेकिन यही सच है। पेरिस में इन दिनों एक ऐसी स्कीम वायरल हो रही है, जिसने लोगों को चौंकाने के साथ-साथ रोमांचित भी किया है। यहां की स्थानीय सरकार ने वो ऑफर लॉन्च कर दिया है, जिसे लोग 'आफ्टरलाइफ सेलिब्रिटी पास ' भी कह रहे है। फ्रांस की राजधानी पेरिस ने दुनिया को हिलाकर रख देने वाला ऑफर शुरू किया है। यहां की नगरपालिका ने एक लॉटरी स्कीम लॉन्च की है, जिसमें लोग अपनी मौत से पहले ही यह तय कर सकते हैं कि उनकी कब्र कहां बनेगी, वो भी किसी मशहूर कलाकार, लेखक या संगीतकार की कब्र के ठीक बराबर में। ये वे कब्रगाह हैं जहां दुनिया की सबसे मशहूर हस्तियां चैन की नींद सोई हुई हैं जैसे- ऑस्कर वाइल्ड, जिम मॉरिसन, एडिथ पियाफ और कई ऐतिहासिक कलाकार. सोचकर देखिए, जिनकी फोटो लोग सालों बाद भी फूल और मोमबत्ती के साथ सजाते है।.



## रूसी फिटनेस इन्फ्लुएंसर के लिए जानलेवा बना 10 हजार कैलोरी जंक फूड चैलेंज

**मॉस्को।** रूस के फिटनेस कोच और इन्फ्लुएंसर दिमित्री नुयानजिन की बिंज-ईटिंग चैलेंज में हिस्सा लेने के बाद मौत हो गई है। रशियन शहर ऑरेनबर्ग के 30 साल के दिमित्री की सोते समय जान चली गई, जब वह ईटिंग चैलेंज के जरिए अपने वेट-लॉस प्रोग्राम को प्रमोट करने की कोशिश कर रहे थे। इस चैलेंज में उनका मकसद कम से कम 25 किग्रा तक वजन बढ़ाना था। ये चैलेंज उनके लिए जानलेवा साबित हुआ और हार्ट फेल होने से मौत हो गई।



नुयानजिन ने इस चैलेंज के तहत कई हफ्ते तक जंक फूड खाया। वह कह रहे थे कि इससे उनके क्लाइंट्स भी उनके साथ वजन कम करने पर काम करेंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक, वह एक दिन में 10,000 से ज्यादा कैलोरी लेते थे। वह अपना ट्रांसफॉर्मेशन दिखाने के लिए इसे पूरी तरह कम करने का प्लान बना रहे थे।


नुयानजिन ने अपनी मौत के एक दिन पहले ट्रेनिंग सेशन कैंसिल कर दिए थे। उन्होंने दोस्तों को बताया कि तबीयत ठीक नहीं है और वह डॉक्टर से मिलेंगे। इसके कुछ घंटे बाद ही सोते समय नुयानजिन का हार्ट फेल हो गया। नुयानजिन की 18 नवंबर की आखिरी इंस्टाग्राम पोस्ट में उन्हें चिप्स खाते हुए दिखाया गया था। उन्होंने बताया था कि अब उनका वजन 13 किलो बढ़कर 105 किग्रा हो गया है। नुयानजिन की मौत को सोशल मीडिया यूजर्स ने चौंकाने वाली बताते हुए परिवार के प्रति अपनी संवेदना जताई है। कई यूजर्स ने कहा कि यह मौत ऐसे चैलेंज लेने वाले युवाओं के लिए एक सबक है। एक यूजर ने लिखा, 'ऐसी थ्योरी को प्रैक्टिकल में साबित करना ठीक नहीं है।

## एआई का युग

### शारीरिक बनावट और सौंदर्यात्मक सामंजस्य को शामिल किया

# एआई ने बताया कैसी होनी चाहिए लड़के और लड़की की परफेक्ट बॉडी

**ओटावा।** आज का समय एआई का युग है। हाल ही में वैज्ञानिकों ने एआई के तीन अलग-अलग एआई 'बोट' से सवाल किया कि लड़के और लड़की की आडियल तस्वीर बनाएं। एआई ने फोटो बनाने के लिए चेहरे/शरीर की अनुपातिता, शारीरिक बनावट और सौंदर्यात्मक सामंजस्य को शामिल किया है।




### परफेक्ट बॉडी

एआई ने अपनी कल्पना के आधार पर ये फोटो बनाई है। इन फोटो ने समाज में एक बहस खड़ी कर दी है। वैज्ञानिकों का कहना है कि परफेक्ट बॉडी जैसी अवधारणा की वजह से युवा अपनी बॉडी को उसी पैमाने में मापने लग सकते हैं। परफेक्ट बॉडी की वजह से आने वाले समय में समस्या हो सकती है। फिगर-आधारित फिटनेस या फैशन इंडस्ट्री के दायरे में बनी नॉर्मल बॉडी शेप सेहत के लिए, बल्कि फैशन और कपड़ों की बिक्री के लिए है।

**एआई ने बनाई ये ऐसी फोटो :** आई के परिणाम के अनुसार एक आदर्श महिला का चेहरा आकर्षक, यंग, गोरी और स्टाइलिश कपड़े और वहीं लड़कों को शर्टलेस, काले बाल और एथलीट बॉडी है। अध्ययन के अनुसार डॉ. डेलाने थिबोडो ने कहा कि एआई के द्वारा बनाई गई 300 फोटो की कोडिंग में पाया गया है कि एआई विविधता का अभाव देखने को मिला है। वहीं, अधिकांश फोटो में गोरे लोग दिखाई दे रहे थेष। परफेक्ट शरीर के बारे में विचार काफी बदल गए हैं।

### पतले होने की चाहत देखी गई

उदाहरण के लिए, 1950 के दशक में, जब महिलाएं मर्लिन मुनरो और एलिजाबेथ टेलर जैसी दिखने की चाहत रखती थीं, तब वजन बढ़ाने वाली गोलियां बाजार में आ गईं, जबकि 90 के दशक में महिलाओं में 'हेरोइन चिक' कहे जाने वाले पतले होने की चाहत देखी गई। अध्ययन में, टीम ने यह समझने की कोशिश की कि अब एआई आदर्श पुरुष और महिला शरीर को किस रूप में देखता है।



### एथलीट बॉडी

तीन अलग-अलग एआई प्लेटफ़ॉर्म - मिडजर्नी, डॉल-ई और स्टेबल डिफ्यूज़न को महिला और पुरुष शरीर, जिनमें एथलीट भी शामिल थे। कुल मिलाक, 300 तस्वीरें तैयार की गईं , 120 पुरुषों की, 120 महिलाओं की और 60 एथलीटों की। इन तस्वीरों के विश्लेषण से कई प्रमुख रुझान सामने आए। ज़्यादातर 66.7 प्रतिशत पुरुष तस्वीरें और 62.5 प्रतिशत महिला तस्वीरें में गोरे लोग दिखाई दे रहे थे। सभी फोटो में यंग लोग नजर आ रहे हैं।

## ब्लाइंड डेट और उड़ गए खाते से 30 लाख, प्यार में लगा बंदे को तगड़ा झटका



**बीजिंग।** चीन में रहने वाले 40 वर्षीय हुआंग झोंगचेंग की कहानी इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब चर्चा में है। हुआंग ने एक महिला से सिर्फ चार घंटे की मुलाकात के बाद उसी दिन शादी कर ली, लेकिन इस जल्दबाजी का नतीजा यह हुआ कि एक महीने के भीतर ही उनकी सारी जमा-पूंजी, यानी करीब 2,40,000 युआन (लगभग 34,000 अमेरिकी डॉलर), गायब हो गई। हुआंग का कहना है कि वह महिला एक ब्यूटी सैलून में काम करती है और पहली ही मुलाकात में उसने जिद करके उसी दिन शादी का रजिस्ट्रेशन करवाया। हुआंग के मुताबिक, शादी के बाद उस महिला ने तरह-तरह के खर्चों का हवाला देकर उनकी पूरी बचत खर्च करवा दी। हुआंग हूनान प्रांत के हेंगयांग शहर के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि 21 अगस्त की सुबह उनकी मुलाकात इस महिला से एक ब्लाइंड डेट पर हुई थी। उन्हें यह भी अजीब लगा कि रास्ते में अचानक आठ अलग-अलग मैचमेकर सामने आ गए। उनके अपने गांव का मैचमेकर पहले से ही साथ था, यानी कुल नौ लोग उसी महिला की सिफारिश कर रहे थे।

### कैसे लगा इतना तगड़ा झटका

हुआंग ने कहा कि इतने सारे लोग उसी लड़की की तारीफ कर रहे थे, मुझे कुछ समझ नहीं आया। वह बार-बार कह रही थी कि आज ही सब कुछ निपटा देते हैं। हुआंग बताते हैं कि उसी दिन शाम करीब पांच बजे दोनों ने शादी का रजिस्ट्रेशन करवा लिया। उन्हें खुद भी यकीन नहीं हो रहा था कि यह सब इतना जल्दी हो गया कि मुझे लगा जैसे सपना देख रहा हूं। उस रात दोनों एक होटल में रुके और वहीं उनका पहला और आखिरी शारीरिक संबंध हुआ। इसके बाद, जब भी वह अपनी पत्नी के करीब आने की कोशिश करते, वह उन्हें दूर कर देती।

## भारत में मिला 37 हजार साल पुराना कांटे वाला बांस!

**नई दिल्ली।** भारत में हुई एक खोज ने पूरे एशिया के आइस एज यानी हिम युग का सीक्रेट सुलझा दिया है। आइस एज का मतलब धरती पर हजारों साल पहले का वो समय, जब धरती का तापमान काफी कम हुआ करता था और चारों तरफ बर्फ ही बर्फ थी। भारत के रिसर्चरों की टीम एक नदी के गाद वाले जमाव में कुछ जांच रही थी तभी एक अलग सी चीज दिखाई दी। वह बांस था। यह एशिया में सबसे पुराने कांटेदार बांस का फॉसिल था।

मणिपुर की इंफाल घाटी में चिरांग नदी के गाद वाले जमाव में शोधकर्ताओं को सही-सलामत बांस का तना मिला है। इस पर बहुत पहले गायब हो चुके कांटों के निशान हैं। एशिया का यह सबसे पुराना कांटेदार बांस का फॉसिल पूरे एशियाई महाद्वीप के वनस्पति इतिहास का नया अध्याय लिख सकता है।




### बांस के तना पर था अजीब निशान

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के एक स्वायत्त संस्थान बीरबल साहनी इंस्टीट्यूशन ऑफ पैलियोसाइंसेज के वैज्ञानिक को मणिपुर की इंफाल वैली में चिरांग नदी के गाद-वाली जगह में सर्वे के दौरान अचानक एक बांस का तना मिला जिस पर अजीब निशान थे। उनके विस्तृत विश्लेषण से पता चला कि ये कांटों के निशान हैं। इससे इसकी पहचान और महत्व के बारे में और जांच शुरू हुई। लैब में इसकी बनावट जैसे नोड्स, कलियों और कांटों के निशान की चांज करके इसे चिमोनोबाम्बुसा जीनस का बताया गया। बैम्बुसा बैम्बोस और चिमोनोबाम्बुसा कैलोसा जैसे मौजूदा कांटेदार बांसों से तुलना करने पर इसके बचाव करने वाले गुणों और इकोलॉजिकल भूमिका को फिर से बनाने में मदद मिली। लैब में इसकी मॉर्फोलॉजी नोड्स, बड्स और कांटों के निशान की स्टडी के ज़रिए उन्होंने इसे चिमोनोबाम्बुसा जीनस का बताया।

## धरती का अकेला फल, जो नीला न होते हुए भी दिखता है 'नीला'



**न्यूयार्क।** आपने फल बहुत सारे खाए होंगे। हरेक फल का अपना कोई न कोई रंग जरूर होता है। यह रंग उनके अंदर मौजूद पिगमेंट की वजह से होता है। यानी कि अगर उसमें हरा पिगमेंट होगा तो वह फल हरा दिखेगा और पीला पिगमेंट ज्यादा होता तो पीला नजर आएगा। लेकिन जरा सोचिए, आपको एक ऐसा फल मिले, जो देखने में चमकता नीला हो, लेकिन उसमें नीले रंग का एक भी कण न हो तो कैसा लगेगा। विज्ञान जगत की इस अजीब पहेली पर जहां रिसर्चर उत्साहित हैं, वहीं दुनिया हैरान कि ऐसा कैसे हो सकता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, वैज्ञानिकों ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया, पापुआ न्यू गिनी और इंडोनेशिया के घने बारिश वाले जंगलों में मिलने वाले एक पेड़ पर रिसर्च की है। इस पेड़ का नाम नीला कुआनदोंग है, जिसे कुछ जगह ब्लू मार्बल ट्री के नाम से भी जाना जाता है। इस पेड़ पर लगने वाले फल को देखें तो पहली नजर में ऐसा लगता है, जैसे कि किसी धातु पर नीला पेंट चढ़ा दिया गया हो।

### प्रकृति की सबसे बड़ी 'ऑप्टिकल ट्रिक'

रिसर्च में सामने आया कि ब्लू कुआनदोंग फल का रंग पिगमेंट नहीं, बल्कि संरचनात्मक रंग की वजह से नीला दिखता है। इसे आप ऐसे समझ सकते हैं कि जैसे मोर की गर्दन नीले रंग में चमकती है, तितली के पंख झिलमिलाते हैं और भौंरे पर धातु जैसा रंग दिखाई देता है। शोधकर्ताओं के मुताबिक, इस फल की त्वचा में नैनो-स्तर पर बेहद महीन सेलुलोज परतें होती हैं, जो रोशनी को इस तरह मोड़ती हैं कि सिर्फ नीली तरंगें वापस लौटती हैं और बाकी सभी रंग गायब हो जाते हैं।

## खगोल

### थुम्बा-जहां 1960 के दशक में इसरो शुरू हुआ था

# केरल के इन नामों से जानी जाएंगी मंगल ग्रह की खास जगहें

**नई दिल्ली।** केरल के प्रसिद्ध नाम जैसे थुम्बा, वर्कला, पेरियार, वलियामाला और बेकल अब सिर्फ भारत के शहर नहीं रहे। इन नामों को अब मंगल ग्रह पर मौजूद गड्ढों और घाटियों को दिया गया है जिसे अंतरराष्ट्रीय खगोलीय संघ ने मंजूरी दे दी है। मंगल ग्रह के जैंथे टेरा इलाके में एक 3.5 अरब साल पुराना गड्ढा है, जिसे महान भारतीय भूविज्ञानी एम.एस. कृष्णन को सम्मान देने के लिए यह नाम दिया गया है। मंगल ग्रह की जिन जगहों को केरल से जुड़े ये नाम मिले हैं उनका प्रस्ताव केरल के शोधकर्ता आसिफ इकबाल कक्कासेरी और राजेश वीजे ने दिया था। कक्कासेरी पहले इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी)में काम करते थे। अब वे कासरगोड के सरकारी कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। उन्होंने आईआईएसटी के राजेश के साथ मिलकर एक सिसर्च की जिसमें उन्होंने चांद या मंगल पर एक क्रेटर में पुराने समय के ग्लेशियर और नदी बहने के निशान खोजे।



### नामकरण में केरल का योगदान

कुछ क्रेटरों के नाम केरल की जगहों पर रखे गए हैं जैसे वलियामाला जहां आईआईएसटी स्थित है, थुम्बा-जहां 1960 के दशक में इसरो शुरू हुआ था, वर्कला- यहां की चट्टानें मंगल की तरह खास हैं, बेकल- एक ऐतिहासिक किला और पेरियार जो कि केरल की सबसे लंबी नदी है। इन नामों को ऐसे छोटे शहरों के नाम पर रखा गया है जिनकी आबादी 1,00,000 से कम है। इन शहरों के नाम सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण होने के साथ बोलने में आसान हैं। इन नामों के साथ यह पहली बार है कि मंगल ग्रह पर केरल की जगहों के नाम रखे गए हैं। अब ये नाम गंगा और देवेंद्र लाल जैसे अन्य भारतीय नामों के साथ शामिल हो गए हैं।

### शुरुआत में हुई थी मुश्किलें

टीम को शुरुआत में मना कर दिया गया था, क्योंकि नामों को बोलना या नियमों का पालन करना मुश्किल था। लेकिन टीम ने हार नहीं मानी और लगातार कोशिक की और आखिरकार उन्हें आईएयू से मंजूरी मिल गई। उनका शोध मेटियोरिटिक्स एंड प्लैनेटरी साइंस नाम की पत्रिका में छपा है, जो दिखाता है कि मंगल ग्रह पर जैंथ टेरा नाम की जगह पर पानी के निशान हैं।

मोटापे का ईलाज
वेजर लाइपोसक्शन द्वारा
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com